
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200
# समाज जागरण
नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित
वर्ष: 4 अंक: 297 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 05 अगस्त 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

## दतिया उपचुनाव में हार के बाद भाजपा का बड़ा एक्शन, पूरी जिला कार्यकारिणी भंग

दतिया। उपचुनाव में हार के बाद भारतीय जनता पार्टी ने बड़ा संगठनात्मक कदम उठाते हुए दतिया जिले की पूरी संगठन इकाई को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल के आदेश पर यह कार्रवाई की गई।

उपचुनाव में पार्टी की हार के बाद भीतरघात के आरोपों के बीच हार के कारणों की समीक्षा के लिए दो सदस्यीय कमेटी गठित की गई थी। कमेटी की रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष को सौंपे जाने के बाद संगठन ने यह कार्रवाई की।

भाजपा के जारी पत्र के अनुसार जिलाध्यक्ष रघुबीर सिंह कुशवाह सहित जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ, प्रकल्प और विभागों के सभी पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त कर दिया गया है।




# एथेनॉल नीति में किसानों का हित सर्वोपरि : शिवराज सिंह चौहान

## किसान संगठनों ने एथेनॉल को बताया खेती के लिए नया अवसर, उचित मूल्य और किसान-केंद्रित नीति की मांग

समाज जागरण

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि एथेनॉल से जुड़ी नीतियों और कार्यक्रमों में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। मंगलवार को नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में अखिल भारतीय किसान समन्वय समिति के प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई बैठक में उन्होंने किसान नेताओं के सुझावों को गंभीरता से सुना और एथेनॉल कार्यक्रम से किसानों को अधिकतम लाभ दिलाने का भरोसा दिया।

देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे किसान नेताओं ने एथेनॉल को खेती के लिए एक नए बाजार और अवसर के रूप में प्रस्तुत करते हुए कहा कि वे एथेनॉल के विरोध में नहीं, बल्कि इसके पक्ष में हैं। हालांकि, उन्होंने जोर दिया कि एथेनॉल आधारित अर्थव्यवस्था का वास्तविक लाभ किसानों तक सीधे पहुंचना चाहिए। किसान नेताओं ने मक्का, गन्ना, चावल तथा अन्य फीडस्टॉक फसलों के उचित मूल्य सुनिश्चित करने की मांग रखी।

### कृषि भवन में राज्यों के किसान नेताओं ने रखी बात

बैठक में पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु सहित विभिन्न राज्यों के किसान प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान एथेनॉल, किसानों की आय, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), कृषि बाजार और राष्ट्रीय कृषि नीति सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।



किसान नेताओं का कहना था कि एथेनॉल उत्पादन बढ़ने से किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए मंडी के अलावा ऊर्जा क्षेत्र के रूप में एक अतिरिक्त बाजार मिल सकता है। इससे मक्का, गन्ना, चावल और अन्य संबंधित फसलों की मांग बढ़ने के साथ किसानों की आय के नए अवसर पैदा हो सकते हैं।

### उचित मूल्य सुनिश्चित करने पर जोर

किसान प्रतिनिधियों ने कहा कि एथेनॉल नीति खेती के लिए नया रास्ता खोल सकती है, लेकिन इसका लाभ तभी किसानों तक पहुंचेगा, जब संबंधित फसलों का उचित मूल्य सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि एथेनॉल के नाम पर कंपनियों और बिचौलियों को लाभ मिलने के बजाय किसान इस पूरी मूल्य श्रृंखला का प्रमुख लाभार्थी होना चाहिए।

किसानों ने यह भी कहा कि एथेनॉल उत्पादन के कारण फसल खराब होने और भंडारण से जुड़ी समस्याओं को कम करने में मदद मिल सकती है। कृषि उपज के लिए अतिरिक्त खरीदार उपलब्ध होने से किसानों को बाजार में बेहतर विकल्प मिलने की उम्मीद है।

### एथेनॉल को लेकर भ्रम दूर करने की मांग

किसान संगठनों ने एथेनॉल को लेकर सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म पर फैल रही कथित गलतफहमियों को दूर करने के लिए तथ्य आधारित जागरूकता अभियान चलाने की मांग की। प्रतिनिधियों ने कहा कि किसानों को वैज्ञानिक और प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि वे एथेनॉल उत्पादन के लिए उपयोग होने वाली फसलों, उनके संभावित लाभ और कृषि क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव को सही तरीके से समझ सकें।

युवाओं तक जानकारी पहुंचाने के लिए किसान नेताओं ने रील, छोटे वीडियो, जनसभाओं और जमीनी स्तर के जागरूकता कार्यक्रमों को बढ़ावा देने का सुझाव भी दिया।

### AIKCC प्रतिनिधिमंडल में ये रहे शामिल

बैठक में AIKCC के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारतीय किसान यूनियन (मान) के पूर्व सांसद भूपिंदर सिंह मान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय किसान प्रोड्यूसर एसोसिएशन के अध्यक्ष बिनोद आनंद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुरुसाहब सिंह मान, राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रशिक्षक शेतकारी संगठन (शरद जोशी) महाराष्ट्र गुणवत पाटिल, अजय अनमोल, ललित बहाले पाटिल, बलराज सिंह संधू, सुरजीत सिंह मणि गुर्जर, जुगनू राणा, मनफूल सिंह, वी. मणिक्कम, सुगुणाकर राव, बलवंत सिंह नडियाली, दिनेश शर्मा, बलवीर सिंह और शिवाराज सिंह सहित अन्य किसान प्रतिनिधि मौजूद रहे। (इनपुट : पीआईबी)

**एक नजर में**
**किसान नेताओं की प्रमुख मांगें**

- ▶ एथेनॉल नीति किसान-केंद्रित हो
- ▶ फीडस्टॉक फसलों का उचित मूल्य मिले
- ▶ किसानों को सीधे आर्थिक लाभ पहुंचे
- ▶ एथेनॉल को लेकर फैली गलतफहमियां दूर हों
- ▶ वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर जागरूकता अभियान चले
- ▶ मक्का किसानों के हितों पर विशेष ध्यान दिया जाए

### मक्का, गन्ना और चावल किसानों के हितों पर ध्यान

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मक्का, चावल, गन्ना और अन्य फीडस्टॉक के दाम तथा मांग के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए नीतियों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से मक्का किसानों के हितों पर ध्यान देने की बात कही।

उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि एथेनॉल कार्यक्रम का लाभ खेत से लेकर फ्यूल टैंक तक पूरी मूल्य श्रृंखला में पहुंचे। एथेनॉल से देश की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होने के साथ किसानों की आय बढ़ाने के अवसर भी पैदा हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि नीतिगत फैसले किसान हित को ध्यान में रखकर किए जाएंगे।

### 'किसान मेरे लिए भगवान के समान'

बैठक के दौरान शिवराज सिंह चौहान ने किसान संगठनों को नीति निर्माण में महत्वपूर्ण साझेदार बताते हुए कहा कि किसानों की बात सुनी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसान उनके लिए भगवान के समान हैं और किसानों के लिए कृषि भवन के दरवाजे हमेशा खुले हैं।

मंत्री ने एथेनॉल से संबंधित वैज्ञानिक अध्ययनों और तकनीकी रिपोर्टों के आधार पर तथ्यों को सामने रखने तथा किसानों के साथ तथ्य आधारित संवाद आगे बढ़ाने पर भी जोर दिया।

### गांव-गांव पहुंचाएंगे एथेनॉल की जानकारी

बैठक के बाद AIKCC प्रतिनिधियों ने कहा कि वे गांव-गांव जाकर किसानों को एथेनॉल से जुड़े तथ्यों, संभावित लाभों और इससे बनने वाले नए बाजार की जानकारी देंगे। किसान संगठनों ने सरकार के साथ मिलकर किसान हित में नीति निर्माण की प्रक्रिया को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई।

किसान नेताओं ने कहा कि यदि एथेनॉल नीति में किसान को केंद्र में रखा जाता है तो इससे कृषि क्षेत्र, किसानों की आय और देश की ऊर्जा सुरक्षा–तीनों को मजबूती मिल सकती है।

# डेंगू के खिलाफ श्रीलंका के साथ भारत, 500 लीटर टेक्निकल मैलाथियान की मदद

समाज जागरण

डेंगू के प्रसार को नियंत्रित करने के श्रीलंका के प्रयासों में भारत ने एक बार फिर मदद का हाथ बढ़ाया है। भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने मंगलवार को श्रीलंका के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. नलिंदा जयतिस्सा को 500 लीटर टेक्निकल मैलाथियान (कीटनाशक रसायन) सौंपा। भारत ने यह सहायता ऐसे समय दी है, जब श्रीलंका के कई अस्पतालों में डेंगू वार्ड अब भी मरीजों से भरे हुए हैं।

### डेंगू नियंत्रण अभियान को मिलेगा बल

संतोष झा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस सहायता की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि भारत डेंगू के खिलाफ लड़ाई में श्रीलंका के साथ खड़ा है। भारत सरकार और जनता की ओर से उपहार के रूप में 500 लीटर टेक्निकल मैलाथियान स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा गया है। इससे श्रीलंका में चल रहे डेंगू नियंत्रण अभियानों को मजबूती मिलेगी।

### रोजाना मामलों में आई कमी

श्रीलंका में डेंगू के दैनिक मामलों में हाल के दिनों में कमी दर्ज की गई है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, संक्रमण के दैनिक मामले एक समय करीब 1,000 तक पहुंच गए थे, जो अब घटकर लगभग 500 रह गए हैं। हालांकि, मामलों में कमी के बावजूद अस्पतालों पर दबाव बना हुआ है।



### कई अस्पतालों में क्षमता से अधिक मरीज

दैनिक 'डेली मिरर' की रिपोर्ट के अनुसार, कई सरकारी अस्पतालों के डेंगू वार्ड अब भी अपनी क्षमता से अधिक मरीजों का इलाज कर रहे हैं। गवर्नमेंट मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन (जीएमओए) के सचिव प्रभात सुगतदासा ने कहा कि डेंगू के पीक सीजन के दौरान अस्पतालों में रही भीड़ में कुछ कमी आई है, लेकिन बड़ी संख्या में लोग अब भी इलाज के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं, जो चिंता का विषय है।

# देशभर में ईवी चार्जिंग नेटवर्क को मिलेगी रफ्तार, 2,000 करोड़ रुपये आवंटित

*पीएम ई-ड्राइव के तहत सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना पर जोर, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए सरकार की बड़ी पहल*

समाज जागरण

नई दिल्ली। देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते इस्तेमाल के बीच सरकार ने चार्जिंग बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के तहत देशभर में इलेक्ट्रिक वाहन सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन (ईवीपीसीएस) स्थापित करने के लिए 2,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। यह योजना अखिल भारतीय स्तर पर लागू है और इसके लिए राज्यों के लिए अलग-अलग धनराशि निर्धारित नहीं की गई है। भारी उद्योग मंत्रालय के अनुसार, सरकार इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने, चार्जिंग नेटवर्क मजबूत करने तथा इलेक्ट्रिक सार्वजनिक परिवहन और वाणिज्यिक वाहनों को अपनाने के लिए कई योजनाएं चला रही है। इनमें पीएम ई-ड्राइव के अलावा फेम इंडिया योजना चरण-क्क्ष, पीएलआई-ऑटो, एसीसी बैटरी भंडारण के लिए पीएलआई तथा पीएम ई-बस सेवा-पीएसएम योजना शामिल हैं।

### असम में 42 हजार से अधिक ईवी की बिक्री

सरकार के आंकड़ों के अनुसार, 22 जुलाई 2026 तक असम में 42,035 इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री हो चुकी है। इनमें कछार जिले में 8,003 इलेक्ट्रिक वाहन शामिल हैं। असम में 40,009 इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन दिया गया है तथा निमार्ताओं को कुल 99.10 करोड़ रुपये का पुनर्भुगतान किया गया है।

हालांकि, असम ने अभी तक पीएम ई-ड्राइव के तहत ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए कोई प्रस्ताव केंद्र सरकार को नहीं भेजा है। कछार जिले के लिए भी भारी उद्योग मंत्रालय की ओर से इस संबंध में कोई अलग मूल्यांकन नहीं किया गया है।




### 28.30 लाख ईवी को प्रोत्साहन का प्रावधान

10,900 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली पीएम ई-ड्राइव योजना 1 अप्रैल 2024 से लागू है। इसके तहत ई-2डब्ल्यू, ई-3डब्ल्यू, ई-ट्रक, ई-बस और ई-एम्बुलेंस सहित करीब 28.30 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देने का प्रावधान है। योजना में ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों तथा परीक्षण एजेंसियों के उन्नयन के लिए भी सहायता उपलब्ध है। सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों, उनके चार्जर और चार्जिंग स्टेशनों पर जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत किया है। साथ ही बैटरी चालित वाहनों के लिए हरी लाइसेंस प्लेट की व्यवस्था की गई है और उन्हें परमिट की आवश्यकता से छूट दी गई है।

विस्तृत खबर पेज-3 पर

## सीएम योगी को जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण

बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली में डायल-112 पर फोन कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए धमकी दी थी।




भोजीपुर थाना क्षेत्र निवासी अनिल कुमार ने 31 जुलाई की रात करीब 11:08 बजे डायल-112 पर कई बार कॉल की। पुलिस के मुताबिक, कॉल के दौरान उसने मुख्यमंत्री को गाली देने के साथ 24 घंटे में हत्या करने की धमकी दी।

सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच की। आरोप सही पाए जाने पर भोजीपुर थाने में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की जांच उपनिरीक्षक सुशील कुमार को सौंपी गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

## स्कूल जाने के लिए जान जोखिम में डाल रहे बच्चे, उफनती नदी के स्टॉप डैम से छलांग लगाकर पार कर रहे रास्ता

विदिशा। विदिशा जिला मुख्यालय के पास बंधेरा, ककरुआ, इमलिया और बेहलोट गांव के दर्जनों बच्चे हाईस्कूल की पढ़ाई के लिए पलोह गांव जाते हैं। स्कूल पहुंचने के रास्ते में नदी पड़ती है, जिस पर बने स्टॉप डैम से बच्चे कूद-कूदकर उफनती नदी पार करने को मजबूर हैं। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार करीब 10 से 15 बच्चे रोजाना जान जोखिम में डालकर स्टॉप डैम के रास्ते स्कूल जाते हैं। इस रास्ते से स्कूल की दूरी करीब 1 से 1.5 किलोमीटर है, जबकि सड़क मार्ग से दूरी बढ़कर 8 से 10 किलोमीटर हो जाती है।

मामला सामने आने के बाद विदिशा एसडीएम क्षितिज शर्मा, तहसीलदार समेत अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने भी बच्चों के लिए रास्ते को खतरनाक माना। इसके बाद चौकीदार के माध्यम से स्टॉप डैम के रास्ते पर कंटीले तार लगाकर आवाजाही बंद करा दी गई। रास्ता बंद होने के कारण बच्चे स्कूल नहीं जा सके।



## राम मंदिर चढ़ावा विवाद के बाद पहली बार सामने आए चंपत राय

अयोध्या। अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी को लेकर चल रहे विवाद के बीच चंपत राय मंगलवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए। वह अयोध्या की तपस्वी छावनी पहुंचे, जहां उन्होंने मुख्य पुजारी परमहंस आचार्य से मुलाकात की। दोनों के बीच बंद कमरे में बातचीत हुई। हालांकि, बैठक में किन मुद्दों पर चर्चा हुई, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में परमहंस आचार्य ने राम मंदिर निर्माण में चंपत राय के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि भव्य राम मंदिर के निर्माण में चंपत राय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और समाज में उनका सम्मान है।

परमहंस आचार्य के मुताबिक, अयोध्या के साधु-संतों ने चंपत राय से अयोध्या में स्थायी रूप से रहने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि चंपत राय अपनी अंतिम सांस तक अयोध्या में रहेंगे। साथ ही उन्होंने लोगों से चंपत राय का सम्मान बनाए रखने की अपील की।

# विजय के बहाने तृषा पर वार, उदयनिधि की सियासत पर उठे सवाल




तमिलनाडु की राजनीति इन दिनों एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहां मुद्दों की बहस पीछे छूट गई है और व्यक्तिगत चरित्र हनन सामने आ गया है। तंजावुर में 3 अगस्त 2026 को कावेरी जल विवाद को लेकर डीएमके के विरोध प्रदर्शन के दौरान विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन ने जो टिप्पणी की, उसने पूरे राज्य को हिला दिया। भीड़ में जब "तृषा... तृषा...' के नारे लगे तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, "पानी यहां पहुंचे या न पहुंचे, लेकिन वहां पहुंचना चाहिए... मैं कावेरी की बात कर रहा हूं।" यह डबल मीनिंग वाली बात तुरंत वायरल हो गई और सोशल मीडिया पर सैकड़ों पोस्ट्स में इसे घिनौना, अशोभनीय और महिला अपमान बताया गया।कावेरी का मुद्दा कोई नया नहीं है। जून में 9.9 टीएमसी और जुलाई में 32 टीएमसी पानी मिलना था, कुल 42 टीएमसी का अधिकार था, लेकिन अगस्त की शुरूआत तक एक बूंद भी नहीं पहुंची। डेल्टा के किसान सूखे खेतों में खड़े हैं, कुरुवै फसल बर्बाद हो रही है, मेकेदातु बांध का खतरा सिर पर है। उदयनिधि ने सही मुद्दे पर बोलने की कोशिश की, लेकिन जब तृषा कृष्णन का नाम भीड़ से उठा तो उन्होंने मौके का इस्तेमाल कर मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय को निशाना बनाने की कोशिश की। तृषा पिछले दो दशकों से तमिल सिनेमा की सम्मानित चेहरा हैं। 2004 की घिल्ली से लेकर 2023 की लियो तक विजय के साथ उनकी जोड़ी रही है। 2025-26 में विजय की पत्नी संगीता सोर्नालिंगम द्वारा चेंगलपट्टू कोर्ट में तलाक याचिका दाखिल होने के बाद तृषा और विजय की करीबी को लेकर अटकलें तेज हुईं। तृषा ने खुद विजय के 52वें जन्मदिन पर पोस्ट कर अफवाहों को खारिज किया था, लेकिन राजनीतिक गलियारों में यह नाम बार-बार उछाला जाता रहा।

यह पहली बार नहीं है जब उदयनिधि ने व्यक्तिगत हमला बोला हो। जून 2026 में विधानसभा में उन्होंने विजय पर तंज कसते हुए कहा था कि चेंगलपट्टू कोर्ट में पत्नी पति को ढूंढ रही है। पूरी तमिलनाडु इस कहानी को जानती है। उससे पहले भी उन्होंने सासकाला सहित कई महिलाओं पर टिप्पणियां की थीं। डीएमके खुद को द्रविड़ियन मॉडल और महिला सम्मान का झंडाबरदार बताती रही है, लेकिन तंजावुर वाली घटना ने इस दावे की पोल खोल दी। टीवीके महिला विंग ने तंजावुर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। थाना ने बीएनएस की छह धाराओं, तमिलनाडु महिला उत्पीड़न निषेध अधिनियम की धारा 4 और आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत एफआईआर दर्ज की। 4 अगस्त की सुबह चेन्नई के नीलंगराई स्थित घर से पुलिस ने उदयनिधि को हिरासत में लिया। उन्हें तंजावुर ले जाया जाना था। टीवीके ने राष्ट्रीय महिला आयोग में भी याचिका दाखिल की जिसमें कहा गया कि यह टिप्पणी अश्लील, वस्तुकरण करने वाली और यौन सुझाव देने वाली थी।बीजेपी प्रवक्ता नारायणन तिरुपथी ने इसे घिनौना, अश्लील और शर्मनाक करार दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी भाषा कोई भी मां-बहन-बेटी वाला व्यक्ति नहीं बोल सकता। टीवीके विधायक रेवंथ चरन ने लिखा कि यह पूरी तरह अस्वीकार्य है और डीएमके नेतृत्व राजनीतिक स्तर गिरा रहा है। फिल्म इंडस्ट्री से भी आवाजें उठीं। चिन्मयी श्रीपादा और खुशबू सुंदर जैसे नामों ने विरोध जताया। सोशल मीडिया पर हजारों यूजर्स ने पूछा कि क्या अब राजनीति सिर्फ किसी बेकसूर महिला के नाम को घसीटकर चलेगी। तृषा ने अब तक कोई बयान नहीं दिया है, लेकिन उनका चुप रहना भी बहुत कुछ कहता है। एक महिला जो दशकों की मेहनत से अपनी जगह बना चुकी है, उसे सिर्फ राजनीतिक स्कोरिंग के लिए 'चीरहरण' की आग में झोंकना किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकता।

उदयनिधि के पास मौका था। भीड़ में नाम उठते ही वे मंच से साफ कह सकते थे कि किसी महिला का नाम लेकर तंज कसना गलत है। ऐसा कहने से वे सिर्फ नेता नहीं, बल्कि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के रूप में उभरते। लेकिन उन्होंने मुस्कुराकर टिप्पणी कर दी। इससे साफ है कि जब मुद्दों पर जवाब नहीं बचता तो निजी जिंदगी का सहारा लिया जाता है। विजय की टीवीके सरकार पर रोजगार, शिक्षा, कर्ज माफी, 200 यूनिट मुफ्त बिजली जैसे वादों के अधूरेपन के सवाल उठाने चाहिए थे। मई 2026 में ही उदयनिधि ने किसानों को ठगे जाने का आरोप लगाया था कि 5 एकड़ तक के किसानों का पूरा कर्ज माफ करने का वादा सिर्फ 50 हजार तक सीमित कर दिया गया। कावेरी पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर हुई। लेकिन तंजावुर में ये सब पीछे रह गए।तमिलनाडु की जनता समझदार है। वह जानती है कि हार-जीत चलती रहती है, लेकिन नैतिकता गिराने वाला नेता लंबे समय तक टिक नहीं पाता। अगर राजनीति का स्तर यही रहा तो अगले चुनावों में सत्ता का सपना अधूरा रह सकता है। विजय से लड़ना है तो नीतियों के मैदान में आओ। किसी महिला के सम्मान की बलि चढ़ाकर राजनीति चमकाने की सोच बंद करो। तृषा जैसी महिलाएं उद्योग की पहचान हैं, राजनीतिक हथियार नहीं। उदयनिधि की यह टिप्पणी सिर्फ उनके व्यक्तिगत चरित्र की नहीं, बल्कि उस राजनीतिक संस्कृति की पोल खोलती है जो द्रविड़ मॉडल का नाम लेकर महिलाओं का सम्मान करने का दावा करती है। कावेरी का पानी किसानों तक पहुंचे या न पहुंचे, लेकिन राजनीति का स्तर जरूर गिर गया है। यह घटना याद दिलाती है कि लोकतंत्र की असली परीक्षा सिद्धांतों पर होती है, व्यक्तिगत हमलों पर नहीं।



संजय सक्सेना


# जॉब नहीं तो सिंहासन हिलेगा, राहुल का प्रयागराज से बड़ा दांव



अजय कुमार

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट किया जिसमें उन्होंने साफ लिखा, 'जॉब नहीं मिलेगा, तो सिंहासन हिलेगा।' यह पोस्ट ठीक उसी समय आया जब देश भर में बेरोजगारी और पेपर लीक के मुद्दे पर युवाओं का गुस्सा अभी भी थमा नहीं है। कोटा और देहरादून के बाद अब यह अभियान 'छात्रों की गूंज' 8 अगस्त को प्रयागराज के केपी कॉलेज मैदान में उतरने जा रहा है। कांग्रेस का दावा है कि मिस्ड कॉल और क्यूआर कोड के जरिए डेढ़ लाख से ज्यादा छात्रों ने इस कार्यक्रम के लिए पंजीकरण कराया है। यह आंकड़ा सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बड़ा संकेत है।प्रयागराज कभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का मक्का माना जाता था। यहां हर साल देश-प्रदेश से लाखों युवा आते हैं। फॉर्म भरते हैं, फीस जमा करते हैं, सालों साल कोचिंग करते हैं और फिर इंतजार करते रहते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में पेपर लीक, रुकी हुई भर्तियां और परीक्षा पैटर्न में बदलाव ने इन युवाओं का भरोसा तोड़ दिया। नीट यूजी 2026 परीक्षा में हुए कथित पेपर लीक के बाद पूरे देश में गुस्सा फूट पड़ा। मई में करीब 22 लाख छात्रों ने परीक्षा दी थी। लीक की खबर आने के बाद परीक्षा रद्द करनी पड़ी। फिर जून में दोबारा परीक्षा हुई जिसमें करीब 20 लाख छात्र शामिल हुए। दो लाख के आसपास छात्र दोबारा नहीं बैठे। यह आंकड़ा बताता है कि कितने युवाओं का एक साल बर्बाद हो गया।दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के बैनर तले हुए प्रदर्शन ने इस गुस्से को नया रूप दिया। जुलाई में जब हजारों छात्र संसद की ओर बढ़े तो पुलिस ने लाठियां चलाईं और पैलेट गन का इस्तेमाल भी हुआ। कई युवा घायल हुए। कुछ दिनों बाद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दे दिया। प्रधानमंत्री ने फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की बात कही। लेकिन युवाओं का सवाल अभी भी वही है कि सिस्टम क्यों बार-बार नाकाम साबित होता है।

राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में ठीक यही बात दोहराई। उन्होंने लिखा कि पेपर लीक ने युवाओं का आज छीन लिया, रुकी हुई भर्तियों ने उनका कल छीन लिया और दिल्ली में सिर्फ इसलिए लाठियां चलीं क्योंकि उन्होंने अपने हक की बात कही। अब बहाने नहीं चलेंगे। जवाबदेही लीजिए या कुर्सी छोड़िए।कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय खुद प्रयागराज में कैंप कर रहे हैं। पार्टी के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम भी तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे। केपी ग्राउंड पर मंच तैयार हो रहा है। आसपास के जिलों से छात्रों को लाने के लिए व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कौशांबी,



प्रतापगढ़, अमेठी, रायबरेली, भदोही, मिर्जापुर, वाराणसी समेत पूर्वांचल के कई जिलों से युवा आने वाले हैं। भदोही से अकेले हजारों छात्रों के पहुंचने का दावा किया जा रहा है। कांग्रेस का कहना है कि यह सिर्फ कार्यक्रम नहीं, बल्कि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले युवाओं को एक मंच देने की कोशिश है।उत्तर प्रदेश में युवा और बेरोजगारी का मुद्दा हमेशा से संवेदनशील रहा है। योगी आदित्यनाथ सरकार और केंद्र की डबल इंजन सरकार रोजगार देने के दावे करती रही है। लेकिन पेपर लीक के मामले और भर्तियों में देरी ने इन दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रयागराज में तैयारी करने वाले छात्रों में ब्राह्मण, भूमिहार, मौर्य, कुर्मी और दलित समुदाय के युवा बड़ी संख्या में हैं। इनमें से कई पारंपरिक रूप से भाजपा के साथ रहे हैं। लेकिन अगर ये युवा बेरोजगारी और परीक्षा व्यवस्था की अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस या इंडिया गठबंधन की ओर झुकते हैं तो 2027 के समीकरण बदल सकते हैं।इतिहास गवाह है कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय और छात्र राजनीति ने देश को कई नेता दिए। चंद्रशेखर आजाद की शहादत की भूमि से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर, वीपी सिंह और हेमवती नंदन बहुगुणा तक की राजनीतिक यात्रा यहीं से शुरू हुई। छात्र आंदोलन हमेशा सत्ता के खिलाफ जनमत बनाने में निर्णायक भूमिका निभाता आया है।

राहुल गांधी का यह दौरा उसी परंपरा को आगे बढ़ाने की कोशिश लगता है।कोटा में 17 जून को अभियान शुरू हुआ था। देहरादून में 17 जुलाई को दूसरा चरण हुआ। अब प्रयागराज तीसरा और शायद सबसे महत्वपूर्ण चरण है। पहले दिल्ली में 9 अगस्त को बड़ा कार्यक्रम प्रस्तावित था, लेकिन अनुमति न मिलने के बाद इसे प्रयागराज शिफ्ट कर दिया गया।कांग्रेस की रणनीति साफ है। 2027 के चुनाव को जातिगत समीकरणों के बजाय युवा और बेरोजगारी के नैरेटिव पर केंद्रित करना। सपा के पीडीए फॉमूर्ले के साथ अगर कांग्रेस छात्र शक्ति को जोड़ लेती है तो गठबंधन का आधार और मजबूत हो सकता है। झारखंड में जेपीएससी को लेकर भी छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली के जंतर-मंतर का असर कई राज्यों में दिख रहा है। ऐसे में प्रयागराज का कार्यक्रम सिर्फ स्थानीय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संदेश बन सकता है।डेढ़ लाख पंजीकरण का दावा अगर मैदान में भीड़ में तब्दील होता है तो यह कांग्रेस के लिए बड़ी कामयाबी होगी। लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं। प्रशासनिक अनुमति, सुरक्षा व्यवस्था और मौसम सब कुछ देखना होगा। पार्टी के अंदर भी तैयारियों को लेकर कुछ घर्षण की खबरें आई हैं। फिर भी अजय राय और स्थानीय नेता दावा कर रहे हैं कि केपी ग्राउंड से लेकर शहर की गलियां युवाओं से भर जाएंगी।राहुल गांधी के पोस्ट का स्वर आक्रामक है। सिंहासन हिलने की बात सिर्फ नारा नहीं, बल्कि युवाओं के गुस्से को राजनीतिक ताकत में बदलने की कोशिश है। पेपर लीक के बाद शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल, भर्तियों में देरी और दिल्ली की घटना ने एक नई पीढ़ी को सड़क पर उतार दिया। अब देखना यह है कि 8 अगस्त को प्रयागराज में यह गूंज कितनी दूर तक जाती है।अगर युवा सच में बड़ी संख्या में पहुंचते हैं तो 2027 के यूपी चुनाव से पहले कांग्रेस के मिशन का आगाज यहीं से हो सकता है। प्रयागराज की धरती ने हमेशा राजनीति को नई दिशा दी है। इस बार भी वही इतिहास दोहराया जा सकता है।

# मसालों की शुद्धता पर उठते सवाल

भारतीय संस्कृति और रसोई को मसालों के बिना बिल्कुल अधूरा माना जाता है। हमारे देश के मसालों की ख्याति केवल वर्तमान समय की बात नहीं है, बल्कि सदियों से पूरी दुनिया भारतीय मसालों की मनमोहक खुशबू और उनके दुर्लभ औषधीय गुणों की दीवानी रही है। हल्दी, धनिया, जीरा, लाल मिर्च और गरम मसाला जैसे तत्व हमारे दैनिक जीवन का ऐसा अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं कि हम इनके बिना किसी भी स्वादिष्ट भोजन की कल्पना तक नहीं कर सकते। लेकिन क्या हो जब इन्ही मसालों की महक में बीमारियों का जानलेवा जहर घुलने लगे। यह बेहद गंभीर सवाल आज हर उस आम नागरिक के मन में उठ रहा है जो बाजार से बंद पैकेट वाले मसालों पर आंख मूंदकर भरोसा करता है। हाल ही में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा किए गए एक राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण ने जो आंकड़े देश के सामने रखे हैं, वे न केवल चौंकाने वाले हैं बल्कि हमारी मौजूदा खाद्य सुरक्षा प्रणाली पर कई गंभीर सवाल भी खड़े करते हैं। मई से जुलाई 2024 के बीच चलाए गए इस विस्तृत अभियान में मसालों के कुल चार हजार चौवन नमूने जांचे गए। इनमें से चार सौ चौहत्तर नमूने गुणवत्ता और सुरक्षा के कड़े मानकों पर पूरी तरह विफल साबित हुए। इसका सीधा अर्थ यह है कि बाजार में बिकने वाला लगभग हर आठवां मसाला हमारी सेहत के लिए पूरी तरह से असुरक्षित है। यह आंकड़ा कोई छोटी मोटी लापरवाही नहीं बल्कि एक बहुत बड़ी व्यवस्थागत खामी की ओर स्पष्ट इशारा करता है।

खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण ने अपनी इस महत्वपूर्ण जांच में कई सख्त मापदंडों को शामिल किया था। इसमें मसालों में नमी की मात्रा, कीटों के बचे हुए अवशेष, एफ्लाटॉक्सिन, कीटनाशकों के अंश, खतरनाक रसायनिक दूषित पदार्थों की मौजूदगी और माइक्रोबियल या जीवाणु संबंधी संदूषण जैसे गंभीर पैमानों पर मसालों को गहराई से परखा गया। जब प्रयोगशालाओं से परिणाम सामने आए तो पता चला कि इन मसालों में रसायनों का धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है। विशेष रूप से कार्बेंडाजिम नामक फफूंदी नाशक और प्रोपरगाइट जैसे खतरनाक कीटनाशकों के अवशेष कई नमूनों में भारी मात्रा में पाए गए। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के अनुसार यदि इन विषैले रसायनों का लंबे समय तक नियमित रूप से सेवन किया जाए, तो यह इंसान के गुर्दे, लीवर और यहां तक कि उसकी प्रजनन क्षमता पर भी बेहद घातक असर डाल सकते हैं। इसके अलावा कई मसालों के नमूनों में जानलेवा बैक्टीरिया भी मिले हैं। इस तरह के माइक्रोबियल संदूषण से पेट की गंभीर बीमारियां उत्पन्न होती हैं और दीर्घकालिक रूप से इसके प्रभाव को कैंसर जैसी भयंकर बीमारियों के खतरे से भी जोड़ा गया है। बात सिर्फ अदृश्य रसायनों तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि मसालों के कई पैकेटों में कीड़े और कीटों के भौतिक अवशेष भी मौजूद पाए गए। यह भयावह स्थिति सीधे तौर पर प्रसंस्करण और पैकेजिंग के दौरान बरती जा रही घोर लापरवाही और साफ सफाई के पूर्ण अभाव को दशार्ती है।




यह विकट समस्या किसी एक राज्य या किसी एक छोटे इलाके तक बिल्कुल सीमित नहीं है। उत्तर प्रदेश के कानपुर, लखनऊ, आगरा से लेकर छत्तीसगढ़ और देश के अन्य कई हिस्सों में राज्य स्तरीय खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभागों ने भी अपने स्तर पर सघन जांच अभियान चलाए। इन क्षेत्रीय छापों और अभियानों के नतीजे भी राष्ट्रीय रिपोर्ट जितने ही निराशाजनक रहे। सबसे हैरानी की बात तो यह रही कि जिन बड़े और प्रतिष्ठित ब्रांड्स पर देश का उपभोक्ता सबसे ज्यादा भरोसा करता है, उनके महंगे उत्पादों में भी फंगीसाइड, हानिकारक बैक्टीरिया और अन्य जहरीले तत्व मौजूद मिले। इस खुलासे ने समाज में फैले उस बड़े भ्रम को तोड़ दिया है कि आकर्षक पैकेजिंग और ऊंचे दामों में बिकने वाला हर उत्पाद शत प्रतिशत शुद्ध ही होगा। मसालों की गुणवत्ता और शुद्धता का यह मुद्दा अब केवल भारत की सीमाओं के भीतर ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी गहरी चिंता का विषय बना हुआ है। हांगकांग और सिंगापुर जैसे देशों ने कुछ समय पहले भारत के सबसे बड़े मसाला ब्रांड्स में से कुछ के उत्पादों पर सख्त रोक लगा दी थी। वहां के नियामक अधिकारियों का दावा था कि इन भारतीय मसालों में एथिलीन ऑक्साइड नामक रसायन की मात्रा अधिक पाई गई है। एथिलीन ऑक्साइड का इस्तेमाल मुख्य रूप से मसालों को कीटाणु मुक्त करने के लिए किया जाता है, लेकिन इसके अधिक सेवन से मानव शरीर में कैंसर होने का भारी जोखिम रहता है। हालांकि विदेशी कार्रवाई के बाद जब भारतीय खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण ने अपने स्तर पर अट्ठाईस सैंपलों की विशेष जांच की, तो उन्हें एथिलीन ऑक्साइड नहीं मिला और प्राधिकरण ने भारतीय बाजार के मसालों को सुरक्षित घोषित कर दिया, लेकिन वैश्विक स्तर पर उठी इस बहस ने भारतीय उपभोक्ताओं के मन में एक बहुत गहरा संदेह जरूर पैदा कर दिया है।

जब इन तमाम कूटनीतिक और घरेलू जांचों के बाद मसालों की असलियत पूरी तरह से सामने आई, तो नियामक संस्थाओं को मजबूरन अपनी नींद से जागकर सख्त कदम उठाने पड़े। खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण ने कड़ी कार्रवाई करते हुए देश भर में एक सौ ग्यारह मसाला कंपनियों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए हैं। इन लापरवाह कंपनियों के उत्पादन और बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। राज्य स्तर पर भी विभागों ने कड़ा रुख अपनाया है। कई कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सीधे कानूनी मुकदमे दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वर्तमान कानून में इस तरह की मिलावट और लापरवाही के लिए छह महीने तक की जेल और भारी जुमार्ने का स्पष्ट प्रावधान है। दूसरी ओर जब यह पूरा विवाद मीडिया में चरम पर पहुंचा, तो मसाला बनाने वाली बड़ी कंपनियों ने अपने बचाव में स्पष्टीकरण जारी करने शुरू कर दिए। बड़े ब्रांड्स लगातार बड़े विज्ञापनों और बयानों के माध्यम से उपभोक्ताओं को यह आश्वस्त करने का प्रयास कर रहे हैं कि उनके उत्पाद पूरी तरह से सुरक्षित हैं। लेकिन आम उपभोक्ता अब केवल मीठे बयानों पर भरोसा करने को तैयार नहीं है। एक तरफ सरकारी प्रयोगशालाओं की प्रामाणिक रिपोर्ट है जो जहर की पुष्टि कर रही है और दूसरी तरफ मुनाफा कमाने वाली कंपनियों के खोखले दावे हैं। इस विरोधाभास ने आम नागरिक को भारी असमंजस में डाल दिया है कि वह अपने परिवार को क्या खिलाए।

इस पूरे परिदृश्य का गहराई से विश्लेषण करने पर यह बिल्कुल स्पष्ट हो जाता है कि यह समस्या केवल कुछ चुनिंदा ब्रांड्स की नहीं है, बल्कि मसालों की पूरी आपूर्ति श्रृंखला ही भीतर तक दूषित हो चुकी है। खेतों में फसल उगाने से लेकर कारखाने में उसे पीसने और फिर चमचमाते पैकेट में बंद करके दुकान तक पहुंचाने की लंबी प्रक्रिया में कई स्तरों पर गुणवत्ता नियंत्रण की घोर अनदेखी हो रही है। किसान अपनी पैदावार बढ़ाने और फसल को खराब होने से बचाने के लालच में अंधाधुंध रासायनिक कीटनाशकों का प्रयोग कर रहे हैं। भंडारण की उचित और वैज्ञानिक व्यवस्था न होने के कारण गोदामों में रखे मसालों में नमी के कारण फफूंद लग जाती है और खतरनाक कीड़े पनपने लगते हैं। इसके बाद जब ये ही सड़े गले मसाले कारखानों में पहुंचते हैं, तो वहां पिसाई और प्रसंस्करण के दौरान साफ सफाई का कोई ध्यान नहीं रखा जाता। अधिक से अधिक मुनाफा कमाने की अंधी होड़ में अक्सर घटिया दर्जे का कच्चा माल ही इस्तेमाल किया जाता है। यह सब एक दिन में नहीं हुआ है, बल्कि लंबे समय से चली आ रही प्रशासनिक ढिलाई और व्यवस्थागत भ्रष्टाचार का नतीजा है। यह स्थिति न केवल आम जनता के स्वास्थ्य के लिए एक बहुत बड़ा खतरा है, बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय उत्पादों की साख को भी भारी नुकसान पहुंचा रही है।

ऐसी अत्यंत गंभीर और चिंताजनक परिस्थितियों में सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि एक आम उपभोक्ता आखिर क्या करे। आज का आधुनिक बाजार पूरी तरह से पिसे हुए और बंद पैकेट वाले मसालों पर निर्भर हो चुका है। ऐसे में हम सभी उपभोक्ताओं को अपने स्तर पर अत्यधिक सतर्कता और जागरूकता बरतने की तत्काल आवश्यकता है। मसालों की खरीदारी करते समय केवल ब्रांड का बड़ा नाम और विज्ञापन देखकर मुग्ध होने के बजाय, पैकेट के पीछे दी गई जरूरी जानकारियों को ध्यान से पढ़ना हमारी आदत होनी चाहिए। निर्माण की तारीख, बैच नंबर और सबसे महत्वपूर्ण ऋरअकका प्रामाणिक लाइसेंस नंबर जरूर जाँचना चाहिए। इसके अलावा, उपभोक्ताओं को खाद्य सुरक्षा विभागों द्वारा समय-समय पर अखबारों में जारी की जाने वाली रिपोर्ट्स और चेतावनियों पर भी पैनी नजर रखनी चाहिए। यदि संभव हो सके, तो पिसे हुए मसालों की जगह सीधे बाजार से खड़े मसालों को खरीदने की पुरानी भारतीय परंपरा की ओर लौटना एक बहुत ही बेहतर और सुरक्षित विकल्प हो सकता है। खड़े मसालों में मिलावट की पहचान करना आंखों से देखकर भी आसान होता है और उन्हें घर पर खुद पीसने से शुद्धता की सौ प्रतिशत गारंटी मिलती है। अंततः सरकार और सभी नियामक संस्थाओं को अपनी निगरानी प्रणाली को कागजों से निकालकर जमीनी स्तर पर और अधिक पारदर्शी बनाना होगा। केवल कुछ कंपनियों के लाइसेंस रद्द कर देना ही इस बीमारी का पूर्ण इलाज नहीं है, बल्कि इस पूरे उद्योग में काम करने के तौर तरीकों में एक व्यापक ढांचागत बदलाव लाने की सख्त जरूरत है। हमारा भोजन हमारे स्वस्थ जीवन का मूल आधार है और इसके साथ किया गया कोई भी समझौता सीधे तौर पर हमारे अस्तित्व पर हमला है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।



महेन्द्र तिवारी

# लो हो गया मुंडन महोत्सव... ?

जनाब, अब अफवाहों  
का भी क्या कहना!  
पहले लोग कहते थे–  
"अक्ल बड़ी या भैंस?"  
अब नया सवाल–"बाल  
बड़े या पंद्रह हजार?"  
किसी ने अधिकारी बन  
फोन पर ये कहा,  
"सरकार मुंडन करव-  
ाओ, इनाम पाओ!"  
बस यारों फिर क्या था,  
नाई की दुकान पर भीड़  
ऐसी लगी,  
मानो सरकारी नौकरी का  
फॉर्म भरना हो।  
नाई बोला-"इतनी खुशी  
तो शादी के  
सीजन में भी नहीं मिली,  
नाई की बांछे जमकर  
खिली, बोला-  
"आज तो कैंची भी  
ओवरटाइम मांग रही  
है!"  
जब सच्चाई सामने आई  
कि  
न सरकार, न योजना, न  
तहसीलदार-  
तब सबने सिर सहलाते  
हुए कहा,  
"चलो... बाल तो वापस  
आ जाएंगे,  
पर भरोसा अगली बार  
थोड़ा देर से आएगा!"  
(संदर्भ - सलेम में  
अनजान कॉल और  
महिलाओं ने मुंडवा  
लिया सिर)

**संजय एम तराणेकर**  
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**  
**इन्दौर-452011**  
**(मध्य प्रदेश)**  
**मो. 98260 25986**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# ईवी को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं, चार्जिंग ढांचे से लेकर विनिर्माण तक पर जोर

## फेम-II से 16.72 लाख ईवी की बिक्री को बढ़ावा, 14,028 ई-बसों के लिए 4,391 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने खरीद से लेकर चार्जिंग बुनियादी ढांचे, बैटरी निर्माण और सार्वजनिक परिवहन तक कई स्तरों पर योजनाएं लागू की हैं। प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के तहत देशभर में सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए 2,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**फेम इंडिया चरण-II से 16.72 लाख ईवी को बढ़ावा**

भारत में हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने तथा उनके निर्माण को बढ़ावा देने के लिए फेम इंडिया योजना चरण-II को 1 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2024 तक पांच वर्षों के लिए लागू किया गया था। इसके लिए 11,500 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया था।

योजना के तहत ई-2डब्ल्यू, ई-3डब्ल्यू और ई-4डब्ल्यू वाहनों की मांग को प्रोत्साहित करने के साथ ई-बसों और ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों के लिए भी सहायता दी गई। इसके माध्यम से करीब 16.72 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री को बढ़ावा मिला। 30 जून 2026 तक योजना के तहत 5,297 ई-बसें तैनात की जा चुकी हैं।

देशभर में ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए फेम-II के तहत 912.50 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे।

**पीएलआई-ऑटो से घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा**

ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट उद्योग के लिए पीएलआई-ऑटो योजना 23 सितंबर 2021 को अधिसूचित की गई थी। इसके लिए 25,938 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान है। योजना का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों सहित उन्नत ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी उत्पादों के लिए देश की विनिर्माण क्षमता को बढ़ाना है।

**एसीसी बैटरी निर्माण के लिए 18,100 करोड़**

उन्नत रसायन सेल (एसीसी) बैटरी भंडारण के राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए उत्पादन-संबंधी प्रोत्साहन योजना 9 जून 2021 को अधिसूचित की गई थी। इसके लिए 18,100 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान है। योजना के तहत 50 गीगावॉट एसीसी बैटरियों के लिए प्रतिस्पर्धी घरेलू विनिर्माण व्यवस्था स्थापित करने का लक्ष्य है।

**14,028 ई-बसों की तैनाती**

पीएम ई-ड्राइव के तहत 14,028 ई-बसों की तैनाती के लिए 4,391 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इनमें 13,800 ई-बसें चार मिलियन से अधिक आबादी वाले सात शहरों–दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई, अहमदाबाद, पुणे और सूरत–के लिए आवंटित की गई हैं। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर के लिए 200 ई-बसों को मंजूरी दी गई है।

**38 हजार से अधिक ई-बसों को भुगतान सुरक्षा**

28 अक्टूबर 2024 को अधिसूचित प्रधानमंत्री ई-बस सेवा-भुगतान सुरक्षा तंत्र (पीएसएम) योजना का परिव्यय 3,435.33 करोड़ रुपये है। इसका उद्देश्य 38,000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों की तैनाती में सहयोग करना है।

सार्वजनिक परिवहन प्राधिकरणों की ओर से भुगतान में चूक की स्थिति में ई-बस संचालकों को भुगतान सुरक्षा उपलब्ध कराना इस योजना का प्रमुख उद्देश्य है।

**एक नजर में**
**ईवी मिशन के प्रमुख आंकड़े**

2,000 करोड़ रुपये – सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों के लिए
10,900 करोड़ रुपये – पीएम ई-ड्राइव का कुल परिव्यय
28.30 लाख – पीएम ई-ड्राइव में प्रस्तावित ईवी प्रोत्साहन
14,028 – पीएम ई-ड्राइव के तहत ई-बसें
4,391 करोड़ रुपये – ई-बसों के लिए आवंटन
5 प्रतिशत – ईवी और चार्जिंग उपकरणों पर जीएसटी
42,035 – 22 जुलाई 2026 तक असम में बिके ईवी

**ईवी पर जीएसटी 5 प्रतिशत**

सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों, उनके चार्जर और चार्जिंग स्टेशनों पर जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत किया है। सरकार का उद्देश्य कर संबंधी प्रोत्साहनों के जरिए इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की लागत कम करना और देश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को गति देना है।

**बैटरी वाहनों को परमिट से छूट**

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बैटरी से चलने वाले वाहनों के लिए हरी लाइसेंस प्लेट की व्यवस्था की है। ऐसे वाहनों को परमिट की आवश्यकता से भी छूट दी गई है। मंत्रालय ने राज्यों को इलेक्ट्रिक वाहनों पर रोड टैक्स माफ करने की सलाह भी दी है। इससे इलेक्ट्रिक वाहनों की शुरूआती लागत कम करने और उपभोक्ताओं को इन्हें अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने में मदद मिल सकती है।

(इनपुट : पीआईबी)

# विवेकानंद यूथ अवार्ड के लिए 10 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

## खेल, पर्यावरण, रक्तदान, नशामुक्ति, जल संरक्षण, कला-संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 से 35 वर्ष के युवाओं को मिलेगा अवसर

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर। 04 अगस्त 2026: शासन के निदेशों के क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए व्यक्तिगत श्रेणी में विवेकानंद यूथ अवार्ड प्रदान किए जाने हेतु जिले के पात्र युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पुरस्कार के लिए 15 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवा पात्र होंगे। आयु का निर्धारण नामांकन वर्ष की 1 जनवरी की स्थिति के आधार पर किया जाएगा।

प्रभारी जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी अमृता चौधरी ने बताया कि शासन की ओर से विभिन्न विकासात्मक क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान देने वाले युवाओं को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।



**इन क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा पात्र**

विवेकानंद यूथ अवार्ड के लिए खेलकूद, परिवार कल्याण, वृक्षारोपण, अल्प बचत, रक्तदान, नशामुक्ति, जल संरक्षण, पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना व संचालन, जैविक खेती, सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना और स्वच्छता सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय एकीकरण, साक्षरता, आपदा प्रबंधन, मतदाता जागरूकता, स्वास्थ्य, अनुसंधान, कला, संस्कृति एवं साहित्य, मानवाधिकारों के संवर्धन, पर्यटन, पारंपरिक चिकित्सा, सक्रिय नागरिकता, सामुदायिक सेवा, खेल एवं शैक्षिक उत्कृष्टता तथा स्मार्ट लर्निंग जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवा भी आवेदन के पात्र हैं।

**तीन प्रतियों में जमा करना होगा आवेदन**

जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने पात्र युवाओं से अपील की है कि वे अपने संबंधित क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के साक्ष्यों सहित आवेदन/प्रस्ताव बुकलेट फाइल में तीन प्रतियों में तैयार कर निर्धारित समय सीमा के भीतर जमा करें। आवेदन 10 अगस्त 2026 तक कार्यालय कक्ष संख्या-311, विकास भवन, गौतमबुद्धनगर में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना होगा। प्राप्त प्रस्तावों को नियमानुसार समय से शासन को प्रेषित किया जाएगा। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# नगर निकायों के विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार, डीएम ने दिए समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश

## 15वें वित्त आयोग एवं अवस्थापना विकास निधि के प्रस्तावों की समीक्षा; पेयजल, स्वच्छता, सड़क, जल निकासी और स्ट्रीट लाइट को प्राथमिकता

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर। 04 अगस्त 2026: जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नगर पालिका परिषद दादरी तथा नगर पंचायत बिलासपुर, दनकौर, रबूपुरा, जहांगीरपुर एवं जेवर में 15वें वित्त आयोग एवं अवस्थापना विकास निधि के तहत प्रस्तावित विकास कार्यों की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निकायों की ओर से प्रस्तुत विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्तावों की बिंदुवार समीक्षा की गई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**टाइड फंड से पेयजल और स्वच्छता को प्राथमिकता**

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 15वें वित्त आयोग के टाइड फंड एवं अनटाइड फंड का उपयोग शासन की मंशा और निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाए। टाइड फंड से पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट निस्तारण, जल निकासी तथा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

वहीं अनटाइड फंड से स्थानीय जरूरतों के अनुसार सड़क निर्माण एवं मरम्मत, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग मार्ग, नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट तथा सार्वजनिक एवं अन्य आधारभूत नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्य कराए जाने पर जोर दिया गया।

**जरूरत और प्राथमिकता के आधार पर हों विकास कार्य**

बैठक में अवस्थापना विकास निधि के तहत प्रस्तावित कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों का चयन आवश्यकता एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। सभी प्रस्ताव निर्धारित मानकों के अनुरूप तैयार कर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति तथा क्रियान्वयन की प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए।

**गुणवत्ता और पारदर्शिता से समझौता नहीं**

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं वित्तीय अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाए। स्वीकृत कार्यों का नियमित स्थलीय निरीक्षण करने तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब नहीं होने देने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि शासन से उपलब्ध धनराशि का सदुपयोग करते हुए विकास कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरे कराए जाएं, ताकि नगर क्षेत्रों के नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं मिल सकें।

**दो दिन में मांगी अतिरिक्त जानकारी**

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन विभागों अथवा नगर निकायों से किसी प्रस्ताव के संबंध में अतिरिक्त सूचना, अभिलेख अथवा आख्या अपेक्षित है, वे संबंधित जानकारी दो दिवस के भीतर उपलब्ध कराएं। इससे प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति की प्रक्रिया में विलंब नहीं होगा और विकास कार्य समयबद्ध रूप से शुरू कराए जा सकेंगे।

बैठक में नगर पालिका परिषद दादरी एवं नगर पंचायत बिलासपुर, दनकौर, रबूपुरा, जहांगीरपुर और जेवर के अध्यक्षों के अलावा मुख्य विकास अधिकारी भाल चंद्र त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजीत कुमार सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी शिखा गुप्ता, उप जिलाधिकारी जेवर दुर्गेश सिंह, संबंधित विभागों के अधिकारी तथा सभी नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।

# फीस वृद्धि पर निजी स्कूलों पर शिकंजा, सात विद्यालयों पर 7 लाख रुपये का जुर्माना

## जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक में कार्रवाई; 2026-27 में अधिकतम 7.23 प्रतिशत फीस बढ़ाने की सीमा तय

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर। 04 अगस्त 2026: जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निजी विद्यालयों द्वारा शैक्षिक सत्र 2026-27 में की गई फीस वृद्धि तथा उत्तर प्रदेश स्ववित्त पोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम, 2018 के प्रावधानों के अनुपालन की समीक्षा की गई।




समीक्षा के दौरान सामने आया कि छह विद्यालयों ने निर्धारित 7.23 प्रतिशत की सीमा से अधिक फीस बढ़ाई, जबकि एक विद्यालय द्वारा कम्पोजिट फीस के अतिरिक्त अलग से एनुअल चार्ज वसूला जा रहा था। समिति ने इसे अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन मानते हुए संबंधित विद्यालयों के खिलाफ अर्थदंड लगाने का निर्णय लिया।

**पहले भी जारी किए जा चुके हैं 45 नोटिस**

समिति की ओर से बताया गया कि निर्धारित सीमा से अधिक फीस वृद्धि करने वाले विद्यालयों को नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए पूर्व में कुल 45 नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद सात विद्यालयों द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक फीस वृद्धि किए जाने का मामला सामने आया।

समिति ने स्पष्ट किया कि शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए अधिनियम के तहत अधिकतम 7.23 प्रतिशत फीस वृद्धि अनुमन्य है।

**बाल भारती पब्लिक स्कूल पर भी कार्रवाई**

बैठक में बाल भारती पब्लिक स्कूल, सेक्टर-21 नोएडा के मामले की भी समीक्षा की गई। विद्यालय द्वारा शैक्षिक वर्ष 2025-26 का फीस स्ट्रक्चर अपनी वेबसाइट पर अपलोड नहीं किया गया था। इसके अलावा कम्पोजिट फीस के अतिरिक्त अलग से एनुअल चार्ज लिए जाने की बात भी सामने आई। समिति ने इसे भी अधिनियम के प्रावधानों का प्रथम बार उल्लंघन मानते हुए विद्यालय पर एक लाख रुपये तक का अर्थदंड अधिरोपित करने का निर्णय लिया। समिति ने निजी विद्यालयों को शुल्क विनियमन अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने तथा अभिभावकों से निर्धारित सीमा के अनुरूप ही शुल्क लेने के निर्देश दिए। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

**इन छह स्कूलों पर लगाया गया एक-एक लाख का अर्थदंड**

निर्धारित सीमा से अधिक फीस वृद्धि करने के कारण एपीजे स्कूल, सेक्टर-16 नोएडा; स्पर्श ग्लोबल स्कूल, एचएस-1 सेक्टर-20 ग्रेटर नोएडा वेस्ट; रामाज्ञा स्कूल, सेक्टर-50 नोएडा; विश्व भारती स्कूल, सेक्टर-28 नोएडा; श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल, गौर सिटी ग्रेटर नोएडा तथा सेंट जोन्स स्कूल, एचएस-01 सेक्टर-02 ग्रेटर नोएडा को अधिनियम की धारा 4(1) के उपबंधों का प्रथम बार उल्लंघन करने का दोषी माना गया। समिति ने प्रत्येक विद्यालय पर एक लाख रुपये तक का अर्थदंड अधिरोपित करने का निर्णय लिया है।

# गुटखा मांगने को लेकर विवाद, लाइसेंसी पिस्टल से कर दिया फायर; आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर। 04 अगस्त 2026: थाना सूरजपुर क्षेत्र में गुटखा मांगने को लेकर हुए विवाद के बाद पड़ोसी पर लाइसेंसी पिस्टल से फायर करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी .32 बोर पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, 3 अगस्त 2026 को सुरेंद्र तोंगड़ पुत्र स्व. राम सिंह तोंगड़ अपने पड़ोस में रहने वाले करीब 52 वर्षीय उदय प्रताप गुर्जर की दुकान पर गया था। गुटखा मांगने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी और गाली-गलौज हो गई। आरोप है कि विवाद के दौरान सुरेंद्र ने आवेश में आकर अपनी लाइसेंसी पिस्टल से उदय प्रताप पर फायर कर दिया।




**अस्पताल में उपचार के बाद हालत सामान्य**

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार उदय प्रताप के आंतरिक अंग सुरक्षित हैं और उसकी स्थिति सामान्य एवं खतरे से बाहर बताई गई। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें गठित की गई थीं।

**बाईपास के पास से गिरफ्तारी**

थाना सूरजपुर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 3/4 अगस्त की रात आरोपी सुरेंद्र तोंगड़ को दादरी-रूपबास बाईपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी .32 बोर पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी के लाइसेंसी पिस्टल का लाइसेंस निरस्त कराने के लिए भी वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध तमंचे और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

## सेक्टर-39 पुलिस ने सलारपुर के पास से दबोचा, .315 बोर का तमंचा बरामद

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर। 04 अगस्त 2026 थाना सेक्टर-39 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध शस्त्र के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से .315 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, 3 अगस्त 2026 को थाना सेक्टर-39 पुलिस ने सलारपुर के पास से गौरव कुमार पुत्र सूरज चौहान को गिरफ्तार किया। आरोपी मूल रूप से गांव रुधान, थाना इस्लामनगर, बदायूं का निवासी है और वर्तमान में सलारपुर, थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में रह रहा था। आरोपी की उम्र करीब 23 वर्ष बताई गई है।




**आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज**

पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-39 में मु0अ0सं0 391/2026, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# आंगनवाड़ी केंद्रों पर मनाया गया विश्व स्तनपान सप्ताह

## गर्भवती और धात्री माताओं को स्तनपान के महत्व की दी जानकारी, भ्रांतियां दूर करने पर जोर

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर। 04 अगस्त 2026: बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, गौतमबुद्धनगर की ओर से विश्व स्तनपान सप्ताह (1 से 7 अगस्त) के अंतर्गत मंगलवार को जनपद के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष की वैश्विक थीम "जीवन की सतत शुरूआत के लिए स्तनपान: यह प्रभावी है, इसे मजबूत करें" के तहत आयोजित कार्यक्रमों में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को शिशु के बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्तनपान के महत्व की जानकारी दी गई।




**जन्म के एक घंटे के भीतर पिलाएं पहला दूध**

जागरूकता सत्रों में मुख्य सेविकाओं एवं आंगनवाड़ी कार्यकताओं ने माताओं को बताया कि बच्चे के जन्म के एक घंटे के भीतर मां का पहला गाढ़ा पीला दूध (कोलोस्ट्रम) पिलाना बेहद महत्वपूर्ण है। यह नवजात की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मदद करता है।

माताओं को यह भी बताया गया कि जन्म के बाद पहले छह माह तक शिशु को केवल स्तनपान कराया जाना चाहिए। इस अवधि में बच्चे को पानी अथवा अन्य किसी बाहरी खाद्य या पेय पदार्थ देने से बचने की सलाह दी गई।

**भ्रांतियां दूर कर सही पोषण की जानकारी देने पर जोर**

विभाग की ओर से चलाए गए अभियान का उद्देश्य स्तनपान को लेकर समाज में मौजूद भ्रांतियों को दूर करना तथा माताओं को शिशु के लिए आवश्यक पोषण और स्तनपान से जुड़ी सही जानकारी उपलब्ध कराना रहा।

कार्यक्रम के दौरान माताओं को बताया गया कि शुरूआती अवस्था में उचित पोषण और स्तनपान से नवजात के स्वस्थ विकास में मदद मिलती है। विभाग ने जागरूकता के माध्यम से कुपोषण की रोकथाम और स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में लोगों को प्रेरित किया। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# औद्योगिक सेक्टरों में जलभराव से मिलेगी स्थायी राहत, नोएडा प्राधिकरण बनाएगा तीन सम्पवैल

## फेस-II, सेक्टर-80, 81, 83, 88 समेत औद्योगिक क्षेत्रों में बैक-फ्लो रोकने की तैयारी; अधिकारियों ने किया स्थलीय निरीक्षण

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। 04 अगस्त 2026: मानसून के दौरान औद्योगिक क्षेत्रों में होने वाले जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नोएडा प्राधिकरण ने कवायद तेज कर दी है। वर्क सर्किल-7 के अंतर्गत आने वाले औद्योगिक सेक्टरों में जलभराव की स्थिति का जायजा लेने के लिए मंगलवार को प्राधिकरण अधिकारियों ने व्यापक स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद पानी के बैक-फ्लो को रोकने के लिए तीन प्रमुख स्थानों पर सम्पवैल (र४स्त्र ही'') बनाने का निर्णय लिया गया।

**सिंचाई नाले के बढ़ते जलस्तर से होता है बैक-फ्लो**

बारिश के दौरान सिंचाई नाले का जलस्तर बढ़ने से पानी का उलटा बहाव औद्योगिक क्षेत्रों की ओर चला जाता है। इससे फेस-II, सेक्टर-80, 81, 83, 88, सैमसंग, ड्रोन कंपनी, सीएंडएस इलेक्ट्रिकल तथा होजरी कॉम्प्लेक्स सहित कई औद्योगिक क्षेत्रों में जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है।

जलभराव के कारण औद्योगिक इकाइयों के संचालन और आवागमन पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। इसे देखते हुए प्राधिकरण ने समस्या के स्थायी समाधान के लिए जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने का निर्णय लिया है।

**इन तीन स्थानों पर बनेंगे सम्पवैल**

स्थलीय निरीक्षण के दौरान तीन स्थानों को सम्पवैल निर्माण के लिए चिन्हित किया गया है–

1. NSEZ सिंचाई नाले के समीप।
2. ड्रोन कंपनी/सीएंडएस इलेक्ट्रिकल कंपनी के पास, TCS के सामने स्थित रिक्त भूमि पर।
3. होजरी कॉम्प्लेक्स के ब्लॉक-ए में SPS सिंचाई नाले के पास स्थित ग्रीन बेल्ट में।

**जल्द शुरू होगी डिजाइन और निर्माण की प्रक्रिया**

निरीक्षण के दौरान मौजूद कंसलटेंट को चिन्हित स्थलों पर सम्पवैल की डिजाइनिंग की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने निर्माण कार्य की अग्रिम कार्रवाई जल्द से जल्द शुरू करने को कहा है। प्राधिकरण का मानना है कि सम्पवैल के निर्माण और बेहतर जल निकासी व्यवस्था से बारिश के दौरान नाले के पानी के बैक-फ्लो को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी तथा औद्योगिक क्षेत्रों में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# नोएडा प्राधिकरण में जनसुनवाई, एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों के निस्तारण के लिए 4 अगस्त 2026 को नोएडा प्राधिकरण के सेक्टर-96 स्थित मुख्य प्रशासनिक भवन में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई की अध्यक्षता अपर मुख्य मुख्य कार्यपालक अधिकारी (ACEO) श्रीमती वंदना त्रिपाठी ने की। जनसुनवाई के दौरान नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ कार्याधिकारी, महाप्रबंधक और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न प्रकरणों और शिकायतों को सुना तथा उनका परीक्षण किया।

**संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश**

जनसुनवाई में सामने आए मामलों पर अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्राधिकरण का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का विभागीय स्तर पर परीक्षण कर उनका नियमानुसार समाधान कराना है।

**नागरिकों की समस्याओं के समाधान पर जोर**

जनसुनवाई के माध्यम से नागरिक सीधे प्राधिकरण के अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं और प्रकरण रख सकते हैं। इस दौरान प्राप्त मामलों को संबंधित विभागों को भेजकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाते हैं।

नोएडा प्राधिकरण की ओर से नागरिक शिकायतों के प्रभावी निस्तारण और जनसमस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई की प्रक्रिया को महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में जारी रखा जा रहा है।

# बुकनाला सादात में अकीदत के साथ निकला इमाम हुसैन (अ.स.) के चेहल्लुम का जुलूस

**समाज जागरण**

सम्भल। थाना असमोली क्षेत्र के गांव बुकनाला सादात में मंगलवार को हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के चेहल्लुम का जुलूस पूरे अकीदत व एहतराम के साथ निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर कर्बला के शहीदों को खिराज-ए-अकीदत पेश किया जुलूस में आलम, ताबूत और जुलजनाह (हुसैनी घोड़ा) बरामद किए गए। गांव की विभिन्न अंजुमनों ने नौहाख्वानी और सीना-जनी (मातम) कर इमाम हुसैन (अ.स.) और उनके वफादार साथियों की शहादत को याद किया। पूरे मार्ग पर गमगीन माहौल रहा और "या हुसैन" की सदाएं गूंजती रहीं जुलूस गांव के विभिन्न इमामबाड़ों से होता हुआ दरगाह आलिया पहुंचा और वहां से कर्बला इमामों की ताल तक गया, जहां पारंपरिक रस्मों के साथ शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। जुलूस के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।



# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चन्दौसी में 06 अगस्त को लगेगा दिव्यांगजन रोजगार एवं स्वरोजगार मेला

## दिव्यांगजनों के लिए रोजगार के साथ स्वरोजगार के अवसरों की भी खुलेगी राह – विभिन्न विभागों के अधिकारी देंगे मार्गदर्शन एवं योजनाओं की जानकारी

**समाज जागरण**

सम्भल/चन्दौसी। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पहल दिव्यांगजन रोजगार अभियान-3.0 के अंतर्गत दिव्यांगजनों को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिनांक 06 अगस्त 2026 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चन्दौसी में दिव्यांगजन रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

मेले का उद्देश्य जनपद के अधिकाधिक दिव्यांगजनों को सेवायोजन, रोजगार, स्वरोजगार, कौशल विकास एवं वित्तीय सहायता से संबंधित अवसरों से जोड़ना है, ताकि वे अपनी योग्यता एवं कौशल के अनुरूप रोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकें।

मेले में जिला सेवायोजन अधिकारी, सम्भल, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, सम्भल, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र, सम्भल तथा छीं इंल्ल' सहित संबंधित विभागों के अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहकर अपने-अपने विभागीय दायित्वों का निर्वहन करेंगे। सेवायोजन विभाग द्वारा उपलब्ध रोजगार के अवसरों एवं रिक्तियों की जानकारी प्रदान करते हुए इच्छुक दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसरों से जोड़ा जाएगा। वहीं जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं तथा उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार एवं उद्यमिता योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। बैंक प्रतिनिधियों द्वारा स्वरोजगार हेतु उपलब्ध ऋण एवं वित्तीय पोषण संबंधी जानकारी तथा आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया जाएगा।मेले में दिव्यांगजनों को उनकी रुचि, योग्यता एवं कौशल के अनुरूप रोजगार प्राप्त करने के साथ-साथ अपना स्वयं का रोजगार/व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिए आवश्यक जानकारी, मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

**दिव्यांगजन अवश्य उठाएं इस अवसर का लाभ**

जनपद के समस्त रोजगार के इच्छुक दिव्यांगजनों से अपील है कि वे इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाने के लिए 06 अगस्त 2026 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चन्दौसी में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित हों।

यह मेला केवल रोजगार प्राप्त करने का अवसर ही नहीं, बल्कि अपने हुनर को पहचान देने, आत्मनिर्भर बनने और अपने सपनों को स्वरोजगार के माध्यम से साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इच्छुक दिव्यांगजन मेले में उपस्थित होकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों से सीधे संपर्क कर रोजगार, स्वरोजगार, ऋण, वित्तीय सहायता एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

हृअवसर आपके द्वार पर है–अपने हुनर को रोजगार से जोड़ें, आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाएं और दिव्यांगजन रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का अधिकाधिक लाभ उठाएं।

# सावन के सोमवार को शिव उपासना शिव कृपा की प्राप्ति का द्वार है - मीनू रस्तौगी

**समाज जागरण**

संभल। हिंदू जागृति मंच के तत्वावधान में सावन के प्रथम सोमवार के अवसर पर भगवान शिव की महा आरती का आयोजन किया गया । जिसमें सामूहिक रूप से जलाभिषेक और भजन किया गया । नगर के मोहल्ला बाजार गंज स्थित शिव मंदिर में पुरोहित चन्दन के निर्देशन में यजमान मीनू रस्तौगी ने सर्वप्रथम भगवान शिव का चंदन लगाकर, बेलपत्र, गंगाजल, दूध, शहद, मिष्ठान, पुष्प आदि से अभिषेक व पूजन किया । मंदिर प्रांगण में भगवान शिव को समर्पित भजनों का गायन श्रद्धा एवं आस्था के साथ किया गया ।

इस अवसर पर हिंदू जागृति महिला मंच की जिला अध्यक्ष मीनू रस्तौगी ने कहा कि श्रावण माह में सोमवार का दिन विशेष महत्व रखता है। सोमवार को शिव की उपासना की शिव कृपा की प्राप्ति का द्वार माना गया है। जो देवों के भी देव हैं वही महादेव हैं अर्थात भगवान शिव हैं। हालांकि वर्ष में प्रत्येक महीने शिव उपासना किसी न किसी रूप में चलती ही रहती है लेकिन पूरा श्रावण का महीना शिव उपासना का ही महीना कहलाता है।



प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि अब विज्ञान भी शिवलिंग को ऊर्जा का स्त्रोत मानता है । शिवलिंग का जो आकार होता है वह आसपास की ऊर्जा को नियंत्रित करने में मदद करता है। जिस तरह सूर्य पर जल चढ़ाते समय जल की धारा से होकर शरीर पर पड़ने वाली सूर्य की किरणें कई तरह की शारीरिक बीमारियों को खत्म करती हैं, उसी तरह शिवलिंग पर जल और दूध चढ़ाते समय शिवलिंग से निकलती आणविक विकिरण ऊर्जा शारीरिक ताप को नष्ट कर देती है । शिवलिंग पर चढ़ाया हुआ जल नदी के बहते हुए पानी के साथ मिलकर औषधि का रूप ले लेता है ।

इस अवसर पर सुबोध कुमार गुप्ता, अरुण कुमार अग्रवाल, अरविंद शंकर शुक्ला, राजेंद्र सिंह गुर्जर, राकेश शर्मा, सुमनलता शर्मा, आशा गुप्ता, रूपाली गुप्ता, अदिति गुप्ता, बबीता अग्रवाल, मीना गर्ग, प्रियंका, शशि अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, नूतन अग्रवाल, पुष्पा, पूनम गुप्ता, ज्योति अग्रवाल, आदि उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम का संचालन ज्योति गुप्ता ने किया ।

# अनेक जन्मों के पुण्यों से मिलती है भागवत कथा–पं. प्रशान्त मिश्र

**समाज जागरण**

चन्दौसी। सीता रोड स्थित गीता सत्संग भवन में आज से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य और दिव्य शुभारंभ हुआ। कथाव्यास के रूप में पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज के परम कृपापात्र शिष्य, प्रख्यात विद्वान पं. प्रशान्त कुमार मिश्र जी महाराज श्रद्धालुओं को कथा का रसपान करा रहे हैं। कथा के औपचारिक प्रारंभ से पूर्व क्षेत्र में एक विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने पूर्ण उत्साह, निष्ठा और पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर मंगल कलश धारण कर भ्रमण किया। इस दौरान पूरा वातावरण भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।



प्रथम दिन की कथा के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कथाव्यास पं. प्रशान्त कुमार मिश्र जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य के जीवन से हर प्रकार के दैहिक, दैविक और भौतिक कष्टों का समूल नाश कर देती है। उन्होंने भावपूर्ण शब्दों में कहा, "यह देवदुर्लभ कथा किसी भी मनुष्य को जीवन में तब प्राप्त होती है, जब उसके अनेक जन्मों के संचित पुण्यों का उदय होता है। श्रीमद्भागवत साक्षात भगवान श्रीकृष्ण का वांग्मय (शब्दमयी) स्वरूप है।"

महाराज श्री ने आगे कहा कि इसके केवल श्रवण मात्र से व्यक्ति के भीतर भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की त्रिवेणी प्रवाहित होने लगती है और उसके शुद्ध अंतःकरण में स्वयं परब्रह्म परमात्मा स्थाई रूप से निवास कर लेते हैं।

अपने स्वधर्म का पालन न करने के कारण ही व्यक्ति का वैचारिक पतन हो रहा है और वह जीते-जी प्रेत के समान कष्टकारी जीवन जी रहा है। ऐसे भटके हुए जीवन में जब गोकर्ण जी जैसे किसी परोपकारी और तत्वदर्शी संत का आगमन होता है और वह जीव को भागवत रूपी अमृत पिलाता है, तब जाकर मनुष्य अपने वास्तविक कर्तव्य और स्वरूप को पहचान पाता है।

उन्होंने चन्दौसी और आसपास के सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार इस ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ कमाने का भावपूर्ण निवेदन किया है।इस पावन अवसर पर भारी संख्या में स्थानीय भक्तगण, मातृशक्ति और संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने भावविभोर होकर कथा का आनंद लिया।

# जिलाधिकारी के निदेशानुसार बी-पैक्स गुन्नौर दौलत खां के सचिव निलंबित, जांच के आदेश

**समाज जागरण**

बहजोई।जनपद सम्भल में सहकारी समितियों के कार्यों में पारदर्शिता एवं विभागीय निदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निदेशानुसार कार्रवाई करते हुए सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता सम्भल ज्ञान प्रकाश सिंह द्वारा बी-पैक्स गुन्नौर दौलत खां के कैडर सचिव के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई है।

उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा दिनांक 29 जुलाई 2026 को तहसील गुनौर स्थित बी-पैक्स कन्हौआ, टाउन एरिया गुन्नौर एवं बी-पैक्स गुन्नौर दौलत खां का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण आख्या के परीक्षण में यह तथ्य सामने आया कि बी-पैक्स गुन्नौर दौलत खां के सचिव द्वारा विभागीय निदेशों की अवहेलना की गई तथा अपने दायित्वों का नियमानुसार निर्वहन नहीं किया गया।

उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निदेशानुसार सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता ज्ञान प्रकाश सिंह द्वारा गिरिराज सिंह, कैडर सचिव, बी-पैक्स गुन्नौर दौलत खां को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका संबंध बी-पैक्स गुन्नौर दौलत खां से बना रहेगा तथा उन्हें नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ता देय होगा। साथ ही, निलंबित कैडर सचिव के विरुद्ध आरोप-पत्र गठित करने एवं विस्तृत जांच के लिए अपर जिला सहकारी अधिकारी, तहसील गुन्नौर को जांच अधिकारी नामित किया गया है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि प्रकरण की विस्तृत जांच कर एक पक्ष के भीतर साक्ष्यों सहित आरोप-पत्र कार्यालय में प्रस्तुत करें।

समिति के कार्यों के निर्बाध संचालन को ध्यान में रखते हुए हरीशंकर, कैडर सचिव, विकास खंड गुन्नौर को अग्रिम व्यवस्था होने तक अपने वर्तमान कार्यों के साथ-साथ बी-पैक्स गुन्नौर दौलत खां के सचिव पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस अतिरिक्त दायित्व के लिए उन्हें पृथक से कोई वेतन अथवा भत्ता देय नहीं होगा। यह आदेश जिला प्रशासनिक कमेटी, सम्भल की आगामी बैठक में अनुमोदन की प्रत्याशा में निर्गत किया गया है।

# निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, समयबद्ध गुणवत्ता के साथ पूर्ण हों सभी परियोजनाएं : जिलाधिकारी

## सीएमआईएस पोर्टल पर शत-प्रतिशत फीडिंग सुनिश्चित करने एवं लंबित कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

**समाज जागरण**

बहजोई/संभल।जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित विभिन्न निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनार सिंह ने विभिन्न एजेंडा बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने सीएमआईएस पोर्टल पर निर्माण कार्यों की फीडिंग की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं का विवरण पोर्टल पर अपलोड किया जाना है, उनकी फीडिंग तत्काल पूर्ण कराई जाए।

समीक्षा के दौरान यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास, सम्भल नगर के निर्माण कार्य तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई।



जिलाधिकारी ने जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देशित किया कि आगामी समीक्षा बैठक में प्रत्येक परियोजना की स्वीकृति, टेंडर की स्थिति, कार्य में आ रही बाधाओं तथा भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जाए।

बैठक में 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय, भरतरा (बहजोई) स्पोर्ट्स स्टेडियम की समीक्षा की जिलाधिकारी ने स्पोर्ट्स स्टेडियम का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने यूपीपीसीएल द्वारा निर्माण किये जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज (मिनी स्टेडियम), राजपुर (सम्भल), जूनियर हाईस्कूल कैलादेवी के हाईस्कूल में उच्चीकरण, ग्राम पंचायत आनंदपुर में ग्रामीण स्टेडियम एवं ओपन जिम, कलेक्ट्रेट अनावासीय भवन, नमामि गंगे यूनिट, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) की बहजोई जलापूर्ति योजना तथा चंदौसी एवं सम्भल के पायलट प्रोजेक्ट सहित अन्य निर्माण कार्यों की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आगामी बैठक में सभी कार्यदायी संस्थाएं परियोजनाओं का ढएफ्ळ चार्ट प्रस्तुत करें, ताकि कार्यों की समयबद्ध समीक्षा की जा सके। इसके अतिरिक्त सेतु निगम द्वारा सेतु संख्या-36बी पर चंदौसी में निमार्णाधीन उपरिगामी सेतु तथा मंडी परिषद के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में होमगार्ड्स विभाग के जिला कार्यालय (बहजोई), निमार्णाधीन पुलिस लाइन, बहजोई में 100 शैय्या चिकित्सालय, प्लेज पार्क, चंदौसी तहसील में निरीक्षण भवन, लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत मुरादाबाद-गवां-बुलंदशहर मार्ग एवं बिलारी-जरगांव-चंदौसी मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, खिरनी तिराहा के अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक सुधार कार्य, मध्य गंगा नहर परियोजना (द्वितीय चरण) तथा एआरटीओ कार्यालय निर्माण सहित विभिन्न परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो परियोजनाएं अंतिम चरण में हैं, उन्हें सितंबर से नवंबर के मध्य हर हाल में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि बिजली, भूमि अथवा अन्य किसी कारण से यदि कोई कार्य लंबित है तो उसकी जानकारी तत्काल उपलब्ध कराई जाए, ताकि उसका समय रहते समाधान कराया जा सके। बिना उचित कारण कोई भी निर्माण कार्य लंबित नहीं रहना चाहिए।

उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि परियोजनाओं के हैंडओवर तथा हैंडओवर से पूर्व की समस्त औपचारिकताओं का विवरण जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनार सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील प्रकाश, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग राजीव कुमार तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने की विभिन्न विभागों के कार्यों व योजनाओं की समीक्षा, दिए सुधार के निर्देश

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर, 04 अगस्त। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की योजनाओं से संबंधित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को प्रत्येक कार्य को कार्य योजना बनाकर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने फैमिली आईडी की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। वही आइजीआरएस की रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिए।



कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान पाया कि फार्मर रजिस्ट्री में जनपद का 91 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। उन्होंने समस्त कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश संबंधी विभागीय अधिकारियों को दिए। वहीं फैमिली आईडी के कार्यों में ब्लॉक नूरपुर, अफजलगढ़ व जलीलपुर की प्रगति अपेक्षा अनुरूप कम रही, जिस पर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया। पाया गया कि ब्लॉक अफजलगढ़ व जलीलपुर की प्रगति प्रत्येक कार्यों में असंतोषजनक है जिस पर उन्होंने सुधार करने के निर्देश संबंधित खंड विकास अधिकारियों को दिए।

जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत लगाए गए पौधों की जियो ट्रैगिंग की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत जिओ ट्रैगिंग करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। समीक्षा के दौरान पाया कि उच्च शिक्षा की पांच प्रतिशत, नगर विकास की 16 प्रतिशत व प्राविधिक शिक्षा की 18 प्रतिशत जिओ ट्रैगिंग अभी तक हो पाई है, जिस पर उन्होंने सुधार करने के निर्देश दिए। अन्य विभागों को भी शत प्रतिशत जिओ ट्रैगिंग करने के लिए कहा।

डीएम ने आईजीआरएस के कार्यों की समीक्षा करते हुए आईजीआरएस में जनपद की रैंकिंग सुधारने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण डिफाल्टर श्रेणी में ना आने पाए, उससे पहले ही प्रकरण का निस्तारण कर करें तथा इस बात का विशेष ध्यान रखें कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है इसलिए संतुष्टि फीडबैक को बढ़ाया जाए। उन्होंने आयुषमान कार्ड के कार्यों की समीक्षा करते हुए उसमे सुधार करने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण अभियान के दौरान लक्ष्यों के सापेक्ष स्थलों का चयन संबंधित विभाग द्वारा किया गया था, उन स्थलों की जिओ ट्रैगिंग कराकर कार्य पूर्ण करें। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सूखे नल, प्यासे लोग, जल जीवन मिशन फेल

## पेयजल को तरस रहे ग्राम कुआँखेडा के निवासी

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ । क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुआँखेडा में नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग उ.प्र. द्वारा दो वर्ष पूर्व जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पानी की आपूर्ति हेतु ओवर हैड टैंक का निर्माण कराया गया था , पाइप लाइन बिछाने और टंकी बनने के बाद कुछ दिन तक पानी की आपूर्ति भी की गई किन्तु अब लगभग डेढ वर्ष से नलों में पानी नहीं आ रहा है । स्थानीय ग्रामीणों ने सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर से कई बार पानी न मिलने की समस्या से अवगत कराया किन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों की शिकायत पर शिव सेना जिलाध्यक्ष चौ.संजय राणा ने अपनी टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण किया ।

स्थानीय ग्रामीण ऊषा कौर, जमीर सिंह, सुखदयाल सिंह ,आशीष , फतेह सिंह, कृष्णारानी, मोनिका रानी , राजरानी, मुख्तियार सिंह , सुरेंद्र सिंह, सुखदेव सिंह ,सुबा सिंह, जसपाल सिंह, श्रवण कुमार, प्रभुजोत सिंह, सरजीत कौर, जसवंत सिंह, जीत सिंह, जोगिंदर सिंह, जगतार सिंहड्ड गुरमीत सिंह, परगट सिंह, हरजीत सिंहड्ड कुलवंत सिंह आदि द्वारा बताया गया कि इस गांव में पेयजल की गम्भीर समस्या है , गांव में कोई भी इंडिया मार्का हैंड पम्प भी नहीं है । अपने खर्च पर नल लगवाना सामान्य व्यक्ति की पहुँच से बाहर है । व्यक्तिगत नलों से गन्दा पानी आता है ,पीने के लिए रात्रिकाल में घडों में पानी भरकर रखा जाता है उसमें फिटकरी एवं चूना आदि डालकर शोधन कर अगले दिन पीने में उपयोग किया जाता है ।



चौ.संजय राणा ने अपनी टीम के साथ ओवर हैड टैंक स्थल पर जाकर देखा तो वहां घास एवं कटीली झाडियां खडी हुई हैं एवं देखभाल हेतु नियुक्त कर्मी ने अपने कृषि यंत्र रखने का स्थान बना रखा है । सोलर पैनल एवं मोटर आदि संयंत्र जंग लगकर खराब होने के कगार पर हैं । यद्धपि जल जीवन मिशन पूरी तरह फेल नहीं हुआ है, लेकिन कई जगहों पर भ्रष्टाचार, पानी की टंकियां और पाइपलाइन अधूरी होने तथा समय पर पानी न मिलने से यह विफल जैसा दिखता है। निरीक्षण के समय महेन्द्र सिंह सिरोही, मनवीर सिंह यादव, सरदार कुलदीप सिंह, सतीश सिंह,सत्यवीर सिंह सैनी, नरेंद्र सिंह, सरदार अमरीक सिंह, हरवीर सिंह, गुरमीत कौर, सरजीत कौर, राधिका देवी, विजयलक्ष्मी रावत आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे ।

# दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर, 04 अगस्त। मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत पात्र दिव्यांग दम्पत्तियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत यदि दम्पत्ति में युवक दिव्यांग है तो 15,000 रुपए, युवती दिव्यांग होने पर 20,000 रुपए तथा युवक एवं युवती दोनों दिव्यांग होने की स्थिति में 35,000 रुपए की प्रोत्साहन धनराशि प्रदान की जाती है।

उन्होंने बताया कि 01 अप्रैल, 2025 से वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान विवाह करने वाले पात्र दिव्यांग दम्पत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु विभागीय पोर्टल https://divyangjan.upsdc.gov.in/ पर ऑनलाइन आवेदन करें तथा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी समस्त आवश्यक अभिलेखों सहित कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन, बिजनौर में जमा कराना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि आवेदन के लिए वर का जनपद बिजनौर का निवासी होना आवश्यक है। आवेदन के साथ दम्पत्ति का संयुक्त पासपोर्ट आकार का फोटो, विवाह प्रमाण-पत्र, तहसीलदार द्वारा निर्गत आय प्रमाण-पत्र (दम्पत्ति आयकरदाता न हो), वर एवं वधु का मूल निवास प्रमाण-पत्र, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी 40 प्रतिशत अथवा उससे अधिक दिव्यांगता का प्रमाण-पत्र (यूडीआईडी कार्ड), राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा डाकघर में संचालित संयुक्त बैंक खाते की पासबुक की छायाप्रति, दोनों के आधार कार्ड तथा आयु प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि विवाह के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक नहीं तथा युवती की आयु 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जनपद के पात्र दिव्यांग दम्पत्तियों से अपील की है कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए समय से आवेदन करें।

# गुलदार ने गौवंस को बनाया निवाला, इस घटना से क्षेत्र में फैली दहशत

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगीना। आवारा गोवंश (बछड़े) को गुलदार ने बनाया निवाला, गुलदार की इस घटना से क्षेत्र दहशत फैली, ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाए जाने कि मांग कि है।

सोमवार कीरत को थाना क्षेत्र के ग्राम मलकपुर अब्दुल्ला बदलोनपुर निवासी वीरेंद्र सिंह प्रधान के खेत में गोवंश बछड़ा चर रहा था जैसे ही बछड़ा गन्ने के खेत से निकल कर गुलदार ने उसे पर हमला कर निवाला बना लिया, और खेतों में गायब हो गया। सुबह होने पर अपने अपने खेतो पर गुलदार के हमले से बछड़े को म्रक देखकर दहशत के मारे वापस अपने-अपने घरों को लौट गए, और घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी, जिसको सुन कर तमाम ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना फोन द्वारा वन विभाग के अधिकारियों को। सूचना मिलते ही हल्का वंनदरोंगा अपनी टिंम के साथ का मौके पर पहुंचे और गुलदार के हमले से मारे गोवंश के बछड़े को अपने कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए पशु चिकित्सक को बुलाया जिन्होंने पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई की। गुलदार की इस घटना से ग्रामीणों और किसानों में दहशत का माहौल है।

क्षेत्र के ग्रामीणों धर्मेंद्र कुमार, जितेंद्र, शाहिद अहमद, पंकज कुमार, सुधीर कुमार, ललित, ज्ञानचंद, रामभरोसे, कल्लू सिंह, मुरारी लाल, बुद्धराम सिंह, मंगल सिंह, समेत दर्जनों ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से पिछले काफी समय से घूम रहे गुलदार को पकड़ वाने के लिए पिंजरा लगाए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्रामीण क्षेत्र में गुलदार होने की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को देते रहे हैं लेकिन किसी भी अधिकारी ने इस और कोई ध्यान नहीं दिया उन्होंने कहा कि गुलदार द्वारा बछड़े को अपना निवाला बनाए जाने की घटना से ग्रामीणों में दहशत फैली है जिससे कृषक खेती संबंधी खेतों पर नहीं जा पा रहे हैं।

# मोनू हत्याकांड कें फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग परिजन पहुंचे थाने, सुरक्षा की लगाई गुहार

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव नाला में हुए चर्चित कबड्डी खिलाड़ी मोनू हत्याकांड में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज मृतक के परिजन थाने पहुंचे। उन्होंने थाना प्रभारी निरीक्षक से मुलाकात कर शेष आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी गुहार लगाई। थाना क्षेत्र में कई दिन पूर्व गांव नाला के निकट ककड़ीपुर मार्ग स्थित रजवाहे के पास बागपत जनपद के गांव ककड़ीपुर निवासी 22 वर्षीय कबड्डी खिलाड़ी मोनू की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात के बाद आरोपियों ने शव को गन्ने के खेत में फेंक दिया था। इस सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने कुछ ही घंटों में खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी कार्तिक और देशपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि अन्य आरोपी अब भी फरार हैं।पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में सामने आया था कि मोनू का अपनी ही गांव की एक युवती से प्रेम-प्रसंग था। युवती के परिजनों ने कई बार दोनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन संबंध समाप्त नहीं होने पर युवती के चचेरे भाई कार्तिक ने अपने साथियों गांव नाला निवासी अर्जुन, भारसी निवासी सत्यम तथा युवती के पिता देशपाल के साथ मिलकर कथित रूप से सुनियोजित तरीके से हत्या की वारदात को अंजाम दिया था।मृतक के पिता सुरेंद्र ने बताया कि घटना के बाद दर्ज मुकदमे में दो आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है, लेकिन अन्य नामजद आरोपी अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। उन्होंने आशंका जताई कि फरार आरोपियों से परिवार को खतरा बना हुआ है। इसलिए उनकी शीघ्र गिरफ्तारी के साथ-साथ परिवार की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाए।उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस जांच के दौरान एक अन्य युवक का नाम भी सामने आया है। परिजनों ने उस युवक का नाम भी मुकदमे में शामिल कर उसके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।थाना प्रभारी निरीक्षक बच्चू सिंह ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीम लगातार दबिश दे रही है। दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर संभावित ठिकानों पर तलाश की जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ऑडियो वायरल, सिपाही निलंबित हाजिर; मुकदमा दर्ज कराने की मांग

**समाज जागरण कांधला।**



थाना पुलिस एक बार फिर चचाओं में है। कस्बे के एक व्यापारी को कथित रूप से गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने वाले सिपाही का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक शामली ने आरोपी सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। हालांकि, पीड़ित व्यापारी का कहना है कि केवल निलंबित करने से न्याय नहीं मिलेगा। उसने आरोपी सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।कस्बा निवासी सचिन, जो दिल्ली बस अड्डे के पास हलवाई की दुकान संचालित करते हैं, ने आरोप लगाया कि थाने में तैनात सिपाही अजय पूनिया कई दिनों से उनकी दुकान पर आकर अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज करता था। विरोध करने और उच्चाधिकारियों से शिकायत किए जाने के बाद आरोपी सिपाही ने फोन पर भी अशोभनीय भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित व्यापारी ने सिपाही की कथित बातचीत का ऑडियो लगातार दो दिनों तक सोशल मीडिया पर वायरल कर कार्रवाई की मांग की। मामला सामने आने पर मंगलवार को पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह ने वायरल ऑडियो का संज्ञान लेते हुए आरोपी सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।इसके बावजूद व्यापारी ने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को शिकायत भेजकर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कराने तथा आरोपी सिपाही के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।थाना प्रभारी निरीक्षक बच्चू सिंह ने बताया कि वायरल ऑडियो के आधार पर संबंधित सिपाही को निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# आवारा गोवंश के हमले में महिला घायल, गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर

**समाज जागरण**



कांधला।(फुरकान जंग)कस्बे कें मोहल्ला मिर्दगान में एक आवारा गोवंश ने सड़क किनारे खड़ी महिला पर हमला कर दिया। टक्कर लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने घायल महिला को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लोगों ने आवारा गोवंशों को पकड़कर गौशाला भेजने की मांग की है। कस्बे के मोहल्ला मिर्दगान निवासी महिला इमराना पत्नी शकीर मंगलवार को अपने घर के बाहर सड़क किनारे खड़ी थीं। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक आवारा गोवंश ने अचानक उस पर हमला कर जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। गोवंश के हमले के बाद घायल हुई महिला की चीख- पुकार सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।आसपास के लोगों ने घायल महिला को नगर के सरकारी अस्पताल मैं उपचार के लिए भर्ती कराया या जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। कस्बे के लोगों का कहना है कि नगर में आवारा गोवंशों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इससे पहले भी कई लोग इनके हमलों में घायल हो चुके हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन की ओर से कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों ने मांग की है कि सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गोवंशों को तत्काल पकड़कर अस्थायी गौशाला भेजा जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

# बाइक चोरी के दो मामलों का नहीं लगा सुराग,पीड़ितों ने डीआईजी से लगाई गुहार

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील में बाइक चोरी के दो मामलों का पुलिस करीब एक माह बाद भी खुलासा नहीं कर सकी है। पीड़ितों का आरोप है कि शिकायत देने के बावजूद न तो उनकी बाइक बरामद की गई और न ही मुकदमा दर्ज किया गया। दोनों ने डीआईजी सहारनपुर से कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी रजनीश ने बताया कि विगत 1 जुलाई को वह गांव के शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करने गया था। इस दौरान उसने अपनी बाइक मंदिर के बाहर खड़ी की थी, जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। घटना की सूचना तत्काल डायल-112 और थाना पुलिस को दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।इसी प्रकार 21 जुलाई को गांव निवासी दीपक पुत्र प्रीतम की भी शिव मंदिर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई थी। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन उसका आरोप है कि न तो बाइक बरामद की गई और न ही मुकदमा दर्ज किया गया।मंगलवार को दोनों पीड़ितों ने डीआईजी सहारनपुर को शिकायती पत्र भेजकर बाइक चोरी के मामलों में मुकदमा दर्ज करने, आरोपियों की गिरफ्तारी तथा बाइक बरामद कराने की मांग की है।इस बीच क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि थाना स्तर पर कार्यशैली को लेकर लोगों में नाराजगी है।

कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों के व्यवहार को लेकर उच्चाधिकारियों से शिकायत किए जाने की बात कही है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# एक घंटे की मूसलाधार वारिस में चारों तरफ पानी ही पानी।

**जल भराव को देख पालिका की टीम जेसीबी मसीन सहित सड़कों पर निकली। नालों में जमा पॉलिथीन व अन्य कूड़ा कचड़ा हटा कर पानी की निकासी कराई।**

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**




फिरोजाबाद। शिकोहाबाद में मंगल वार दोपहर 12 बजे के बाद लगभग एक घंटे की मूसलाधार बारिश ने नगर पालिका द्वारा कराये गये अब तक पानी निकासी के कार्यों की पोल खोल कर रख दी है। मूसलाधार बारिश में हर गली, मोहल्ला जलमग्न हो गया। खाली प्लाटों में पानी भरने से आसपास के घरों में पानी भर गया। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इधर बारिश समाप्त होते ही नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि और अधिशाषी अधिकारी अपनी टीम के साथ जल भराव की समस्या के समाधान के लिए जेसीबी मशीन लेकर निकल पड़े। उन्होंने तहसील तिराहा, नारायण तिराहा पर नालों के मुहानों पर जमा पॉलिथीन, सिल्ट और अन्य कूड़े को निकलवा कर पानी निकासी में तीव्रता लाई। सोमवार और फिर मंगलवार को दोपहर में हुई मूसलाधार बारिश के चलते नगर की सफाई व्यवस्था और जल भराव ना हो इसके लिए पालिका द्वारा कराये गये सभी प्रयास झूठे साबित हुए। बारिश के बंद होने के एक घंटे बाद भी पानी नहीं निकला। तहसील तिराहा से लेकर पक्का तालाब तक हालात यह थे कि सड़क पर तीन फीट तक पानी भरा हुआ था। जिससे दोपहिया वाहन पानी में निकलते समय बंद हो रहे थे। वहीं गर्मी से परेशान बच्चे बारिश के बाद सड़क पर भरे हुए पानी में नहा कर अठखेलियां करते नजर आ रहे थे। आलम यह था मंगलवार दोपहर को हुई बारिश का पानी थाना परिसर में भी घुस गया। जिससे वहां खड़े वाहन भी तैरने लगे। पानी इतना था कि थाने के कार्यालय के बाहर लगी रुकावट को भी पानी पार कर अंदर प्रवेश कर गिया। जिसके बाद थाने पर फरियादी नहीं पहुंच पाए। वहीं तहसील के प्रमुख गेट पर भी पानी भरा हुआ था। जिसके बाद अधिवक्ताओं को भी तहसील से घर तक पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसके बाद पालिका ने कमान संभाली और पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि राजीव गुप्ता, अधिशाषी अधिकारी राजकुमार, कार्यालय अधीक्षक हृदयराम यादव, एफएसआई कुलदीप सिंह, जेई व अन्य पालिका के सफाई कर्मचारी जेसीबी मशीन के साथ सड़क पर निकले और नालों में जमा पॉलिथीन और गंदगी को हटवा कर पानी की निकासी को तेज कराया। जिसके कुछ मिनटों बाद पानी का स्तर काफी तेजी से घटा और लोगों ने राहत की सांस ली। जलभराव की समस्या से आम जनता को निजात दिलाने के लिए पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि और अधिशाषी अधिकारी ने इस पर गहन विचार विमर्श किया।

# शिकायत के बाद भी नहीं सुधरी एलईडी लाइट, युवक ने सोशल मीडिया पर जारी किया वीडियो

**समाज जागरण**

**कांधला।(फुरकान जंग)**



कस्बे के मोहल्ला मौलानान में एक धार्मिक स्थल के निकट लगी नगर पालिका की एलईडी स्ट्रीट लाइट लंबे समय से खराब पड़ी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायत करने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं किया गया।मंगलवार को मोहल्ला मौलानान निवासी भूरा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उनका आरोप है कि कई बार शिकायत किए जाने के बाद भी संबंधित कर्मचारी नदीम ने खराब पड़ी एलईडी लाइट को ठीक नहीं कराया। इससे रात के समय क्षेत्र में अंधेरा रहने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।वीडियो के माध्यम से युवक ने नगर पालिका प्रशासन से जल्द से जल्द खराब एलईडी लाइट को ठीक कराने और क्षेत्र की समस्या का समाधान कराने की मांग की है। वहीं, वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद स्थानीय लोगों में भी नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

# टूंडला में सपा का पीडीए सम्मेलन, प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा पर साधा निशाना।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**




फिरोजाबाद। टूंडला विधानसभा क्षेत्र के मोहम्मदाबाद स्थित किशन होटल में समाजवादी पार्टी के पीडीए सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कार्यकताओं से एक-एक वोट जोड़कर पीडीए को मजबूत करने और आगामी चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर करने का आह्वान किया।

सम्मेलन से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने विधानसभा, ब्लॉक, नगर, जोन, सेक्टर और सहसेक्टर स्तर के पदाधिकारियों व जिम्मेदार नेताओं के साथ बैठक कर संगठन की तैयारियों की समीक्षा की। इसके बाद आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार किसान, दलित, पिछड़े, छात्र और नौजवानों के हितों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने खाद की उपलब्धता, किसानों को फसलों का उचित मूल्य न मिलने और प्राथमिक विद्यालय बंद किए जाने जैसे मुद्दे उठाए। श्यामलाल पाल ने महारानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थापना का मुद्दा भी उठाते हुए कहा कि सपा सरकार बनने पर लखनऊ में उनकी प्रतिमा स्थापित कर सम्मान दिया जाएगा। राम मंदिर चंदा मामले को लेकर भी उन्होंने भाजपा सरकार पर सवाल उठाए। जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव एडवोकेट ने कहा कि भाजपा सरकार में छात्रों की शिक्षा, युवाओं की नौकरी, किसानों और मजदूरों के हित प्रभावित हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष संदीप यादव एडवोकेट ने किया। सम्मेलन में राष्ट्रीय सचिव महाराज सिंह धनगर सहित पार्टी के कई पदाधिकारी, सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आचार्य निर्भय सागर बोले- धार्मिक स्थलों पर रखें शालीनता, क्रिकेटर सारांश जैन को दिया आशीर्वाद।

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद। छदामीलाल महावीर जैन मंदिर में आयोजित धर्मसभा में वैज्ञानिक संत आचार्य श्री निर्भय सागर जी महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति की पहचान हमारे आचरण और पहनावे से होती है। इसलिए प्रत्येक स्त्री-पुरुष को शालीन वस्त्र धारण करने चाहिए और विशेष रूप से धार्मिक स्थलों पर मयार्दा, श्रद्धा एवं भक्ति का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंदिर या अन्य धार्मिक स्थान पर स्नान कर स्वच्छ वस्त्र पहनकर जाना चाहिए। प्रभु, गुरु, वैद्य, रिश्तेदार और राजा के यहां कभी खाली हाथ नहीं जाना चाहिए। दान-पूजा जैसे धार्मिक कार्य करते समय मन, वचन और कर्म की शुद्धि के साथ तिलक लगाकर एवं सिर ढककर विधिपूर्वक पूजा करनी चाहिए। तभी धार्मिक कार्यों की पूर्ण सिद्धि होती है।

धर्मसभा के दौरान आचार्य श्री ने इंदौर के ऑलराउंडर सारांश जैन के भारतीय क्रिकेट टीम में चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। उन्होंने विश्वास जताया कि सारांश जैन अपनी स्पिन गेंदबाजी और बल्लेबाजी से देश का नाम रोशन करेंगे तथा डेब्यू मैच में यादगार प्रदर्शन करेंगे।

सभा में विनोद जैन मिलेनियम, अरुण जैन पीली, अजय जैन एडवोकेट, ललितेश जैन, संभव प्रकाश जैन, निमेष जैन, शैलेंद्र शैली, पंकज जैन, अनुज जैन, राजेश जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी अजय जैन बजाज एवं राज जैन ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे धर्मसभा तथा शाम 6:30 बजे शंका समाधान का आयोजन किया जाता है।

# दो आवासीय विद्यालयों में पहुंचीं महिला आयोग की उपाध्यक्ष, बोलीं- मेहनत का कोई विकल्प नहीं

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चारू चौधरी ने मंगलवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें मेहनत, अनुशासन और समय के सदुपयोग का महत्व समझाया। साथ ही विद्यालयों की शैक्षणिक एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

चारू चौधरी ने छात्र-छात्राओं से कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए निरंतर मेहनत करनी होगी, क्योंकि मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि समय सबसे मूल्यवान है। एक बार बीत जाने के बाद वह वापस नहीं आता, इसलिए हर दिन का लक्ष्य तय करें और उसे पूरा करने का प्रयास करें। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए नियमित समय-सारिणी बनाकर उसका पालन करने की सलाह भी दी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय प्रतिस्पर्धा का दौर है। ऐसे में वही विद्यार्थी आगे बढ़ सकता है, जो परिश्रमी, अनुशासित और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित हो। शासन विद्यार्थियों की शिक्षा और बेहतर भविष्य के लिए हर स्तर पर सहयोग कर रहा है।

निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने दोनों विद्यालयों में साफ-सफाई, पठन-पाठन और भोजन व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। विद्यालयों के परीक्षा परिणाम और विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन पर संतोष जताते हुए उन्होंने व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को निर्देश दिए कि बदलते प्रतिस्पर्धी माहौल को देखते हुए विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर सकें।

# गुरु रविदास जयंती वर्ष पर निकली कलश वंदन यात्रा , समरसता का दिया संदेश।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की आगामी 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी दक्षिण मंडल, महानगर की ओर से मंगलवार को समरसता संकल्प अभियान के तहत भव्य कलश वंदन यात्रा निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व दक्षिण मंडल अध्यक्ष देश दीपक गुप्ता (राजा) ने किया।

कलश वंदन यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यात्रा के दौरान संत गुरु रविदास के सामाजिक समरसता, समानता, भक्ति और मानव सेवा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि गुरु रविदास का जीवन समाज को एकता, सद्भाव और सेवा की राह पर चलने की प्रेरणा देता है।

यात्रा का बस स्टैंड, करबला की पुलिया, नई बस्ती, भोजपुरा, कोटला मोहल्ला, चंद्रवार गेट और रामनगर सहित विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। जगह-जगह लोगों ने श्रद्धा के साथ यात्रा का अभिनंदन किया।

इस दौरान महानगर मंत्री डॉ. दुर्गेश यादव, सुखपाल निषाद, नामित पार्षद केशव देव शंखवार, योगेश बघेल, अंकित गुप्ता, विनोद तोमर, विजय सिंह राठौर, दीपक शर्मा, गीता राठौर, सपना राठौर, हरी निवास शर्मा, विष्णु राठौर, सारिका गुप्ता, सुभाष चक, सचिन कौशल, पार्षद श्याम सिंह यादव, पार्षद सुनील राठौर, त्रिलोक नाथ, देवेंद्र चक, शिव शंकर राठौर, जितेंद्र शंखवार, रोमी सागर समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम का समापन 'जय गुरु रविदास' के जयघोष के साथ हुआ।

# अपना घर आश्रम में लगे 100 पौधे, लायंस फैमिली क्लब ने दिया हरियाली का संदेश।

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद। सावन माह के अवसर पर लायंस फैमिली क्लब फिरोजाबाद ने मंगलवार को अपना घर आश्रम में पौधरोपण अभियान चलाया। क्लब अध्यक्ष अनिल गर्ग के नेतृत्व में सदस्यों ने करीब 100 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। क्लब अध्यक्ष अनिल गर्ग ने बताया कि इस बार रसोई में उपयोग होने वाले मसालों के पौधों के साथ ऐसे पौधे भी लगाए गए हैं, जो वातावरण को शुद्ध रखने और पर्यावरण संरक्षण में सहायक हैं। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उनका नियमित संरक्षण और देखभाल करना भी सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि अपना घर आश्रम में निराश्रित और लावारिस लोगों को निःशुल्क आश्रय दिया जाता है। ऐसे में हरियाली बढ़ने से आश्रम का वातावरण और अधिक स्वच्छ एवं स्वस्थ बनेगा। पौधरोपण अभियान में मधु सिंह, विश्वदीप सिंह, विनोद सरीन, मुकेश गुप्ता (मामा), अनिल चौयस, राकेश गर्ग, पंकज अग्रवाल, सुनील वाधवा सहित क्लब के अन्य सदस्यों ने सहभागिता की।

आश्रम के प्रशासनिक अधिकारी अनिल लहरी ने कहा कि लायंस फैमिली क्लब हर वर्ष मानव सेवा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य करता है। उन्होंने क्लब के सहयोग की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह आश्रम के साथ जुड़े रहने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# 30 लाख के 151 गुम मोबाइल बरामद, मालिकों को लौटाए।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। सर्विलांस सेल और जनपद पुलिस ने सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर 151 गुम मोबाइल बरामद कर उनके स्वामियों को सौंप दिए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपये है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश घुनावत के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध चंचल त्यागी के नेतृत्व में सर्विलांस सेल व थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया।

इसके तहत वीवो, रीयलमी, ओप्पो, सैमसंग, रेडमी, टेक्नो, मोटोरोला समेत विभिन्न कंपनियों के मोबाइल बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से अब तक फिरोजाबाद पुलिस 1747 गुम मोबाइल बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप चुकी है।

मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। एसएसपी ने की पोर्टल के उपयोग की अपील पुलिस ने बताया कि मोबाइल गुम होने पर कोई भी व्यक्ति भारत सरकार के सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकता है। शिकायत मिलते ही सर्विलांस सेल और संबंधित थाना पुलिस मोबाइल की तलाश कर उसे बरामद कराने का प्रयास करती है। इस अभियान में सर्विलांस सेल प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार व उनकी टीम तथा जनपद के सभी थाना प्रभारियों की टीमों ने अहम भूमिका निभाई।

# कलाम खिदमत ट्रस्ट ने किया फिटनेस रथ कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत

**समाज जागरण बागपत।**




कलाम खिदमत ट्रस्ट ने हरिद्वार से बडौत में जल लेकर पहुंची फिटनेस रथ कावड़ यात्रा का गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं सुप्रसिद्ध समाज सेवी शोएब अली एवं अनुज तोमर लायन मलकपुर ने अमित मुंढेरकला उर्फ मीतू मुंढेरिया का नोटों की माला पहनाकर व ट्रॉफी देकर सम्मान किया और उनका उत्साह बढ़ाया। मीतू मुंढेरिया दिल्ली पुलिस के जवान है और वह हरिद्वार से ट्रॉली नुमा कावड़ को रस्सी के जरिए अपने कंधे से खींचते हुए अपनी मंजिल की तरफ पहुंच रहे हैं। उनकी यह वीडियो सोशल मीडिया पर बहुत तेजी के साथ वायरल हो रही है। मीतू मुंढेरिया जब इस कावड़ को लेकर बडौत पहुंचे तो उन्हें देखने के लिए यहां पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सभी ने उनके साथ फोटो खिंचवाये और खूब सेल्फी ली। इस मौके पर कलाम खिदमत ट्रस्ट के अध्यक्ष शोएब अली व अनुज तोमर लायन मलकपुर ने मीतू मुंढेरिया द्वारा लाई जा रही ढाई टन वजन की कावड़ के लिए उनकी प्रशंसा की। मीतू मुंढेरिया समाज से नशे को मिटाने के लिए इस कावड़ को ला रहे हैं।

# पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक की श्रद्धांजलि सभा के लिए राकेश शर्मा ने किया गांव-गांव जनसंपर्क

### 5 अगस्त को हिसावदा में होगा किसान सम्मान दिवस, भारी संख्या में पहुंचने की अपील

**समाज जागरण**



बागपत। पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि देने के लिए किसान कांग्रेस पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी राकेश शर्मा ने साथियों के साथ जनपद के गांव-गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। बताया गया कि 5 अगस्त को पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के पैतृक गांव हिसावदा में सुबह हवन और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। इस दिन को किसान सम्मान दिवस के रूप में भी मनाया जाएगा। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में किसान, आमजन और सामाजिक कार्यकताओं के पहुंचने की अपील की जा रही है। राकेश शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डोर-टू-डोर संपर्क कर दर्जनों गांवों में लोगों से मुलाकात की और किसान नेता एवं पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि देने का आह्वान किया। राकेश शर्मा ने कहा कि सत्यपाल मलिक ने हमेशा किसानों और आम जनता की आवाज बुलंद की। उनके विचार और संघर्ष को याद करना हम सभी का दायित्व है। इस जनसंपर्क अभियान में रविदत्त शर्मा, देवेंद्र शर्मा, यशवीर सिंह, देवदत्त, मंगलसेन शर्मा, सतेन्द्र शर्मा, अजय कुमार सोती, अंकित सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे। किसान कांग्रेस ने कहा कि हिसावदा में होने वाले किसान सम्मान दिवस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील है। श्रद्धांजलि सभा के बाद किसानों की समस्याओं और सम्मान से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की जाएगी।

# हिसावदा में सत्यपाल मलिक की पुण्यतिथि, राहुल गांधी हो सकते हैं शामिल

**समाज जागरण**



नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने बताया कि 5 अगस्त 2026 को बागपत जनपद के हिसावदा गांव में पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय सत्यपाल मलिक जी की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी। गौतम ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी भी यदि संसद में कोई विशेष कार्य नहीं हुआ तो स्वर्गीय सतपाल मलिक जी को श्रद्धांजलि देने हिसावदा पहुंचेंगे। यह कार्यक्रम किसी राजनीतिक मंच के रूप में नहीं, बल्कि परिवार और गांव के लोगों द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा है। राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि स्वर्गीय सत्यपाल मलिक जी किसान मसीहा थे। उन्होंने हमेशा किसानों, जवानों और मजदूरों की आवाज बुलंद की। किसान आंदोलन और पुलवामा हमले के मुद्दे पर भी उन्होंने सरकार से सवाल किए थे। पुण्यतिथि कार्यक्रम में राहुल गांधी के साथ-साथ कांग्रेस के पश्चिम उत्तर प्रदेश के सभी जिलाध्यक्ष, प्रकोष्ठ अध्यक्ष, किसान, मजदूर, पूर्व सैनिक, जाट समाज के लोग और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे।

# सीओ राजेश सोलंकी ने चेक की कांवड़ यात्रा मार्गों पर पुलिस ड्यूटी

**दैनिक समाज जागरण**
**मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



नगीना । पुलिस उपाधीक्षक राजेश सिंह ने नगीना पुलिस सर्किल क्षेत्र के सभी कांवड़ यात्रा मार्गों पर लगाई गई पुलिस की ड्यूटी को चेक किया तथा ड्यूटी पर तैनात उपनिरीक्षकों व सिपाहियों को निर्देश दिए कि पूरी मुस्तैदी व सतर्कता के साथ ड्यूटी करें और बिना बताए अपने ड्यूटी प्वाइंट को न छोड़ें।

पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश सिंह सोलंकी ने सोमवार की तड़के ही नगीना क्षेत्रान्तर्गत कांवड़ यात्रा ड्यूटी में तैनात पुलिस बल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कांवड़ मार्ग पर आवागमन कर रहे शिवभक्तों/कांवड़ियों से सुरक्षा एवं पुलिस व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के उपरांत ड्यूटी पर तैनात समस्त पुलिसकर्मियों को सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने तथा कांवड़ियों को कोई भी परेशानी न होने देने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।सीओ ने शिवभक्त कांवड़ियों को रोककर उनसे पूछा कि आवागमन या सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्हें कोई शिकायत तो नहीं है।

# एटीएम मशीन में कैश डाल रहे संचालक के साथ अज्ञात व्यक्ति ने की मारपीट

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



नगीना । नगर के बाजार बारादरी में एक निजी बैंक के एटीएम मशीन में कैश डाल रहे जनसेवा केंद्र के संचालक के साथ एटीएम से रुपए निकालने आए व्यक्ति ने गाली गलौच व मारपीट की। पीड़ित ने थाना प्रभारी को शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। स्थानीय बारादरी बाजार निवासी आलोक अग्रवाल का पुत्र अराध्य अग्रवाल मेन बाजार बारादरी में अपने दादा शिवकुमार पंसारी की पैतृक दुकान में जनसेवा केंद्र, श्याम ट्रेवल्स एवं हिचाची कंपनी के एटीएम व बैंक ऑफ बड़ौदा की फ्रेंचाइजी का संचालन करता है। अराध्य रोजाना की तरह सोमवार की शाम पौने पांच बजे एटीएम मशीन में कैश डाल रहा था। पुलिस को दी गई शिकायत में अराध्य अग्रवाल ने कहा है कि वह एक बैग में 20 लाख रुपए लेकर एटीएम मशीन में कैश डालने के लिए मशीन का कैश बॉक्स खोल रहा था।आरोप है कि एक अज्ञात व्यक्ति (संभवतः वह एटीएम से कैश निकालने आया होगा) एटीएम बूथ के गेट पर खड़ा हो गया। जब अराध्य ने दो बार उसे बूथ से बाहर जाने को कहा तो वह भड़क गया और गाली गलौच करते हुए एटीएम बूथ से बाहर खींचकर मारपीट करने लगा। आसपास के दुकानदारों ने बीच बचाव कर अराध्य को बचाया। सारी घटना सीसी टीवी में कैद हो गई है। अराध्य अग्रवाल ने थाना प्रभारी को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# माता महालक्ष्मी का हुआ भव्य महाभिषेक, 101 थाल से हुई महाआरती

**समाज जागरण बागपत।**



बागपत की सीमा से सटे सोनीपत शहर में पहली बार माता महालक्ष्मी महाभिषेक एवं महाराजा अग्रसेन महिमा महोत्सव का भव्य एवं श्रद्धापूर्ण आयोजन किया गया। सेक्टर-14 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित इस धार्मिक महोत्सव में बागपत से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन श्री अग्रसेन धाम विकास समिति, जिला सोनीपत द्वारा अग्रकेसरी महाकुंभ ( अंतरराष्ट्रीय) ट्रस्ट, दिल्ली के सहयोग से किया गया। महोत्सव का उद्देश्य समाज में धार्मिक एवं आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देने के साथ-साथ महाराजा अग्रसेन की महिमा का गुणगान करना रहा। महोत्सव के दौरान माता महालक्ष्मी जी का सात पवित्र तीर्थों के जल से विधिवत महाभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने माता को 21 मीटर लंबी चुनरी, 11 मीटर का गजरा, मेहंदी के थाल एवं विभिन्न प्रकार के श्रृंगार अर्पित किए और माता महालक्ष्मी से ऋण मुक्ति, धन-ऐश्वर्य, वंश वृद्धि, सुख-समृद्धि और विशेष आशीर्वाद की कामना की। श्री अग्रसेन धाम कुंडली के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने बताया गया कि यह आयोजन सोनिपत के अग्रबंधुओं के लिए ऐतिहासिक एवं यादगार अवसर रहा। महोत्सव के माध्यम से श्रद्धालुओं को महाराजा अग्रसेन के आदर्शों और माता महालक्ष्मी की आराधना से जुड़ने का अवसर मिला। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण 101 थाल एवं 501 ज्योत से की गई मंगल महाआरती रही। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से महाआरती में भाग लिया। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायक प्रिंस जैन एवं शुभम रिठालिया ने भजनों से श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सराबोर किया। महोत्सव में सभी अतिथियों का स्वागत-सम्मान किया गया तथा श्रद्धालुओं के लिए सुबह से भंडारा महाप्रसाद भी आयोजित किया गया।

इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय अग्रसमन्वय कमेटी के अध्यक्ष बाल किशन अग्रवाल, सोनीपत के मेयर एवं धाम के राष्ट्रीय मार्गदर्शक राजीव जैन, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार एवं धाम मार्गदर्शिका कविता जैन, अग्रसेन भवन के अध्यक्ष एवं धाम के वाईस चौयरमैन टीकाराम मितल, सोनीपत विधान सभा चेयरमैन नवपद से विभूषित पवन अग्रवाल, अध्यक्ष नरेश कंसल, नरेश गर्ग, अनिल गर्ग, अशोक गर्ग, राजेन्द्र कुच्छल, सुरेश कानन गोयल, ओडी गर्ग धाम के प्रांतीय संयोजक पवन गुप्ता, राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक विरेन्द्र बंसल स्टील वाले, अग्रकेसरी रत्न हरि प्रकाश मंगला, अग्र भूषण विकास मंगला, महेन्द्र मंगला, गजेन्द्र मंगला, नीरू गोयल, रेखा गर्ग, कविता जिंदल, धाम राष्ट्रीय समिति से राष्ट्रीय महामंत्री अनिल गोयल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश गोयल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दीपक मंगला, दीपक मित्तल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतुल सिंघल, श्रीभगवान गोयल, धाम नरेला विकास समिति के अध्यक्ष मोहित गुप्ता, कोषाध्यक्ष भूपेष बंसल, राधा कृष्ण मंगला, संगीता मंगला, प्रांतीय संयोजिका महिला समिति रश्मि सिंघल, मीनू मंगला, अनिल गुप्ता, राजेश गुप्ता, निवेदिता गुप्ता, राकेश गुप्ता, सतपाल गोयल, सतपाल गुप्ता, राजीव बंसल सहित सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# जमीअत उलेमा के तत्वावधान में मुतवल्लियान-ए-औकाफ की बैठक

### वक्फ संपत्तियों के संरक्षण और पंजीकरण पर हुआ विस्तृत मंथन

**समाज जागरण**



बड़ौत। जमीअत उलेमा तहसील बड़ौत के तत्वावधान में मुफ्ती मेहरबान अकादमी में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के मुतवल्लियान-ए-औकाफ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के संरक्षण, मुत वल्लियत और पंजीकरण के संबंध में जागरूकता फैलाना था। बैठक की अध्यक्षता कारी मोहम्मद साबिर, अध्यक्ष जमीअत उलेमा तहसील बड़ौत ने की। संचालन मौलाना आरिफुल हक, शहर काजी बड़ौत ने किया। मौलाना अबुल हसन नदवी ने वक्फ की धार्मिक और सामाजिक महत्ता बताते हुए कहा कि यह उम्मत की अमानत है और इसकी सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। मुफ्ती शाह आलम मजाहिरी ने कहा कि वर्तमान समय में वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा जरूरी है। मुतवल्ली ईमानदारी से जिम्मेदारी निभाएं और कानूनी प्रक्रिया पूरी करें, तभी मस्जिद, मदरसा और अन्य धार्मिक संस्थाएं सुरक्षित रहेंगी। उन्होंने सभी से वक्फ संपत्तियों का विधिवत पंजीकरण सुनिश्चित करने का आह्वान किया। सूबेदार चौधरी उमर जान ने मुतवल्लियत और नए वक्फों के रजिस्ट्रेशन की कानूनी प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। मौलाना फुरकान ने जमीअत यूथ क्लब के माध्यम से युवाओं की धार्मिक और नैतिक शिक्षा पर जोर दिया। जनाब आसिफ ने जमीअत का "मॉडर्न विलेज" अभियान बताया।

प्रश्नोत्तर सत्र में कारी मोहम्मद साबिर ने वक्फ से जुड़े सवालों के जवाब दिए। अंत में मौलाना यामीन ने दुआ कराई इसमें मुफ्ती कलीम, मुफ्ती सखा उल्लाह, मुफ्ती अहसान कासमी, मौलाना नासिर, मौलाना नौशाद सहित निरपुड़ा, अशरफाबाद, थल, कोताना, टांडा, बड़ौली, दोघट आदि क्षेत्रों से बड़ी संख्या में उलेमा और मुतवल्ली उपस्थित रहे।

# आचार्य आर्जव सागर महाराज का चातुर्मास मंगल कलश कार्यक्रम मनाया

**समाज जागरण बागपत।**




आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज के सुशिष्य आचार्य श्री आर्जव सागर जी महाराज का चातुर्मास मंगल कलश कार्यक्रम बड़ौत के अजित नाथ सभागार मंडी में धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ झंडारोहण के साथ पवन कुमार हंस कुमार जैन ने किया। चित्र अनावरण सुरेश जैन द्वारा और दीप प्रज्वलन सुनील कुमार सुधीर जैन द्वारा किया गया। पाद प्रक्षालन हंस कुमार जैन द्वारा,शास्त्र भेंट भूपेंद्र जैन, सपना जैन एवं लोकेश जैन दिल्ली द्वारा भेंट किया गया। आरती विमर्श जागृति मंच परिवार द्वारा और वात्सल्य भोज मुकेश जैन जैन टेंट द्वारा किया गया। श्री अजितनाथ मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मुकेश जैन एवं प्रदीप जैन द्वारा सभी अतिथियों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर श्रेयांस जैन एवं वरदान जैन द्वारा किया गया। संगीतकार संतोष म्यूजिकल ग्रुप के मधुर भजनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। चातुर्मास मुख्य कलश का सौभाग्य प्रेमचंद अतुल जैन को,रजत कलश का सौभाग्य हंस कुमार माउंट लिटरा, मुकेश सभासद एवं प्रदीप बामनोली वालो को प्राप्त हुआ। अन्य कलशों का सौभाग्य राजकुमार जैन, जितेंद्र जैन, संजीव जैन, दिनेश जैन, अशोक जैन, बिजेन्द्र जैन, गुणमाला जैन, सुनील जैन, सतेंद्र जैन एवं मदन लाल जैन को प्राप्त हुआ। आचार्य श्री ने सभा के मध्य सभी जैन श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया और कहा कि सभी विनय से और धर्म भावना के साथ संगठित होकर इसी प्रकार देव शास्त्र गुरु की आराधना करोगे तो तुम्हारा मानव जीवन सार्थक हो जाएगा। बड़ौत की श्री अजितनाथ मंदिर कमेटी ने अद्भुत भक्ति प्रस्तुत की है।500 किलोमीटर से अधिक गुरु का विहार कराकर बड़ौत लाये और चातुर्मास कराया। मेरा पूरे बड़ौत जैन समाज को बहुत बहुत आशीर्वाद हैं।

सभा में महेंद्र जैन, मुकेश जैन, जितेंद्र जैन, नवीन जैन, प्रदीप जैन, वरदान जैन, विकास जैन, अंकुर जैन, अनुज जैन, ऋषभ जैन, नितिन जैन, धनेंद्र जैन, अतुल जैन, वीरसेन जैन, अनिल जैन, संजीव जैन, संजय जैन, वकील चंद जैन आदि उपस्थित थे।

# दहेज उत्पीड़न, तीन तलाक व मारपीट के आरोप में पति समेत छह पर मुकदमा दर्ज

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**
**शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

अफजलगढ़। थाना क्षेत्र निवासी एक विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न,मारपीट,घरेलू हिंसा, तीन तलाक देने और जान से मारने की धमकी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर के मोहल्ला मियांजी मोखा निवासी सदक उर्फ गुलिस्ता पुत्री रियासत हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह 17 फरवरी 2024 को मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार दिल्ली निवासी शौकीन पुत्र स्वर्गीय सिराजुद्दीन के साथ हुआ था। आरोप है कि विवाह के बाद से ही पति शौकीन,जेठ अनवर,सास शरवरी,जेठानी तरन्नुम, महफूज पुत्र अताउल्ला तथा नसरीन पत्नी महफूज उस पर महिंद्रा एक्सयूवी-300 कार और पैतृक संपत्ति में हिस्सा लाने का दबाव बनाने लगे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किया गया तथा मारपीट की गई। विवाहिता का आरोप है कि मार्च 2025 में उसे जहर देकर जान से मारने का प्रयास किया गया, जिसके बाद वह अपने मायके लौट आई। इसके बाद अप्रैल 2026 में पिता के साथ ससुराल पहुंचने पर दोबारा विवाद हो गया। आरोप है कि इस दौरान पति और अन्य परिजनों ने उसके पिता के साथ मारपीट की तथा पति ने उसके सामने तीन बार तलाक बोलकर उसे घर से निकाल दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई।

पीड़िता की शिकायत पर थाना अफजलगढ़ पुलिस ने पति सहित नामजद छह आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति सहित छह नामजद आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

मामले की विवेचना की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# घास काटते समय किसान को सांप ने डसा, समय पर उपचार से बची जान

**दैनिक समाज जागरण**
**मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

अफजलगढ़। थाना क्षेत्र के गांव माधोवाला टांडा निवासी टिकेंद्र पुत्र जगबीर सिंह सोमवार सुबह करीब 11 बजे गांव मीरापुर स्थित किसान रजनीश सिंह के खेत में पशुओं के लिए घास काटने गए थे। घास काटने के दौरान अचानक उन्हें सांप ने काट लिया। घटना के बाद उन्होंने इसकी जानकारी तत्काल परिजनों को दी।

परिजन बिना देर किए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ( सीएचसी) अफजलगढ़ लेकर पहुंचे। वहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. नवीन कुमार ने प्राथमिक जांच के बाद स्नेक एंटीवेनिम इंजेक्शन देकर उपचार शुरू किया। करीब चार घंटे तक चिकित्सकीय निगरानी में रखने के बाद उनकी हालत में सुधार होने पर उन्हें घर भेज दिया गया।

चिकित्सक डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि बरसात के मौसम में खेतों और घास वाले क्षेत्रों में सांप निकलने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में यदि किसी व्यक्ति को सांप काट ले तो झाड़-फूंक या घरेलू उपचार के बजाय तुरंत निकटतम सरकारी अस्पताल पहुंचकर उपचार कराना चाहिए। समय पर उपचार मिलने से मरीज की जान बचाई जा सकती है।

# संयोजक बने नमन बंसल 'टंडन', अग्रसेन जयंती महोत्सव की तैयारियां तेज।

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। अग्रवाल सभा/ अग्रवाल धर्मशाला ने वर्ष 2026 के महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का संयोजक समाजसेवी नमन बंसल 'टंडन' को मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। सभा के अध्यक्ष मनोज बंसल 'लल्ला' ने बताया कि नमन बंसल लंबे समय से सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय हैं। उनकी कार्यकुशलता, संगठन क्षमता और समाज सेवा को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। समाज के वरिष्ठजनों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व और समाजबंधुओं के सहयोग से महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव-2026 भव्य एवं गरिमामय ढंग से आयोजित होगा। साथ ही समाज में एकता, सेवा, सहयोग और भाईचारे की भावना को और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर किशन बिहारी गर्ग, सुरेंद्र बंसल, जानकी प्रसाद, राकेश अग्रवाल 'नवरंग', अजय बंसल 'अज्जू', राजेश अग्रवाल 'आलोक', अजय जिंदल, विकास बंसल, आनंद मित्तल, आलिंद अग्रवाल, ई.एस.सी. अग्रवाल, राकेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सार्वजनिक पेशाबघर पर कब्जे के विरोध में व्यापारियों का प्रदर्शन

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। शास्त्री मार्केट और चंद्रशेखर आजाद मार्केट के सैकड़ों व्यापारियों ने मंगलवार को सार्वजनिक पेशाबघर पर कथित अवैध कब्जे और उसके क्षतिग्रस्त होने के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने समस्या के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष रामनरेश कटारा और महानगर अध्यक्ष प्रशांत माहेश्वरी के नेतृत्व में पहुंचे व्यापारियों ने बताया कि करीब 50 वर्ष पुराने सार्वजनिक पेशाबघर को कुछ असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर उस पर कब्जा करने का प्रयास किया है। इससे बाजार के हजारों व्यापारियों और ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों की शिकायत सुनने के बाद जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दो दिन के भीतर सार्वजनिक पेशाबघर को कब्जा मुक्त कराकर उसकी मरम्मत कराने और दोबारा संचालित कराने का आश्वासन दिया। व्यापारियों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि सार्वजनिक सुविधाओं पर अवैध कब्जे की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो। ज्ञापन देने वालों में राम यादव, निकेश जैन (रानू), मोहन सोनी, बृजेश शर्मा, संजय बंसल, टिल्लू, यश ठाकुर, रोहित चौहान, पुष्पेंद्र कुमार, खुशहाल लालवानी, सचिन गुप्ता, अमन मिड्ढा, अमन जैन, जतिन समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# शिव भक्त कांवड़ टीम सुल्तानगंज से जल भरकर देवघर के लिए रवाना

**अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 04 अगस्त 2026: सावन के पवित्र महीने में सुल्तानगंज से देवघर तक की कांवर यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा



नहीं, बल्कि श्रद्धा, धैर्य और सामूहिक आस्था का जीवंत उदाहरण बन जाती है. हर कदम पर भक्ति का अनूठा अनुभव मिलता है.

भक्तों ने विधि-विधान से गंगा स्नान कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। उन्होंने अपने कांवर में उत्तरवाहिनी गंगा का पवित्र जल भरा। इसके बाद 'बोल बम', 'हर-हर महादेव' और 'बाबा नगरी चलो' के जयघोष के साथ कांवरिया देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए 105 किलोमीटर की पैदल यात्रा पर निकल पड़े।

वही शिव भक्त कांवड़ टीम जमशेदपुर से भक्तों की टोली सोमवार को निकली,जिसमे कि आदित्यपुर गम्हरिया बारीडीह से युवक पुर3 जोश के साथ निकले। सबसे पहले अजगैबी नाथ महादेव का दर्शन करते हुए सुल्तानगंज से जल उठाकर तीन दिन का पैदल यात्रा करते हुए बाबा बैद्यनाथ के मंदिर में जल अर्पण करेंगे। उसके बाद बाबा बसु की नाथ मंदिर जाकर बाबा बासुकीनाथ पर जल अर्पण करेंगे।

उल्लेखनीय है कि 30 जुलाई, 2026 से विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला शुरू होगा। इसे देखते हुए सुल्तानगंज में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिला प्रशासन ने सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, चिकित्सा और यातायात सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसका उद्देश्य देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा से बचाना है।

शिव भक्त कांवड़ टीम बारीडीह से पुनीत चौरसिया,आदित्यपुर से अक्षय मिश्रा,अभय मिश्रा,सुनील सिंह,गम्हरिया से सुरेंद्र सैलेंदर शामिल थे।

# कुकड़ू में विकास योजनाओं की समीक्षा, आवास व मनरेगा कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

**समाज जागरण**

चांडिल : सरायकेला-खरसावां जिले के कुकड़ू प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राजश्री ललिता बाखला की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। इस दौरान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने



के निर्देश दिए गए।बैठक में विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की प्रगति पर चर्चा की गई। बीडीओ ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने, लंबित आवासों को जल्द पूर्ण कराने तथा पात्र लाभुकों को समय पर योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।मनरेगा के तहत अधिक से अधिक रोजगार सृजन, नई योजनाओं की स्वीकृति एवं कार्यों में गति लाने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं के संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर आम लोगों तक पहुंच सके।बैठक में विभागवार कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा योजनाओं के प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन पर बल दिया गया। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# नबीनगर: जनकपुर पोखरा के समीप मुख्य सड़क बदहाल

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)औरंगाबाद जिले के नवीनगर नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत जनकपुर पोखरा के समीप नवीनगर-बारुण मुख्य पथ की स्थिति इन दिनों



काफी दयनीय हो गई है। सड़क पर जगह-जगह बने बड़े-बड़े गड्ढे राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। आए दिन इस मार्ग पर छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सड़क नवीनगर और बारुण को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन, स्कूली बच्चे एवं आम लोग आवागमन करते हैं। लेकिन सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बारिश के दिनों में गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। ग्रामीणों एवं स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि कई बाइक सवार और साइकिल चालक सड़क की खराब स्थिति के कारण गिरकर घायल हो चुके हैं। बावजूद इसके अब तक प्रशासन की ओर से सड़क मरम्मत को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका। लोगों ने प्रशासन से अविलंब सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# रामनारायण +2हाई स्कूल में प्रबंधन समिति का गठन, रूबी देवी अध्यक्ष व धर्मेंद्र पाण्डेय उपाध्यक्ष निर्वाचित

**पंकज कुमार पाठक, समाज जागरण**



पदमा- रामनारायण +2हाई स्कूल , पदमा में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पदमा पंचायत के मुखिया अनिल कुमार मेहता ने की। बैठक में उपस्थित सदस्यों एवं ग्रामीणों की सर्वसम्मति से विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद पर रूबी देवी तथा उपाध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र पाण्डेय का चयन किया गया।

बैठक में सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार मेहता, विधायक प्रतिनिधि नारायण यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष संजय कुमार यादव, पूर्व उपमुखिया प्रकाश ओझा, धर्मेंद्र पाण्डेय, जगन्नाथ पासवान, संजय साव, राजू मेहता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चयन पर उपस्थित लोगों ने उन्हें बधाई दी तथा विद्यालय के शैक्षणिक एवं आधारभूत विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई। बैठक में विद्यालय के बेहतर संचालन, विद्यार्थियों के हित तथा शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर भी जोर दिया गया।

# मेहंदी की कलाकृतियों में दिखा भारतीय संस्कृति का रंग, मां विंध्यवासिनी कॉलेज में प्रतियोगिता का आयोजन

**पंकज कुमार पाठक, समाज जागरण**



पदमा, हजारीबाग। पदमा स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में भारतीय संस्कृति एवं पारंपरिक कला को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मेहंदी प्रतियोगिता का रंगारंग आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में एम.एड., बी.एड. एवं डी.एल.एड. की प्रशिक्षु छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के निदेशक डॉ. अनूप कुमार, उप सचिव सतीश कुमार मेहता, विभागाध्यक्ष डॉ. तनुज गुप्ता एवं महाविद्यालय के शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने हाथों पर पारंपरिक, आधुनिक एवं ब्राइडल मेहंदी की आकर्षक डिजाइनों को उकेरकर कला एवं संस्कृति का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया।

निर्णायक मंडल में विशेषज्ञ हेमलता कुमारी एवं झारक्राफ्ट की सदस्य शिवांगी शालिनी शामिल रहीं। उन्होंने विभिन्न मानकों के आधार पर प्रतिभागियों की कलाकृतियों का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम का निर्देशन प्रो. अंशु रोजलिन लकड़ा एवं एनएसएस पदाधिकारी प्रो. अविनाश कुमार ने किया, जबकि मंच संचालन डॉ. प्रियंका कुमारी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेविका शारदा देवी मौजूद रहीं।

प्रतियोगिता में सतलज हाउस की दीक्षा कुमारी ने प्रथम, नीलगिरी हाउस की सिमरन ने द्वितीय तथा हिमालय हाउस की तनु कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या एवं निदेशक ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय कला एवं परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# आठ सूत्री मांगों को लेकर पंचायत सहायकों का आंदोलन तेज, 5 अगस्त को सीएम आवास घेराव का ऐलान

### कुकड़ू बीडीओ को सौंपा ज्ञापन, समान मानदेय, सेवा नियमावली व बीमा सहित कई मांगें उठाईं

**समाज जागरण**




चांडिल : सरायकेला खरसावां जिला के कुकड़ू प्रखंड कार्यालय में राज्यस्तरीय पंचायत सहायक संघ के आह्वान पर पंचायत सहायकों ने अपनी आठ सूत्री मांगों के समर्थन में 5 अगस्त को रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने की घोषणा की है। इस संबंध में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित आंदोलन की जानकारी दी गई।ज्ञापन में पंचायत सहायकों ने कहा है कि वर्षों से लंबित मांगों के समाधान के लिए सरकार से लगातार आग्रह किया जाता रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इससे पंचायत सहायकों में असंतोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि मांगों के समर्थन में राज्यभर के पंचायत सहायक 5 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास के समक्ष शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करेंगे।ज्ञापन में मुख्यमंत्री से संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता कराने, समान कार्य के लिए समान मानदेय लागू करने, पंचायत सहायकों के लिए सेवा नियमावली लागू करने, पदों पर 70 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने, सेवाकाल के दौरान मृत्यु होने पर आश्रितों को नियोजन देने, पंचायत सहायकों का बीमा कराने, ब्लॉक स्तर पर मॉनिटरिंग सेल गठित करने तथा नगर निकाय में शामिल पंचायत क्षेत्रों के सहायकों के समायोजन सहित आठ प्रमुख मांगें रखी गई हैं।पंचायत सहायकों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। ज्ञापन पर कुकड़ू प्रखंड के कई पंचायत सहायकों के हस्ताक्षर अंकित हैं। मौके पर शिवानी महतो, शरत सिंह मुंडा, सुजीत महतो, गुसाई मनी महतो, सस्ता कुमार, संजय महतो समेत कई पंचायत सहायक उपस्थित रहे

# 100 बोतल देशी शराब के साथ 1 तस्कर गिरफ्तार, पल्सर बाइक जप्त

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर ( बिहार) नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ छापेमारी कर 100 बोतल देशी टनाका शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। साथ ही तस्करी में इस्तेमाल पल्सर बाइक को भी जप्त किया गया है।थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि टंडवा देवी मंदिर के समीप अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी की।छापेमारी के दौरान पुलिस ने बेनीगंजहर गांव निवासी अंकित कुमार पिता शारदा सिंह को 100 बोतल देशी शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से शराब ले जाने में प्रयुक्त पल्सर बाइक को भी जब्त कर लिया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। बरामद शराब और जप्त बाइक को थाने लाया गया है। आरोपी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# पटना/ के गांधी मैदान थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े आईफोन की छिनैती, पुलिस जांच में जुटी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ पटना में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं और पुलिसिया खौफ कम होता दिख रहा है। ताजा मामला गांधी मैदान थाना क्षेत्र का है, जहां दिनदहाड़े एक युवक से उनका महंगा आईफोन छीनकर बेखौफ बदमाश आसानी से फरार हो गए। इस घटना से इलाके के लोगों और राहगीरों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। पीड़ित ने इस संबंध में गांधी मैदान थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार, जमालुद्दीनचक, खगौल (पटना) निवासी राजीव कुमार पाण्डेय 4 अगस्त की सुबह लगभग 10:10 बजे अपने घर से मरीन ड्राइव के रास्ते अपनी निजी बुलेट मोटरसाइकिल से ऑफिस जा रहे थे। जब वे आयुक्त कार्यालय के मोड़ से थोड़ा पहले पहुंचे, तभी पीछे से एक बाइक पर सवार होकर आए दो अज्ञात बदमाशों ने उनकी शर्ट की जेब पर अचानक झपट्टा मारा। बदमाशों ने पलक झपकते ही उनका महंगा आईफोन मोबाइल छीन लिया और तेजी से फरार हो गए।घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने समझदारी दिखाते हुए अपने छीने गए मोबाइल में लगे सिम कार्ड का नंबर तुरंत ब्लॉक करवा दिया। इसके बाद उन्होंने गांधी मैदान थाने पहुंचकर पूरी घटना की शिकायत की। गांधी मैदान थाना पुलिस ने पीड़ित का आवेदन प्राप्त कर तुरंत भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब घटनास्थल और उसके आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाल रही है, ताकि बाइक सवार लुटेरों की पहचान की जा सके और उनकी जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित हो सके।

# चेहल्लुम पर निकला पारंपरिक मातमी जुलूस, अमन और इंसानियत का दिया संदेश

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



4 अगस्त । शिया समुदाय का 10 दिनों तक चलने वाला पवित्र चेहल्लुम पर्व मंगलवार को जिले में पूरी श्रद्धा, अकीदत और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर शहर में पारंपरिक मातमी जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में अजादार शामिल हुए। जुलूस के दौरान पूरे शहर में गमगीन माहौल रहा और कर्बला के शहीदों की याद में मातम किया गया।

जानकारी के अनुसार, मातमी जुलूस शहर के कर्बला से प्रारंभ होकर फल चौक, गांधी चौक सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः कर्बला पहुंचकर संपन्न हुआ। काले लिबास में शामिल अजादार "या हुसैन, या हुसैन" की सदाओं के बीच सीना-जनी करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जुलूस में शामिल लोगों ने हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की कुबार्नी को याद करते हुए उनके बताए सत्य, न्याय, इंसानियत, अमन और भाईचारे के संदेश को अपनाने का आह्वान किया।

चेहल्लुम के अवसर पर शहर में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी पूरे समय मुस्तैद रहे। जुलूस मार्ग पर विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए, जिससे जुलूस शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सका।

जुलूस के सफल आयोजन में स्वयंसेवकों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिया समुदाय के लोगों ने सुरक्षा और सहयोग के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा सभी धर्मों के लोगों का आभार व्यक्त किया। पूरे आयोजन के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली और पर्व आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न हुआ।

# तिरुलडीह पुलिस को बड़ी सफलता: गैस सिलेंडर चोरी कांड का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार, 64 सिलेंडर बरामद

**समाज जागरण**



चांडिलः तिरुलडीह थाना कांड संख्या 11/2026 में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए गैस सिलेंडर चोरी गिरोह का पदार्फाश किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) चांडिल के नेतृत्व में गठित विशेष छापामारी दल ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के कुल 64 गैस सिलेंडर, चोरी में प्रयुक्त एक पिकअप वाहन, एक पल्सर मोटरसाइकिल तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार, 27 जुलाई 2026 को सारथी इंडेन ग्रामीण वितरक की संचालिका संध्या देवी ने तिरुलडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि सपादा गांव स्थित गैस गोदाम से अज्ञात चोरों द्वारा 56 गैस सिलेंडर चोरी कर लिए गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ चांडिल के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।

मानवीय एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने सदाब आलम उर्फ बटर, बाबू गोराई तथा मनीष कुमार श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर मानगो थाना क्षेत्र के टैंक रोड एवं दाईगुट्टू (जमशेदपुर) से चोरी के गैस सिलेंडर बरामद किए गए। साथ ही चोरी में प्रयुक्त पिकअप वाहन (JH05DW-4807) और पल्सर बाइक (JH05BN-7028) भी जब्त की गई।

पुलिस ने गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

छापामारी दल में अधिकारी एवं पुलिसकर्मी कौशल कुमार (थाना प्रभारी, तिरुलडीह), एसआई कार्तिकेय सिंह, एएसआई हरदेव पासवान, एएसआई बिरोलाल मुर्मू, हवलदार दिलीप लोहरा, हवलदार पिथो मुर्मू, आरक्षी रमेश मेलगांडी, आरक्षी प्रशांत कुमार दत्त शामिल थे।

# कार से 417.5 लीटर देशी शराब बरामद, 1 तस्कर गिरफ्तार कार जप्त

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**




नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के माली थाना पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से 417.5 लीटर देशी शराब बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने मौके से एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारवटास्कर की पहचान झारखंड के पलामू जिला के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कुलाहिया गांव निवासी रंजन कुमार पिता नरेश यादव हैथानाध्यक्ष दीपक कुमार राय के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि माली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पडरिया के समीप शराब तस्करी की जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया।चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध कार को रोका गया। तलाशी लेने पर कार से 417.5 लीटर देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने कार को भी जप्त कर लिया।इस दौरान कार चला रहे तस्कर को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ की जा रही है और इस नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद शराब और जप्त कार को थाने लाया गया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# सांसद पप्पू यादव ने मृतक ईओ विमल कुमार की परिवार से की मुलाकात

## उच्चस्तरीय जांच और न्याय की मांग

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**





पटना/ जिले के दानापुर में डेहरी-डालमियानगर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) विमल कुमार की सनसनीखेज हत्या के मामले में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। मंगलवार की सुबह जन अधिकार पार्टी (जाप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद राजीव रंजन उर्फ पप्पू यादव दानापुर के गोला रोड टी-प्वाइंट स्थित गंगा कुटीर अपार्टमेंट पहुंचे और मृतक ईओ के फ्लैट पर उनके शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। सांसद ने मृतक की पत्नी और बच्चों को ढांढस बंधाते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की और हरसंभव न्याय दिलाने का भरोसा दिया। परिजनों से मिलने के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए सांसद पप्पू यादव ने कहा कि इस जघन्य हत्याकांड ने पूरे बिहार को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। जब एक सरकारी अधिकारी ही सुरक्षित नहीं है, तो आम जनता की सुरक्षा का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। उन्होंने मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा साजिश में शामिल हर शख्स को बेनकाब किया जाए। सांसद ने कहा कि मृतक के चालक के मोबाइल पर आए कॉल डिटेल्स की गहराई से जांच होनी चाहिए और उसका नार्को टेस्ट कराया जाना चाहिए ताकि सच सामने आ सके। उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ित परिवार द्वारा एक स्थानीय विधायक पर गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं, फिर भी उनकी भूमिका की जांच और पूछताछ न होना कई सवाल खड़े करता है। सांसद ने राज्य सरकार से मांग की कि पीड़ित परिवार को दो करोड़ रुपये का मुआवजा, एक आश्रित को सरकारी नौकरी और तत्काल सुरक्षा मुहैया कराई जाए। इस दौरान उन्होंने भरोसा दिलाया कि दुख की इस घड़ी में वे परिवार के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं।

# महिला सशक्तिकरण और अधिकार के प्रति जागरूक महिलाएं बनें

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। महिला सशक्तिकरण और उनके अधिकार बोध के लिए महिलाओं को जागरूक होना जरूरी है।

जन हित संकल्प पार्टी वाराणसी की महिला मंच की जिला अध्यक्ष श्रीमती शशि कला द्वारा अजगरा विधानसभा ,हरहुआ ब्लाक अन्तर्गत मोहनपुर ग्राम सभा में एक बैठक के आयोजन में वक्ताओं ने व्यक्त किया।



उपस्थित महिलाओं को संगठन और पार्टी की नीतियों, विचारों, महिला सशक्तिकरण, महिला जागरूकता, जैसे विषयों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालकर उन्हें जागरूक किया गया।

बैठक की अध्यक्षता किसान मंच के जिला अध्यक्ष डॉ0 राम विकास , मुख्य अतिथि जन हित संकल्प पार्टी वाराणसी के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार पटेल ने पार्टी में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए आधी आबादी को पूरा अधिकार दिलाने के पार्टी के संकल्पों को अवगत कराया। बैठक का समापन जय सरदार के दहाड़ क्रांति,शांति और नारी शक्ति जिंदाबाद के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष महिला मंच श्रीमती शशि कला ने किया।

# ऑनलाइन वीडीए कंपाउंडिंग सिस्टम का शुभारम्भ

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। जिले के वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा नागरिक सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए ऑनलाइन वीडीए कंपाउंडिंग सिस्टम का शुभारम्भ प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुर्ण बोरा द्वारा किया गया।

अब तक मानचित्र स्वीकृति से संबंधित कंपाउंडिंग प्रकरणों की फाइलें ऑफलाइन माध्यम से जमा एवं संचालित होती थीं, जिसके कारण कई बार फाइलों की प्रगति का पता लगाना कठिन हो जाता था तथा कुछ मामलों में फाइलों का ट्रैक भी खो जाता था। ओ वी सी एस लागू होने के बाद अब कंपाउंडिंग हेतु आवेदन पूर्णतः ऑनलाइन किए जा सकेंगे। आवेदक अपने ड्रॉइंग एवं आवश्यक अभिलेख पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगे, ऑनलाइन शुल्क जमा कर सकेंगे तथा अपने आवेदन की रियल-टाइम स्टेटस ट्रैकिंग भी कर सकेंगे। साथ ही संबंधित आर्किटेक्ट एवं भवन स्वामी आवेदन की प्रत्येक चरण की प्रगति ऑनलाइन देख सकेंगे। इस नई प्रणाली के सफल क्रियान्वयन के लिए प्राधिकरण द्वारा सभी पंजीकृत आर्किटेक्ट्स को ओ वी सी एस पोर्टल के संचालन एवं उपयोग का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा चुका है।

नई व्यवस्था के अंतर्गत आवेदन प्राप्त होने से लेकर अंतिम निर्णय तक कनिष्ठ अभियंता से लेकर उपाध्यक्ष स्तर तक प्रत्येक अधिकारी के लिए कार्य निष्पादन की समय-सीमा निर्धारित की गई है। प्रत्येक स्तर पर निर्धारित अवधि के भीतर प्रकरण का निस्तारण करते हुए या तो



मानचित्र स्वीकृत किया जाएगा अथवा भवन उपविधियों के अनुरूप आवश्यक आपत्तियाँ दर्ज की जाएंगी। इससे अनावश्यक विलंब समाप्त होगा तथा पूरी प्रक्रिया अधिक जवाबदेह, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनेगी।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक भवन स्वामियों को मानचित्र स्वीकृति हेतु प्रेरित किया जाए तथा सभी निर्माण कार्य स्वीकृत मानचित्र के अनुरूप ही सुनिश्चित किए जाएँ। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रणाली का उद्देश्य केवल प्रक्रियाओं का ऑनलाइनकरण नहीं, बल्कि नागरिकों को तेज, पारदर्शी एवं उत्तरदायी सेवाएँ उपलब्ध कराना है।बैठक के दौरान उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्राधिकरण के सभी पाँचों जोनों में मानचित्र स्वीकृति एवं कंपाउंडिंग से संबंधित स्वीकृत एवं लंबित प्रकरणों की जोनवार समीक्षा भी की गई। उन्होंने फील्ड स्टाफ को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में अवैध निर्माण नहीं होना चाहिए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान आम एवं गरीब नागरिकों के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार किया जाए तथा उन्हें किसी भी प्रकार की अनावश्यक असुविधा या उत्पीड़न का सामना न करना पड़े।

कार्यक्रम में सहायक नगर नियोजक सौरभ जोशी, सभी पाँचों जोनों के जोनल अधिकारी, एसोसिएट इंजीनियर्स, कनिष्ठ अभियंता, लिपिकगण तथा आईटी एक्सपर्ट श्री दिनेश सिंह उपस्थित रहे।

# कैंसर रोगी ने हॉस्पिटल के छत से छलांग लगाकर की आत्महत्या

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। सोमवार देर रात एक कैंसर मरीज ने अस्पताल की चौथी मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची व घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए मर्चरी में रखवा दिया है। यह मामला चितईपुर थाना क्षेत्र स्थित महामना मदन मोहन मालवीय कैंसर संस्थान का है। मृतक की पहचान बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मोहजम्मा गांव के रहने वाले रामेश्वर कुमार (35) पुत्र नंदकिशोर के रूप में हुई है। वह पिछले कई दिनों से महामना मदन मोहन मालवीय कैंसर संस्थान में भर्ती होकर कैंसर का इलाज करा रहे थे। परिजनों ने बताया कि 1 माह पहले भर्ती हुआ था। एक दिन पहले ही रविवार को ऑपरेशन हुआ था। उसके बाद उसे अस्पताल की चौथी मंजिल पर स्थित वार्ड में भर्ती कराया गया था।

# चालक को झपकी आने से ईंट लदे ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टकराई बोलेरो, चालक घायल

**समाज जागरण**

मीरजापुर /ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग लहुरियादह गांव के पास मंगलवार सुबह 4 बजे के करीब बोलेरो चालक को झपकी आने से बोलेरो आगे चल रहे ईंट लदे ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से जा टकराई। जिससे बोलेरो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और बोलेरो क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से एनएचएआई की एंबुलेंस से घायल चालक को पास स्थित मध्यप्रदेश के हनुमना सीएचसी में उपचार हेतु भेजवाया। मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले के चितरंगी थाना क्षेत्र के धवई गांव निवासी 28 वर्षीय लल्लू राम सोमवार की रात अपने गांव से सवारियों को बैठाकर मीरजापुर छोड़ने गए थे। सवारियों को छोड़ने के बाद मंगलवार भोर में घर वापस लौट रहे थे। पांच बजे के करीब जैसे ही लहुरियादह गांव में पहुंचे तो अचानक झपकी आ जाने से ईंट लादकर मध्यप्रदेश की ओर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली में बोलेरो पीछे से जा घुसी। हादसे में बोलेरो चालक लल्लू राम गंभीर रूप से घायल हो गए। एसआइ सुभाष यादव ने बताया कि बोलेरो चालक को झपकी आने से बोलेरो ईंट लदे ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टकरा गई। हादसे में बोलेरो चालक को चोटें आई हैं। घायल चालक को उपचार हेतु एनएचएआई की एंबुलेंस से समीप स्थित मध्यप्रदेश हनुमना सीएचसी भेजा गया है। घायल बोलेरो चालक के स्वजनों को घटना की सूचना दी गई है।

# राजगढ़ थाना क्षेत्र के नदिहार गांव में फिर हुई बाइक चोरी, लोगों में बढ़ी चिंता

**समाज जागरण**

मीरजापुर मिजार्पुर जनपद के राजगढ़ थाना क्षेत्र के नदिहार गांव में बीती रात एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई। क्षेत्र में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं के बीच यह एक और मामला है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, नदिहार गांव निवासी प्रियांशु घईकर की मोटरसाइकिल उनके घर के बाहर खड़ी थी। देर रात अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए। सुबह जब परिजनों ने बाइक गायब देखी तो आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद प्रियांशु ने तत्काल राजगढ़ पुलिस को सूचना दी।बताया जा रहा है कि इसी मोहल्ले में एक हफ्ते पहले दुर्गेश श्रीवास्तव की बाइक भी चोरी हो गई थी। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में भय और चिंता का माहौल है। पिछले महीने राजगढ़ पुलिस ने छह चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कर एक गिरोह को पकड़ने का दावा किया था। इसके बावजूद नई बाइक चोरी की घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में जब राजगढ़ थाना प्रभारी बाल मुकुंद मिश्रा से बात हुई तो उन्होंने कहा कि तहरीर मिल चुकी है। जल्द ही बाइक चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

# जन्म दिन पर पार्टी को और मजबूत करने का लिया संकल्प

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के बैरवन गांव निवासी क्षेत्रीय अध्यक्ष अपना दल (एस)डॉ. नरेंद्र पटेल के जन्मदिन पर केक काटकर और पौध रोपण कर मनाया । साथ उन्होंने वहां उपस्थित कार्यकताओं से



अपने क्षेत्र में विकास के कार्य को और तेजी से पूरी करने का निवेदन भी किया।जन्म दिन कार्यक्रम में उपस्थित रोहनिया विधायक डॉ सुनील पटेल ने कहा पार्टी के एक एक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी बनती हैं कि पार्टी और मजबूत हो,इस कार्य में नरेंद्र पटेल का कार्य सराहनी रहा हैं।हम सभी लोग संगठन को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में राहुल पटेल जी ( पूर्व जिला उपाध्यक्ष छात्र मंच) , अनील पटेल ( जिला सचिव),गोविंद पटेल , अधिवक्ता अजीत पटेल , गौरव कुमार, पार्षद कमलेश गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चेक डैम निर्माण एवं विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से नहीं होगा कोई समझौता -जिलाधिकारी

**समाज जागरण**

मीरजापुर /4 अगस्त 2026- जनपद में जल संरक्षण एवं आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने जोगियादरी क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर चेक डैम निर्माण स्थल के बारे जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यों में तेजी एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर स्थल का सर्वेक्षण कर मैप तैयार कराया जाए तथा विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए तथा सर्वे के दौरान सीपेज न हो इसका परीक्षण कर लिया जाए साथ ही अधिशासी अभियंता एम0सी0डी0 को चेक डैम निर्माण का विस्तृत प्राक्कलन (एस्टीमेट) शीघ्र तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से प्रारंभ कराया जा सके।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निमार्णाधीन कार्यों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का ही प्रयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। एडमिन ब्लाक के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों में पूरी पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा



मानकों से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके बाद उन्होंने एकेडमिक ब्लाक ए व बी का भी निरीक्षण किया तथा गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप जनहित से जुड़ी परियोजनाओं को गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ समय पर पूरा कराया जाए, जिससे आमजन एवं विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाओं का लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि लगाए जा रहे ग्रेनाइट व टाइल्स बेहतर ढंग से लगाया जाए। निरीक्षण के दौरान लेक्चर रूम, प्लांटेनषन आदि भी बेहतर ढंग से कराने का निर्देष जिलाधिकारी ने दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी विषाल कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी राकेष कुमार, अधिषासी अभियंता एम0सी0डी0, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 कीर्ति कुमार मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के तहत 28 लाभार्थियों का चयन

**- गो-पालन के लिए योगी सरकार देगी 80 हजार रुपए का अनुदान**

**- लाभार्थियों को विकास भवन में बुधवार को वितरित किए जाएंगे चयन पत्र**

**समाज जागरण**

मीरजापुर/ उत्तर प्रदेश की योगी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के साथ-साथ दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। प्रदेश सरकार ने इसके लिए 'मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना' की शुरूआत की। इस योजना के तहत वर्ष 2026-27 के लिए 28 लाभार्थियों का चयन किया गया। जिन्हें बुधवार को विकास भवन में आयोजित डेयरी कानक्लेव में चयन पत्र वितरित किया जाएगा।

नंदबाबा दुग्ध मिशन के नोडल अधिकारी मनोज दुबे ने बताया कि मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में नंद बबा डिस्ट्रिक्ट एग्जीक्यूटिव कमेटी द्वारा ई-लॉटरी के माध्यम से 28 लाभार्थियों (14 महिला, 14 पुरुष) का चयन किया गया। उन्होंने बताया कि चयनित लाभार्थियों को बुधवार को विकास भवन सभागार में आयोजित डेयरी कॉन्क्लेव में चयन पत्र वितरित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के अवसर पैदा करना सरकार का लक्ष्य इस योजना के तहत पशुपालकों को उन्नत नस्ल की 02 स्वदेशी गायों की डेयरी इकाई स्थापित करने के लिए 80 हजार रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है। योजना का मुख्य उद्देश्य उन्नत नस्ल की स्वदेशी गौवंश को बढ़ावा देना जिससे ज्यादा दुग्ध उत्पादन के साथ साथ संकर नस्ल की गायों में फैल रही तरह तरह की बीमारियों जैसे लम्पी रोग आदि से निजात दिलाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के नए अवसर पैदा करना है। बताया कि इस योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को दो उन्नत नस्ल की स्वदेशी गायों की इकाई लगानी होती है। इसकी कुल स्थापना लागत का 40 प्रतिशत या अधिकतम 80 हजार रुपये तक का अनुदान शासन द्वारा सीधे बैंक खाते में भेजा जाता है। बताया कि सरकार ने इस योजना में महिला सशक्तिकरण को विशेष प्राथमिकता दी है। कुल निर्धारित लक्ष्य का 50 प्रतिशत हिस्सा केवल महिला दुग्ध उत्पादकों और महिला पशुपालकों के लिए आरक्षित किया गया है। इससे ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में बहुत मदद मिलेगी।

# लखनऊ रजिस्ट्री व्यवस्था में बड़े बदलाव का मोहनलालगंज बार एसोसिएशन ने किया विरोध, आंदोलन की चेतावनी

**विवेक कुमार समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज।लखनऊ, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लखनऊ की रजिस्ट्री व्यवस्था में किए गए बड़े प्रशासनिक बदलाव ने मोहनलालगंज तहसील के अधिवक्ताओं और वादकारियों के बीच नई बहस छेड़ दी है। स्टाम्प एवं निबंधन अनुभाग-1 की ओर से 4 अगस्त 2026 को जारी अधिसूचना के तहत लखनऊ सदर प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम उप-निबंधक कार्यालयों का प्रशासनिक एकीकरण करते हुए इन्हें निबंधक कार्यालय, लखनऊ के अंतर्गत समाहित कर दिया गया है। साथ ही इन सभी उप-निबंधकों को मोहनलालगंज उप-जिला क्षेत्र की संपत्तियों से संबंधित दस्तावेजों का पंजीकरण करने का भी अधिकार दे दिया गया है।सरकार का कहना है कि इस निर्णय का उद्देश्य रजिस्ट्री प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी और ई-गवर्नेंस आधारित बनाना, कार्यभार का संतुलित वितरण सुनिश्चित करना तथा उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करना है। नई व्यवस्था के तहत उप-निबंधकों को पंजीकरण अधिनियम-1908 की धारा-30 के अंतर्गत निबंधक, लखनऊ में निहित शक्तियों का प्रयोग करने का अधिकार प्रदान किया गया है। यह अधिसूचना 4 अगस्त 2026 से तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।हालांकि सरकार इसे जनहित और प्रशासनिक सुधार बता रही है, लेकिन मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने इस फैसले का कड़ा विरोध शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि यदि मोहनलालगंज क्षेत्र की संपत्तियों की रजिस्ट्री सदर कार्यालयों में भी होने लगेगी तो स्थानीय अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों और आम वादकारियों के हित प्रभावित होंगे। इससे तहसील स्तर पर वर्षों से विकसित न्यायिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के महामंत्री रामलखन यादव ने सरकार के इस निर्णय की पुरजोर भर्त्सना करते हुए कहा कि यह फैसला स्थानीय व्यवस्था और अधिवक्ताओं के हितों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि मोहनलालगंज क्षेत्र की रजिस्ट्रियां मोहनलालगंज में ही होना जनहित में है। यदि इस निर्णय को वापस नहीं लिया गया तो बार एसोसिएशन व्यापक आंदोलन की रणनीति बनाने को बाध्य होगी।बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री एवं वरिष्ठ अधिवक्ता ललित मिश्रा ने भी अधिसूचना पर कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार को किसी भी महत्वपूर्ण प्रशासनिक बदलाव से पहले स्थानीय अधिवक्ताओं और संबंधित पक्षों से राय लेनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय मोहनलालगंज की प्रशासनिक पहचान और स्थानीय व्यवस्था को कमजोर करने वाला प्रतीत होता है।अधिवक्ता ऋषि द्विवेदी ने भी अधिसूचना का विरोध करते हुए कहा कि इस व्यवस्था से आम जनता को अतिरिक्त भ्रम और असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने मांग की कि सरकार इस निर्णय पर पुनर्विचार करे और मोहनलालगंज क्षेत्र की रजिस्ट्रियों का अधिकार केवल स्थानीय उप-निबंधक कार्यालय तक ही सीमित रखा जाए।फिलहाल सरकार की अधिसूचना लागू हो चुकी है, लेकिन मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के विरोध के बाद आने वाले दिनों में इस मुद्दे के और अधिक तूल पकड़ने की संभावना जताई जा रही है। अधिवक्ताओं का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर शासन को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

# शिव महापुराण कथा में भगवान भोलेनाथ की महिमा का हुआ गुणगान, श्रद्धालु बोले– हर-हर महादेव......

**समाज जागरण संवाददाता**

निगोहां, लखनऊ। निगोहां क्षेत्र के दखिना गांव में आयोजित सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास आचार्य जयशंकर शुक्ला ने भगवान शिव की महिमा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि जब मनुष्य को संसार से अपेक्षित सुख नहीं मिलता, अपने ही लोग कष्ट देने लगते हैं और जीवन की आशाएं टूटने लगती हैं, तभी उसके भीतर ईश्वर की शरण में जाने की भावना जागृत होती है। संसार की निराशा ही मनुष्य को भक्ति और आत्मचिंतन के मार्ग पर अग्रसर करती है।



उन्होंने कहा कि आज का मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं के पीछे भागते हुए मानसिक शांति खोता जा रहा है। धन, वैभव और रिश्तों से मिलने वाली खुशियां क्षणिक होती हैं, जबकि भगवान की भक्ति से मिलने वाला आनंद स्थायी और आत्मिक होता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में धर्म, भक्ति और सदाचार को स्थान देना चाहिए।आचार्य जयशंकर शुक्ला ने कहा कि भगवान शिव भोलेनाथ अपने भक्तों पर अत्यंत शीघ्र प्रसन्न होने वाले देव हैं। जो भक्त सच्ची श्रद्धा, विश्वास और निष्काम भाव से उनकी आराधना करता है, भगवान उसके समस्त कष्टों का निवारण करते हैं। उन्होंने कहा कि केवल पूजा-पाठ ही भक्ति नहीं है, बल्कि सत्य का पालन करना, जरूरतमंदों की सेवा करना, संयमित जीवन जीना और अच्छे आचरण को अपनाना भी भगवान की सच्ची उपासना है।कथा के दौरान भगवान शिव के विवाह, उनकी करुणा, भक्तवत्सलता और लोककल्याण से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा सुनते समय श्रद्धालु पूरी तरह भक्ति रस में डूबे नजर आए। पंडाल में समय-समय पर "हर-हर महादेव", "बोल बम" और "जय भोलेनाथ" के जयघोष गूंजते रहे, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया।कथा के समापन पर विधि-विधान से महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर भगवान शिव की आराधना की। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।आयोजन समिति की ओर से अनमोल तिवारी ने बताया कि सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा में प्रतिदिन क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा का उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से कथा में पहुंचकर भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का आग्रह किया।

# नम आंखों के साथ निगोहां में निकला चेहल्लुम का जुलूस, हिन्दू-मुस्लिम एकता की बनी मिसाल......

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

निगोहां, लखनऊ।मंगलवार को निगोहां कस्बे में चेहल्लुम का जुलूस पूरी अकीदत, गम और गंगा-जमुनी तहजीब के साथ निकाला गया। इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में निकले इस जुलूस में नम आंखों के साथ लोगों ने नोहा और मर्सिया पढ़कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जुलूस के दौरान हिन्दू-मुस्लिम एकता की ऐसी मिसाल देखने को मिली, जिसने क्षेत्र में आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।चेहल्लुम के अवसर पर गांव के बड़े चौक से पारंपरिक ताजिए उठाए गए। इसके बाद जुलूस जगन टोला और दर्जिन टोला सहित विभिन्न मार्गों से होकर कर्बला पहुंचा, जहां धार्मिक परंपराओं के अनुसार ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। पूरे रास्ते "या हुसैन" की सदाओं, नोहा और मर्सिया से माहौल गमगीन बना रहा। मातम कर रहे अकीदतमंदों की आंखें नम थीं और हर कोई कर्बला के शहीदों को याद कर रहा था।जुलूस में निगोहां सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। खास बात यह रही कि मुस्लिम समुदाय के साथ हिन्दू समुदाय के लोग भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ जुलूस में शामिल हुए। कई स्थानों पर हिन्दू समाज के लोगों ने जुलूस का स्वागत किया और नोहा-मर्सिया में भी सहभागिता निभाई। इससे निगोहां की वर्षों पुरानी गंगा-जमुनी संस्कृति और आपसी सौहार्द की परंपरा एक बार फिर मजबूत होती दिखाई दी।जुलूस के मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों द्वारा लंगर व छबील की व्यवस्था की गई, जहां जुलूस में शामिल लोगों को शरबत और अन्य खाद्य सामग्री वितरित की गई। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और भाईचारे का वातावरण बना रहा।ताजियादार



जलील खान ने बताया कि निगोहां में हर वर्ष चेहल्लुम का जुलूस पारंपरिक तरीके से निकाला जाता है। इस बार भी सभी समुदायों के लोगों ने एकजुट होकर कार्यक्रम में भाग लिया और प्रेम, सद्भाव तथा सामाजिक एकता का संदेश दिया।जुलूस को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। कस्बा इंचार्ज अनूप तिवारी के नेतृत्व में पुलिस बल पूरे मार्ग पर तैनात रहा और लगातार निगरानी करता रहा। सुरक्षा व्यवस्था के चलते जुलूस शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।थाना प्रभारी निगोहां रवींद्र कुमार ने बताया कि चेहल्लुम का जुलूस पूर्णतः शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस लगातार पूरे जुलूस पर नजर बनाए रही और सभी के सहयोग से कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ।

# घरेलू विवाद में रेलवे कर्मचारी की मौत, पत्नी और बेटे पर हत्या का आरोप

**समाज जागरण संवाददाता**

लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र के मीरखनगर गांव में सोमवार देर रात घरेलू विवाद ने उस समय दर्दनाक मोड़ ले लिया, जब रेलवे विभाग में तैनात एक कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की मां ने अपनी बहू और बड़े पोते पर क्रिकेट बैट तथा लात-घूंसों से पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतक की मां की तहरीर पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।मीरखनगर गांव निवासी 54 वर्षीय कैलाशनाथ गौतम पुत्र रामप्यारे गौतम रेलवे के इंदौर स्थित अस्पताल में अनुकंपा के आधार पर अटेंडेंट के पद पर कार्यरत थे। वह अपनी पत्नी लज्जावती तथा दो बेटों शिवम उर्फ अरुण और अनुज के साथ गांव स्थित मकान में रहते थे। जबकि उनकी मां रमापति परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अलग रहती हैं।परिजनों के अनुसार सोमवार देर शाम कैलाशनाथ का किसी घरेलू बात को लेकर पत्नी लज्जावती और बड़े बेटे शिवम से विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। मृतक की मां रमापति का आरोप है कि शोर-शराबा सुनकर जब वह मौके पर पहुंचीं तो उन्होंने देखा कि बहू और पोता मिलकर कैलाशनाथ की क्रिकेट बैट और लात-घूंसों से बेरहमी से पिटाई कर रहे थे। उन्होंने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन उन्हें भी धक्का देकर वहां से भगा दिया गया।कुछ देर बाद छोटा बेटा अनुज घर पहुंचा तो उसने पिता को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। वह तत्काल उन्हें उपचार के लिए रेलवे अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।मृतक के भाई दुर्गेश कुमार ने घटना की जानकारी निगोहां पुलिस को दी। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के सिर में गहरी चोट लगने से मृत्यु होने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। मृतक की मां रमापति की तहरीर पर पत्नी लज्जावती और बड़े बेटे शिवम के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।थाना प्रभारी निगोहां रविंद्र कुमार ने बताया कि मृतक की मां की तहरीर के आधार पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की जा रही है। उन्हें न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लेने की कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में गंभीर चोट के कारण मृत्यु की पुष्टि हुई है। मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# देशभर में 'अति आवश्यक जन पेंशन योजना' 3000 रु लागू करने समाजसेवी की राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री से मांग

**समाज जागरण**

अनूपपुर/जैतहरी। जिले के जैतहरी वार्ड क्रमांक-11 निवासी शिक्षाविद एवं उत्कृष्ट समाजसेवी जितेंद्र सिंह ने देश के गरीब, असहाय एवं अत्यंत जरूरतमंद लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के उद्देश्य से महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू एवं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को दो पृष्ठीय आवेदन भेजकर पूरे देश में "अति आवश्यक जन पेंशन योजना" लागू करने की मांग की है। आवेदन दिनांक 4 अगस्त 2026 को प्रेषित किया गया है।

आवेदन में जितेंद्र सिंह ने उल्लेख किया है कि वर्तमान समय में देश में अनेक पेंशन योजनाएं संचालित हैं, लेकिन बड़ी संख्या में ऐसे जरूरतमंद लोग आज भी इन योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। वहीं जिन लोगों को पेंशन मिल रही है, उन्हें भी लगभग 600 रुपये प्रतिमाह जैसी अल्प राशि प्राप्त होती है, जो वर्तमान महंगाई के दौर में सम्मानपूर्वक जीवन-यापन के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि देश के सभी अत्यंत जरूरतमंद नागरिकों के लिए नई "अति आवश्यक जन पेंशन योजना" लागू कर प्रत्येक पात्र व्यक्ति को प्रतिमाह 3,000 रुपये की पेंशन उपलब्ध कराई जाए।आवेदन में उन्होंने सुझाव दिया है कि सरकार विशेष अभियान चलाकर देशभर में सर्वे कर वास्तविक जरूरतमंदों की पहचान करे।

इस श्रेणी में दिव्यांगजन, विधवा एवं परित्यक्ता महिलाएं, वृद्ध एवं लाचार व्यक्ति, बेसहारा अनाथ बच्चे, असहाय माता-पिता तथा अत्यंत गरीब एवं असहाय लोगों को शामिल किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति सहायता से वंचित न रहे।

समाजसेवी जितेंद्र सिंह ने अपने आवेदन में यह भी कहा है कि गरीबी, दिव्यांगता, विधवापन अथवा लाचारी किसी जाति, वर्ग या धर्म विशेष तक सीमित नहीं होती। ऐसे में पेंशन योजना का लाभ देने के लिए बीपीएल कार्ड एवं जातिगत पात्रता जैसी शर्तों को समाप्त किया जाना चाहिए। उनका कहना है कि सहायता का आधार केवल व्यक्ति की वास्तविक आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति होनी चाहिए,न कि उसकी जाति अथवा अन्य औपचारिक पात्रताएं। उन्होंने राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है कि मानवता एवं सामाजिक न्याय की भावना को ध्यान में रखते हुए देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में इस योजना को लागू करने की दिशा में आवश्यक निर्णय लिया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी मांग की है

कि चिन्हित किए गए जरूरतमंद लोगों को बिना किसी भेदभाव के नियमित रूप से पेंशन उपलब्ध कराई जाए, जिससे वे सम्मानपूर्वक अपना जीवन-यापन कर सकें।आवेदन के अंत में जितेंद्र सिंह ने आशा व्यक्त की है कि केंद्र सरकार देश के अत्यंत गरीब एवं असहाय नागरिकों के हितों को प्राथमिकता देते हुए उनकी इस मांग पर सकारात्मक विचार करेगी और जरूरतमंद लोगों के लिए प्रभावी सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेगी।

# पूर्व में कई ज्ञापन व विधायक की अनुशंसा के बाद भी नहीं मिला रोजगार , ग्राम बकही के बेरोजगार युवाओं का धरना जारी

## भाजपा पदाधिकारी पहुंचे धरना स्थल, एसडीएम से फोन पर की चर्चा, मांगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

**समाज जागरण**

अनूपपुर। ग्राम पंचायत बकही के स्थानीय बेरोजगार युवाओं द्वारा शारदा ओसीएम में कार्यरत आर के अर्थ रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड में स्थानीय युवाओं को उनकी योग्यता एवं अनुभव के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराए जाने की मांग को लेकर 1 अगस्त से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। धरने में शामिल ग्रामीणों का कहना है कि परियोजना प्रारंभ होने के समय कंपनी द्वारा स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक उस पर अमल नहीं किया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में पूर्व में कई बार कंपनी प्रबंधन एवं प्रशासन को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं।




भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य जैतहरी सत्यनारायण (फुक्कू) सोनी ने भी 13 जुलाई 2026 को कंपनी प्रबंधन को पत्र लिखकर स्थानीय बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देने की मांग की थी। उक्त पत्र की प्रतिलिपि सांसद, विधायक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, मध्य प्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग सहित संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई थी। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय विधायक द्वारा भी कंपनी को स्थानीय युवाओं के हित में आवश्यक कार्रवाई करने हेतु अनुशंसा की गई, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। धरना स्थल पर पहुंचकर भाजपा पदाधिकारियों ने ग्रामीणों एवं बेरोजगार युवाओं का समर्थन किया। इस दौरान अनूपपुर एसडीएम से दूरभाष पर चर्चा कर मांगों से अवगत कराया गया तथा कंपनी प्रबंधन से तत्काल सकारात्मक पहल कराने का आग्रह किया गया। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि वे किसी बाहरी व्यक्ति का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि अपने क्षेत्र के योग्य और बेरोजगार युवाओं को रोजगार में उचित प्राथमिकता दिए जाने की मांग कर रहे हैं।

भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि यदि आर के अर्थ रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा शीघ्र ही स्थानीय युवाओं को उनकी योग्यता एवं अनुभव के अनुरूप रोजगार उपलब्ध नहीं कराया गया, तो पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन मिलकर आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र रूप देने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी कंपनी प्रबंधन एवं प्रशासन की होगी। धरना स्थल पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर, भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य जैतहरी सत्यनारायण (फुक्कू) सोनी, भाजयुमो जिला महामंत्री मनीष तिवारी, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रवि दुबे, मंडल मंत्री सुनीत सिंह, संतोष बैगा, नरेश कोल सहित ग्राम बकही के बड़ी संख्या में बेरोजगार युवा एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# नगर परिषद बरगवां अमलाई में मनोनीत पार्षदों का हुआ भव्य स्वागत

## मुख्य नगर परिषद अधिकारी शिवांगी सिंह बघेल ने गुलदस्ता भेंट कर किया अभिनंदन, नगर विकास में मिलकर कार्य करने का लिया संकल्प

**समाज जागरण**

अमलाई/बरगवां। नगर परिषद बरगवां अमलाई कार्यालय में मनोनीत पार्षदों के स्वागत के लिए गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद की मुख्य नगर परिषद अधिकारी श्रीमती शिवांगी सिंह बघेल ने नवमनोनीत पार्षद संदीप पुरी, सुभाष मिश्रा, अजय सिंह एवं अनिल बैग का गुलदस्ता भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

स्वागत समारोह में नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान मनोनीत पार्षदों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ किया जाएगा। नगर के विकास, स्वच्छता, पेयजल,




सड़क, प्रकाश व्यवस्था सहित नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए परिषद के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की बात कही गई। मनोनीत पार्षदों ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता रहेगी। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के साथ ही वार्डों की समस्याओं को परिषद के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा। उन्होंने स्वागत एवं सम्मान के लिए नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के प्रति आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष गीता गुप्ता एवं उपाध्यक्ष डॉ. राज तिवारी ने सभी मनोनीत पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके परिषद से जुड़ने से नगर के विकास कार्यों को और गति मिलेगी। सभी जनप्रतिनिधि आपसी समन्वय एवं सहयोग के साथ नगरहित में कार्य करेंगे और नागरिकों की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्रम में रामनारायण उरमालिया सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और मनोनीत पार्षदों को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं। स्वागत समारोह में प्रमुख रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष पार्वती राठौर, च सहित नगर परिषद के सभी पार्षद, जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने नवमनोनीत पार्षदों का स्वागत करते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सोनी ने किया, जबकि कार्यक्रम के अंत में रवि दुबे ने उपस्थित अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं पार्षदों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह के दौरान उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला और उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने नगर परिषद बरगवां अमलाई के विकास के लिए मिल-जुलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। स्वागत समारोह में प्रमुख रूप से पार्षद प्रभा उरमालिया,वेदक पटेल ,पवन कुमार चीनी, प्रीति साहू, सौरभ कोरी, दीपक कोल, सविता बैग रंजन सोनी, चंद्रिका द्विवेदी ,शिव शंकर पांडे डॉ राज पांडे नीरज गुप्ता सबी अब्बास रिजवी श्रमिक नेता विनय सिंह, अरविंद साहनी, मनीष तिवारी ,प्रभाकर उरमलिया, शकुंतला कोल, लल्ला गुप्ता, शशांक गुप्ता, सुमित सिंह, संतोष बैग हरीश तिवारी, आदि उपस्थित रहे

# श्रावण की पहली बारिश में डूबा कनीना, पहली ही बरसात ने खोली व्यवस्थाओं की पोल

## जलभराव से जूझे शहरवासी, कई स्थानों पर विकास कार्य जारी होने के बीच बारिश ने बढ़ाई परेशानी

**समाज जागरण**

कनीना, ( राहुल शर्मा )। श्रावण मास की पहली जोरदार बारिश ने जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी, वहीं कनीना शहर की व्यवस्थाओं की वास्तविक तस्वीर भी सामने ला दी। मंगलवार सुबह हुई बारिश के बाद शहर के कई प्रमुख मार्गों, गलियों और निचले क्षेत्रों में पानी भर गया। कई स्थानों पर सड़कें तालाब जैसी दिखाई दीं, जिससे राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के कई हिस्सों में विकास एवं निर्माण कार्य अभी भी जारी हैं। ऐसे में बारिश के



कारण लोगों की समस्याएं और बढ़ गईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मानसून से पहले जल निकासी व्यवस्था को लेकर प्रशासन की ओर से कई दावे किए गए थे, लेकिन पहली ही बारिश में उन दावों की वास्तविक स्थिति जमीन पर अलग दिखाई दी। लोगों का मानना है कि कागजों पर की गई तैयारियां और जमीनी व्यवस्थाओं के बीच स्पष्ट अंतर नजर आया।

बारिश के कारण कई स्थानों पर सड़कों पर इतना पानी भर गया कि वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को सावधानी के साथ निकलना पड़ा। जलभराव की वजह से लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

स्थानीय नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन जल्द ही जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर प्रभावी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करेगा, ताकि आगामी बारिश के दौरान लोगों को ऐसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

**स्थानीय लोगों की प्रमुख मांगें**

- जलभराव वाले क्षेत्रों का तत्काल सर्वे कराया जाए। - नालों और सीवरों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। - जहां निर्माण कार्य चल रहे हैं, वहां बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रबंध किए जाएं। - जल निकासी की स्थायी और प्रभावी व्यवस्था विकसित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो।

# कानपुर में गुरु गोविंद सिंह पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में फजलगंज थाना घेरकर बवाल, एफ आई आर दर्ज.

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। आज मंगलवार को यहां सिख समाज के लोगों ने फजलगंज थाना घेरकर जबरदस्त बवाल किया। इसकी वजह बनी गुरु गोविंद सिंह पर कथित अभद्र टिप्पणी, जिसके विरोध में ही सिख समाज का आक्रोश फूट पड़ा।

सिख संगठनों के पदाधिकारियों और लोगों ने फजलगंज थाने का घेराव कर सड़क जाम कर दिया। इस बीच प्रदर्शनकारियों ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी भी की।



सिख समाज के सैकड़ो लोगों द्वारा फजलगंज थाने के सामने लगाए गए इस भीषण जाम के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। वहीं दूसरी दशमेश परिवार संस्था के पदाधिकारी रमिंदर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि अजय सिंह नामक व्यक्ति ने शास्त्री नगर निवासी रेस्टोरेंट संचालक हरप्रीत सिंह को फोन कर गुरु गोविंद सिंह के संबंध में अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। इसी बवाल के क्रम में बातचीत का कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सिख समाज में आक्रोश फैल गया। इसी घटना के विरोधमें आज मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में सिख संगठन के पदाधिकारी और समाज के लोग फजलगंज थाने पहुंच बाहर सड़क जाम कर नारेबाजी की और कहा कि गुरु महाराज का अपमान किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कथित ऑडियो की पेनड्राइव पुलिस को साक्ष्य के रूप में सौंपते हुए मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की। फिलहाल गुरु गोविंद सिंह पर अवध टिप्पणी के विरोध मेंपैदासिक समाज में आक्रोश को देखते हुए कई थानों का फोर्स भी मौके पर पहुंचा। पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# संजयनगर में गंदगी का अंबार, सिविल विभाग की उदासीनता पर उठे सवाल

**समाज जागरण**

अमलाई। सोहागपुर एरिया के अंतर्गत संजयनगर में गंदगी और अव्यवस्था से स्थानीय रहवासी परेशान हैं। सिविल विभाग द्वारा साफ सफाई का ठेका ठेकेदार के माध्यम से करवाने की जिम्मेदारी सौंप गई है लेकिन कॉलोनी में साफ सफाई व्यवस्था सुस्त अवस्था में पड़ी हुई है कॉलोनी की सड़क किनारे बनी नाली में कचरे का ढेर जमा है, जिससे गंदा पानी बह रहा है और पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। यह क्षेत्र कॉलरी प्रबंधन के अंतर्गत आता है, लेकिन समस्या के समाधान के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि सिविल विभाग के जिम्मेदार अधिकारी एवं ओवरसीज जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं हैं। रहवासियों का कहना है कि सिविल विभाग के कर्मचारी निरीक्षण करने में दिखाई भी नहीं देते हैं"कभी हालात जानने तक नहीं आते। नालियों की सफाई नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि कई बार सफाई और जल निकासी व्यवस्था सुधारने की मांग की गई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों का कहना है कि कॉलरी प्रबंधन इस क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान देना चाहिए। रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सफाई और आवश्यक सुधार कार्य नहीं किए गए तो वे सामूहिक रूप से उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे।

# "अमलाई के गौरव त्रिपाठी समेत बैंड 'Roots: नादात्म' की भक्तिमय प्रस्तुतियों से झूमा राउरकेला"

**समाज जागरण**

राउरकेला/भोपाल। 26 जुलाई को राउरकेला (ओडिशा) में भक्ति और संगीत का एक अनूठा संगम देखने को मिला। भोपाल के चर्चित म्यूजिक बैंड 'Roots: नादात्म' ने अपने भव्य भजन कॉन्सर्ट से समां बांध दिया। इस शाम को और भी खास बनाया बैंड के मुख्य गायक गौरव त्रिपाठी, कृष्णा शुक्ला और सत्यराज मिश्रा ने, जिनकी सुरीली और ऊर्जावान गायकी पर दर्शक देर रात तक झूमते और गुनगुनाते रहे।

इस भव्य संगीत संध्या का आयोजन 'FlyBY Studios और FTS Yuva राउरकेला' के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। कार्यक्रम का सफल संयोजन और आयोजन 'आरव कान्हा शर्मा' द्वारा किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों की रही गरिमामयी मौजूदगी



कार्यक्रम की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें शहर के जिला कलेक्टर, क्षेत्रीय विधायक (MLA) सहित कई अन्य प्रमुख और गणमान्य हस्तियों ने विशेष रूप से शिरकत की। उपस्थित सभी अतिथियों और श्रोताओं ने 'Roots: नादात्म' बैंड की प्रस्तुतियों, संगीत के फ्यूजन और गायकों की ऊर्जा की जमकर सराहना की। आयोजक आरव कान्हा शर्मा ने बताया कि भोपाल, अहमदाबाद, मुंबई, सागर और राउरकेला में मिली इस अपार सफलता और प्यार के बाद अब इस संगीतमय सफर का अगला शो जल्द ही मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में दोबारा आयोजित होने जा रहा है, जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

गौरव अमलाई के आर्या हायर सेकंडरी स्कूल के संचालक केड्ड केड्ड त्रिपाठी के सुपुत्र हैं।

# 16 अगस्त तक पूरा करें LPG ई-केवाईसी, वरना घरेलू सिलेंडर भी महंगा पड़ेगा

**समाज जागरण**

उमरिया। घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए जरूरी खबर है। तेल कंपनियों की ओर से उन उपभोक्ताओं को अंतिम चेतावनी दी जा रही है जिन्होंने अभी तक आधार आधारित बायोमेट्रिक ई-केवाईसी नहीं करवाई है। शिव गैस एजेंसी चंदिया के संचालक आदित्य गर्ग (भोलू) ने जानकारी देते हुए बताया कि तेल कंपनियों की गाइडलाइन के मुताबिक ई-केवाईसी की अंतिम तारीख 16 अगस्त 2026 तय की गई है। कुछ स्थानीय गैस एजेंसियां और वितरक 10 अगस्त तक काम निपटाने पर जोर दे रहे हैं, ताकि आखिरी दिनों में सर्वर या भीड़ की समस्या न हो।उन्होंने यह भी बताया कि निर्धारित समय में ई-केवाईसी न होने पर उपभोक्ता घरेलू दर पर सिलेंडर पाने के पात्र नहीं रहेंगे। सब्सिडी रुक सकती है और सिलेंडर ऊंची कीमत




पर मिलेगा। यानी घरेलू सिलेंडर के लिए भी काफी ज्यादा रकम चुकानी पड़ सकती है।

**घर बैठे आसानी से कैसे पूरा करें?**

लंबी कतार से बचने के लिए सबसे आसान तरीका घर बैठे ही है- अपनी कंपनी का ऐप (जैसे IndianOil ONE)और Aadhaar FaceRD ऐप डाउनलोड करें। चेहरे की स्कैनिंग Face Authentication) से मुफ्त में ई-केवाईसी पूरी करें। इसके अलावा सिलेंडर डिलीवरी के समय कर्मचारी की बायोमेट्रिक मशीन पर अंगूठा लगाकर या नजदीकी एजेंसी जाकर भी प्रक्रिया तुरंत पूरी की जा सकती है। जिन उपभोक्ताओं ने पहले ही ई-केवाईसी कर ली है, उन्हें दोबारा कुछ करने की जरूरत नहीं है। जिन्होंने नही कराई है वह लोग जल्द से जल्द यह काम निपटा लें, ताकि बाद में कोई परेशानी न हो।

# पाली महाविद्यालय में आचार्य बालकृष्ण का पतंजलि परिवार ने जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया 54-वा जन्मदिवस

## आचार्य बालकृष्ण जी ने दुर्लभ औषधीय वनस्पतियों की खोज कर भारतीय ज्ञान परंपरा को विश्व पटल पर किये स्थापित:--- समय लाल साहू

**समाज जागरण**

उमरिया:------ उमरिया जिले के पाली में भारत स्वाभिमान पंतजलि के जिला प्रभारी समय लाल साहू के नेतृत्व में पतंजलि परिवार ने मंगलवार को आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण जी का 54-वां जन्मदिवस 'जड़ी-बूटी दिवस' के रूप में मनाया। यह कार्यक्रम जिले के पाली के साशकीय बिरासनी महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य हरलाल अहिरवार जी के उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण के स्वस्थ, दीघार्यु और सफल जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी समय लाल साहू ने आचार्य बालकृष्ण के जीवन और आयुर्वेद के क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आचार्य बालकृष्ण ने आयुर्वेद, स्वदेशी और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे पतंजलि के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्यरत हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय जे प्राचार्य हरलाल अहिरवार ने भी आचार्य बालकृष्ण के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु



की कामना की। उन्होंने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उनके अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न औषधीय पौधों का वितरण किया गया। इनमें गिलोय, घृतकुमारी, नीम, आंवला, आम, कटहल, सहजन, सदाबहार, बेल, कालावासा और तेजपत्ता शामिल थे। इन पौधों के औषधीय गुणों की जानकारी भी दी गई और महाविद्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम पर पौधरोपण भी कराया गया। इस दौरान पतंजलि स्वाभिमान जिला प्रभारी समय लाल साहू, महाविद्यालय प्राचार्य हरलाल अहिरवार,पूर्व प्राचार्य डॉ० गंगाधर ढोके,वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद कुमार साहू,त्रिभुअन गिरी,जैकी सक्सेना, मुन्ना सिंह राठौर, विजय मिश्रा, संजय सोनी, लक्ष्मण तिवारी, शिवराम सिंह, धनेश कुमार द्विवेदी, सहित समस्त छात्र/छात्राएं उपस्थित रही

# शासन की योजनाओं का सही मानक गुणवत्ता कार्य मेरी प्राथमिकता : अनामिका सिंह

## *नवागत खण्ड विकास अधिकारी का हरहुआ सभागार में हुआ स्वागत।

**समाज जागरण अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी**

हरहुआ ब्लाक मे मंगलवार को नवागत बीडीओ अनामिका सिंह ने अपना पदभार ग्रहण सादे समारोह में किया।उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का सही मानक व गुणवत्ता कार्य मेरी प्राथमिकता में है।

इस अवसर पर पूर्व बीडीओ छोटेलाल तिवारी ने बुके भेंटकर स्वागत करते हुए कहा कि ब्लाक




कर्मचारियों ने कम दिनों में ही अपने कार्यकुशलता से कार्यो को पूर्ण करने में योगदान किया। टेंडर भुगतान की प्रगति की भी सराहना की। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से एडीओ पंचायत कमलेश कुमार सिंह,एडीओ एस टी शैलेन्द्र सिंह ,सचिव जयप्रकाश भारती, वरिष्ठ एकाउंटेंट रविन्द्र यादव,एडीओ आर डी धनन्जय सिंह, एडीओ कृषि विवेक सिंह ,जे ई एमआई शालू ,बीएमएम ज्ञानेंद्र शुक्ला ,पूजा तिवारी ,अनिता सहित समस्त सचिव ,कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# एसपी ने अत्याधुनिक इंटरसेप्टर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को मिलेगी नई मजबूती

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। जनपद में सड़क सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने, यातायात नियमों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने तथा आधुनिक तकनीक आधारित स्मार्ट पुलिसिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा आज पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र से अत्याधुनिक इंटरसेप्टर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त इंटरसेप्टर वाहन आधुनिक स्पीड लेजर गन, हाई-रिजॉल्यूशन कैमरा, नाइट विजन कैमरा, ऑटो मैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (ANPR), वीडियो रिकॉर्डिंग सिस्टम, पब्लिक एड्रेस सिस्टम (PA System),ब्रेथ एनालाइजर, अल्को हल मीटर, लाल-नीली चेतावनी बत्ती एवं हूटर सहित विभिन्न अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित हैं। इन तकनीकों के माध्यम से यातायात नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

इन इंटरसेप्टर वाहनों का उपयोग जनपद के प्रमुख मार्गों, राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों, नगर क्षेत्रों तथा दुर्घटना संभावित एवं संवेदनशील स्थानों पर ओवरस्पीडिंग, शराब पीकर वाहन चलाना (Drunk & Drive, रैश एवं स्टंट ड्राइविंग, ध्वनि प्रदूषण, प्रदूषणकारी वाहनों तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई हेतु किया जाएगा।

साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने तथा सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष यातायात प्रवर्तन एवं जागरूकता अभियान संचालित किए जाएंगे। इंटरसेप्टर वाहनों के माध्यम से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर आधुनिक तकनीक के जरिए प्रभावी निगरानी रखते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा यातायात व्यवस्था में ड्यूटीरत समस्त यातायात पुलिसकर्मियों को उनके कार्य को अधिक प्रभावी एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से छाता, रेनकोट, हाई पावर टॉर्च, ब्लैक चश्मा एवं मास्क का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि इंटरसेप्टर वाहनों का संचालन पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं दक्षता के साथ किया जाए तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए आमजन को यातायात नियमों के पालन हेतु निरंतर जागरूक किया जाए।

कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय, क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा, क्षेत्राधिकारी सदर सुधीर कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक मो0 नदीम, यातायात प्रभारी सहित यातायात शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मारकुंडी में तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रेलर ने दुकानों को टक्कर मारते हुए मकान मे घुस किया जमींदोज

## मकान में सो रहे भूतपूर्व ग्रामप्रधान का पुत्र गंभीर रूप से घायल

### तकरीबन लाखों रुपये का नुकसान, पीड़ित परिजनों ने पुलिस को दी तहरीर

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**




सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के मारकुंडी के करगरा मोड स्थित वाराणसी-शक्तिनगर मुख्य मार्ग हाईवे पर मारकुंडी मस्जिद एवं विंध्य ऑटो सेल्स पेट्रोल पंप के समीप बने मकान एवं दुकान में सोमवार की रात्रि तकरीबन 11.30 बजे वाराणसी की तरफ से आ रही तेज रफ्तार एक खाली ट्रेलर न. यू.पी. 65 एल.टी./ 1910अनियंत्रित होकर काफी तोड़फोड़, नुकसान करते हुए मकान में घुस गया इससे मकान धराशायी हो गया। जिससे मकान एवं दुकान में रखें लाखों रुपए के सामान नुकसान हो गये। इस हादसे में तीन दुकान पूर्णतया तहस नहस नष्ट हो गए,जबकि मकान में सो रहे भूतपूर्व ग्राम प्रधान का छोटा पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे परिजनों ने आनन- फानन में जिला चिकित्सालय रावट्र्सगंज में भर्ती कराया गया है,जहां पर घायल का इलाज चल रहा है। घटना के पश्चात ग्रामीणों ने चालक को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया। इस संबंध में पीड़ित परिजनों ने लिखित तहरीर देकर उचित कार्रवाई किये जाने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उक्त अनियंत्रित खाली ट्रेलर किराये पर रह रहे सुनील मौर्य की टायर मरम्मत की दुकान में टक्कर मारकर दुकान को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और हवा भरने की टंकी सहित अन्य सामान टूटकर नष्ट हो गए। इसके पश्चात ट्रेलर फते मोहम्मद के मकान में बने होटल में धक्का मारते हुए भूतपूर्व ग्राम प्रधान के पुत्र के मकान में जा घुसा इससे मकान जमींदोज हो गया। इस घटना में होटल को भी भारी नुकसान पहुंचा वही मकान में सो रहे भूतपूर्व ग्राम प्रधान स्व. रामदेव यादव के पुत्र रामलखन यादव (45 वर्ष) को गंभीर रूप से अन्दरुनी चोटें आयी है। ट्रेलर की टक्कर से मकान धराशायी हो गया। परिजनों ने तत्काल मलबे को हटाकर गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को बाहर निकालते हुए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही गुरमा चौकी प्रभारी श्री प्रकाश अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंच आवश्यक कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को कब्जे में ले लिया।इस घटना मे लाखों रुपये की क्षति हुई है।

# युवा शक्ति ही विकसित भारत की नींव : प्रो० विनोद सिंह

**समाज जागरण/ अकबर अली**



शक्तिनगर/ सोनभद्र। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर शक्ति नगर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के तत्वाधान में दिनांक 4 अगस्त 2026 को "युवा सक्रियता, मीडिया और विकसित भारत" विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के प्रो० विनोद कुमार सिंह ने युवा सक्रियता को विकसित भारत की नींव बताया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में युवा सक्रियता को एक तेज मिलता है जब वह मीडिया विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ अपनी अभिव्यक्ति को वैश्विक मंच पर रखता है। माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा घोषित विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवा और मीडिया दोनों एक ऊर्जा स्रोत के समान है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में काशी विद्यापीठ शक्तिनगर की वरिष्ठ पप्राध्यापिका डॉ०अपर्णा त्रिपाठी ने युवा संस्कृति और राष्ट्र निर्माण के अंतः संबंधों पर अपने विचार व्यक्त किया और कहा कि आज के सूचना समाज में मीडिया क्रांति को सही दिशा में आगे बढ़ाने हेतु युवा स्वयंसेवकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है इसलिए युवाओं को देश के विकास में बढ़-चढ़कर अपना योगदान सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिसर के वरिष्ठ प्राध्यापक उदय नारायण पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में एक सशक्त माध्यम बनता जा रहा है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आवाहन किया कि वह देश के विकास में अपना योगदान दें ताकि देश को उन्नति की ओर ले जाया जा सके। युवा पत्रकार रोहित कुमार विश्वकर्मा ने युवा शक्ति के समक्ष वर्तमान सामाजिक व्यवस्था में उत्पन्न हो रही चुनौतियों पर सभी का ध्यान आकर्षित किया और चुनौतियों के समाधान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी इकाई प्रथम के डॉ० छोटे लाल प्रसाद ने किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यापक डॉ० ओम प्रकाश यादव, डॉ० प्रभाकर लाल, अम्बरीश, रविकांत कुशवाहा, अमित कुमार सिंह, हिमांशु, राहुल सोनी, पंकज, साल्वी, अजय, अमृत लाल, नीरज, समीर, प्रभा, खुशबू, ममता, अंजलि, आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# बभनी सीएचसी में मेडिकल वेस्ट के साथ मिली जली दवाएं, उठे गंभीर सवाल

**समाज जागरण/ अकबर अली**

सोनभद्र। बभनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में मेडिकल वेस्ट के साथ कूड़े के ढेर में बड़ी मात्रा में जली हुई दवाएं मिली हैं। इस घटना ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने इस पर रोष व्यक्त किया है, जबकि विभाग का कहना है कि ये सभी दवाएं एक्सपायरी थीं। मिली हुई दवाओं में गोलियां, इंजेक्शन और सिरप शामिल हैं, जो मेडिकल वेस्ट के साथ जलाई गई थीं। यह घटना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनी परिसर के पास सामने आई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अक्सर मरीजों को दवाएं न होने का बहाना बनाकर बाहर से खरीदने को कहा जाता है, जबकि अस्पताल के गोदाम की दवाएं कचरे में फेंकी हुई मिल रही हैं। कुछ लोगों का दावा है कि कचरे में मिली दवाएं उपयोगी थीं और बिना एक्सपायर हुए ही फेंकी गई थीं। हालांकि, जल जाने के कारण उनकी एक्सपायरी डेट की पुष्टि नहीं हो पा रही है।मेडिकल वेस्ट के साथ दवाओं को खुले में जलाना पर्यावरणीय प्रदूषण का कारण भी बन रहा है, जिससे स्वास्थ्य केंद्र के आसपास के वातावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इस मामले को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के जिला सह सचिव देव कुमार विश्वकर्मा ने जिलाधिकारी से विस्तृत जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनी के प्रभारी अधीक्षक राजन सिंह ने बताया कि मेडिकल वेस्ट कंटेनर जब एक्सपायरी दवाएं लेने आए होंगे, तो कुछ दवाएं गलती से गिर गई होंगी। सफाई के दौरान वे कचरे के ढेर में चली गईं और बाद में जल गईं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मिली हुई सभी दवाएं एक्सपायरी डेट की थीं।

# खेल प्रतिभा का महाकुंभ: रिहंदनगर में डीएवी जोनल स्पोर्ट्स मीट का भव्य आगाज

**समाज जागरण/ अकबर अली**



सोनभद्र। डीएवी यूपी जोन-डी बालिका जोनल स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ मंगलवार को एनटीपीसी रिहंदनगर के सोनशक्ति स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन एनटीपीसी रिहंदनगर के परियोजना प्रमुख सह कार्यकारी निदेशक संजय असाटी और महिला मंडल की अध्यक्षा नीलू असाटी ने किया। इस अवसर पर डीएवी यूपी जोन-डी की सहायक क्षेत्रीय अधिकारी ( एआरओ) संध्याय पांडे भी उपस्थित रहीं। यह तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता 6 अगस्त को समाप्त होगी। इसमें सोनभद्र जनपद के विभिन्न डीएवी विद्यालयों की कुल 361 छात्राएं हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी और एथलेटिक्स सहित कई खेल आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विजेता प्रतिभागियों का चयन अगले स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत एनसीसी कैडेट्स और विभिन्न डीएवी विद्यालयों से आई छात्राओं के मार्च-पास्ट से हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि ने खेल मशाल प्रज्ज्वलित कर विद्यालय की हेड गर्ल दुर्गा को सौंपी। राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुकी छात्राओं ने मशाल के साथ स्टेडियम का चक्कर लगाकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार ने मुख्य अतिथि और सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने एनटीपीसी प्रबंधन, विशेष रूप से परियोजना प्रमुख संजय असाटी, मानव संसाधन विभाग, टीएसी विभाग और एआरओ संध्या पांडे के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। प्राचार्य ने कहा कि सभी के सहयोग से ही ऐसे बड़े खेल आयोजनों का सफल संचालन संभव हो पाता है। मुख्य अतिथि संजय असाटी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण आधार हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं।

प्रतियोगिता की शुरूआत कबड्डी से हुई। अंडर-17 बालिका वर्ग के पहले मुकाबले में डीएवी परासी ने डीएवी रॉबर्ट्सगंज को तीन अंकों से हराया। इस दौरान महाप्रबंधक प्रणय कुमार नायक, मानव संसाधन प्रमुख राजेश बोइपाई, अपर महाप्रबंधक योगेश त्रिपाठी, एसी सीआईएसएफ पुजारी शिवा राव, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, प्रशासनिक अधिकारी, पत्रकार, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# शिवद्वार में कांवड़ यात्रा की तैयारियों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा, गंदगी पर जताई नाराजगी

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। श्रावण मास में शिवद्वार मंदिर पहुंचने वाले कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने शिवद्वार मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कांवड़ियों के ठहरने की व्यवस्था, मंदिर परिसर की साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थापित चिकित्सा शिविर और मेले में बनाए गए कंट्रोल रूम का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी और नगर पंचायत घोरावल के अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि श्रावण मास में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में नियमित सफाई, पर्याप्त पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं हर हाल में सुनिश्चित की जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने शाहगंज बाजार का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क पर गंदगी और कीचड़ मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को तत्काल सफाई अभियान चलाने और सड़क किनारे बन रहे नाले के निर्माण कार्य में आवश्यक सुधार कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन मार्गों से कांवड़िए और श्रद्धालु गुजर रहे हैं, वहां स्वच्छता, सुगम यातायात और सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाए और किसी भी समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी घोरावल विशाल कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी नामित शरण, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता एस.के. सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आकाशीय बिजली का कहर: पिता की मौत, 12 वर्षीय पुत्री घायल, मचा कोहराम

**समाज जागरण/ अकबर अली**

बीजपुर/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के पिंडारी ग्राम पंचायत अंतर्गत संचिराडाँड़ में मंगलवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी 12 वर्षीय पुत्री भी झुलस गई। घटना से



पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय संचिराडाँड़ निवासी छोटेलाल मंगलवार दोपहर अपने घर के बाहर कार्य कर रहे थे। इसी दौरान तेज गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। अचानक गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से छोटेलाल गंभीर रूप से झुलस गए। उनके साथ मौजूद उनकी 12 वर्षीय पुत्री रिया भी बिजली की चपेट में आकर घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से दोनों को तत्काल एनटीपीसी रिहंद स्थित धन्वंतरी चिकित्सालय पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद छोटेलाल को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल रिया को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। अचानक हुई इस दर्दनाक घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर मामले की जांच शुरू कर दिया है।

# बिजली विभाग की कथित लापरवाही से युवक करंट की चपेट में, ग्रामीणों ने बचाई जान

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**




सोनभद्र। बिजली विभाग की कथित लापरवाही एक बार फिर सवालों के घेरे में है। सोनभद्र के रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के भुवारी गांव में बिजली के पोल पर कार्य के दौरान बकथरी गांव निवासी विनोद कुमार पासवान हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह करीब पांच मिनट तक पोल पर ही करंट से जूझते रहे। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने किसी तरह बिजली आपूर्ति बंद कराकर उन्हें नीचे उतारा, जिससे उनकी जान बच सकी। घायल विनोद कुमार को तत्काल 108 एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल लोढ़ी भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि जेई अरुण पाल के निर्देश पर विनोद कुमार को बिजली के पोल पर कार्य करने के लिए चढ़ाया गया था। उनका कहना है कि लाइन पूरी तरह बंद होने की पुष्टि किए बिना ही कार्य शुरू करा दिया गया। जैसे ही युवक ने काम शुरू किया, लाइन में करंट प्रवाहित हो गया और वह पोल पर ही फंस गया। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि घटना के समय संबंधित जेई मौके पर मौजूद थे, लेकिन हादसे के बाद घायल की मदद करने के बजाय वहां से चले गए। वही घटना के बाद जब बिजली विभाग का पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो विभाग की ओर से कोई भी अधिकारी आधिकारिक बयान देने के लिए सामने नहीं आया। विभाग की चुप्पी ने मामले को लेकर और सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई, पीड़ित के समुचित इलाज तथा आर्थिक सहायता की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते बिजली आपूर्ति बंद नहीं कराई जाती तो यह घटना जान लेवा साबित हो सकती थी।

# अगस्त क्रांति एवं विश्व आदिवासी दिवस पर भाकपा तथा सहयोगी जन संगठन का आठ अगस्त को होगा पैदल मार्च

### विभिन्न मांगों को लेकर प्रशासन को सौंपेगे ज्ञापन

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**




सोनभद्र। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अगस्त क्रांति व विश्व आदिवासी दिवस की पूर्व संध्या पर 8 अगस्त 2026 को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के कार्यकताओं द्वारा सोनभद्र में उच्च शिक्षा के लिए कैमूर आदिवासी विश्वविद्यालय की स्थापना कराए जाने, जाति जनगणना में आदिवासी कोड लागू किए जाने, अन्य राज्यों की तरह ग्रामीण विकास के लिए यूपी में भी पेसा एक्ट लागू किए जाने तथा जल जंगल जमीन और आदिवासी हितों की रक्षा के लिए जैसे मांगों को लेकर चुर्क तिराहे से कलेक्ट्रेट मुख्य मार्ग गेट तक पैदल मार्च और उपरोक्त विभिन्न मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन दिए जाने के कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है। इस आशय की जानकारी भाकपा और आदिवासी महासभा के नेता कामरेड आर.के.शर्मा ने देते हुए बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी अगस्त क्रांति और विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी व सहयोगी जनसंगठन के कार्यकताओं द्वारा लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से दिनांक 8अगस्त 2026 को चुर्क तिराहा से कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार तक पैदल मार्च करते हुए स्थानीय जन समस्याओं के संबंध मे प्रशासन को ज्ञापन दिए जाने का कार्यक्रम पार्टी और संगठन द्वारा सुनिश्चित किया गया। बताते है कि यह कार्यक्रम नौ अगस्त को रविवार का दिन पड़ने की वजह से शनिवार यानी आठ अगस्त को ही किया जाएगा। उन्होंने इस कार्यक्रम में जनपद के युवाओं, छात्रों किसानों , मजदूरों और आदिवासी समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या मे सम्मिलित होने की अपील किया है।

# ओबरा पुलिस द्वारा धारा 138 NI Act के तहत 03 मुकदमों में वांछित/वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

ओबरा/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान तथा न्यायालय से निर्गत वारंटों की शत-प्रतिशत तामीली के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी प्रभात राय के कुशल नेतृत्व में थाना ओबरा पुलिस टीम को बड़ी सफलता हासिल हुई है। थाना ओबरा से उप-निरीक्षक रामसागर पटेल मय हमराह हेड कांस्टेबल अशोक यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र, रोकथाम जुर्म एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की तलाश के दौरान शारदा मंदिर के पास से मुखबिर की सटीक सूचना पर अकमल हिकमत से दबिश देकर 03 अलग-




अलग मुकदमों में वांछित वारंटी अभियुक्त संजय कुमार विश्वास (प्रोफेशनः मैसर्स अपर्णा एंटरप्राइजेज) पुत्र स्व. सुशील कुमार विश्वास निवासीः गैस गोदाम रोड, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र उम्रः करीब 49 वर्ष गिरफ्तारी के दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों एवं नियमों का अक्षरशः पालन किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर संबंधित माननीय न्यायालयों के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया।

# भाजपा बूथ अध्यक्ष रविकांत दूबे को भाजपा ध्वज ओढ़ाकर दी गई अंतिम विदाई

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। चोपन गांव निवासी एवं भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष रविकांत उर्फ काकू दूबे के असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। मंगलवार को उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक शामिल हुए।अंतिम संस्कार से पूर्व भाजपा की परंपरा के अनुसार पार्टी पदाधिकारियों ने दिवंगत रविकांत दूबे के पार्थिव शरीर पर भाजपा का ध्वज ओढ़ाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद "रविकांत दूबे अमर रहें" तथा "ॐ शांति" के उद्घोष के बीच उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। इस अवसर पर भाजपा निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि रविकांत दूबे एक कर्मठ, मिलनसार एवं समर्पित कार्यकर्ता थे। उन्होंने संगठन की मजबूती और जनसेवा के लिए सदैव सक्रिय भूमिका निभाई। उनके निधन से भाजपा परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र ने एक सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता को खो दिया है। अंतिम यात्रा में मंडल अध्यक्ष संजय केशरी, मण्डल महामंत्री विकास चौबे, श्यामा चरण गिरी, अनिल शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

# ढुटेर मे टूटा नाली का ढक्कन, गिरकर लोग हो रहे है चोटहिल

### कभी भी घटित हो सकता है बड़ा हादसा, संबंधित बने मुकदर्शक

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। घोरावल ब्लाक के ग्राम पंचायत ढुटेर मुख्य बस्ती में जल निकासी के लिए बनी पक्की नाली का ढक्कन टूट जाने से लोगों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,वही राहगीरों में हादसे का भी भय बना हुआ है। इससे उनमे तीव्र आक्रोश व्याप्त है।

बताते है कि ढुटेर गांव में जल निकासी हेतु बनी नाली का ढक्कन टूट गया है। मुख्य गली होने के कारण मोहल्ले वालों का आना-जाना इसी रास्ते से लगा रहता है। गली में घास-फूस भी उगी है।जिससे पैदल चलने वाले लोगों में हमेशा किसी जहरीले जंतु के डसने का डर सताता रहता है।

साइकिल, मोटरसाइकिल सवारों को तो उक्त टूटी नाली में गिरकर घायल होने की आशंका बनी रहती है। सबसे ज्यादा दिक्कत पानी बरसने और अंधेरी रात में आते- जाते वक्त रहती है।कुछ लोग इसमें गिरकर चोटहिल भी हो चुके हैं। मोहल्ले वालों का कहना है कि इस टूटी हुई नाली के ढक्कन को बनवाने के लिए कई बार संबंधितों से कहा गया लेकिन आज तक इस पर किसी ने ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा।यदि उक्त टूटी हुई नाली के ढक्कन की मरम्मत तत्काल नहीं की गई तो इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस संबंध में संजय कुमार मौर्य, सोहन विश्वकर्मा, प्रदीप दुबे, देवी दीन, विकास उपाध्याय, प्रमिला, संदीप कनौजिया, शंकर पटेल आदि ने इस ओर जिम्मेदार अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# पटना के दानापुर में नासरीगंज-पानापुर दियारा के बीच निशुल्क स्टीमर सेवा शुरू मंत्रियों ने दिखाई हरी झंडी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिला के दानापुर के दियारा क्षेत्र के निवासियों को सुगम और सुरक्षित आवागमन की सौगात देते हुए मंगलवार को नासरीगंज घाट पर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने संयुक्त रूप से 'गंगा वन' स्टीमर सेवा का शुभारंभ किया। इस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो नासरीगंज घाट से पानापुर घाट के बीच बिल्कुल निःशुल्क संचालित होगी। सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने इस अवसर पर कहा कि बरसात के दिनों में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से दियारा वासियों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस निशुल्क स्टीमर सेवा के शुरू होने से अब क्षेत्र के हजारों छात्रों, किसानों, मजदूरों और आम ग्रामीणों को सुरक्षित व नियमित यातायात की सुविधा मिलेगी। उन्होंने इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार के नेतृत्व का आभार जताया। 'गंगा वन' स्टीमर की क्षमता काफी बेहतर है, जिससे एक ही फेरे में करीब 200 यात्री आराम से यात्रा कर सकेंगे। इसके साथ ही, एक बार में लगभग 25 मोटरसाइकिल और साइकिल भी आसानी से नदी पार कराई जा सकेंगी। यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए स्टीमर पर पर्याप्त संख्या में लाइफ जैकेट की व्यवस्था की गई है और सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात किए गए हैं। इस महती पहल पर बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के अनोज कुमार समेत कई शिक्षकों और स्थानीय ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री, मंत्री रामकृपाल यादव, जिला प्रशासन और एसडीओ को बधाई दी है। ग्रामीणों का कहना है कि उफनती गंगा और तेज धारा के बीच जोखिम भरा नाव का सफर अब इतिहास बन जाएगा, जिससे उनके समय और पैसे दोनों की बचत होगी।

इस उद्घाटन समारोह के दौरान विधान पार्षद अनामिका सिंह पटेल, एसडीओ अनिरुद्ध पांडेय, बीडीओ आलोक कुमार, भाजपा नेता ब्रजेश सिंह, जेडीयू प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिंह सहित कई प्रमुख जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# पटना में साइबर ठगों ने झांसे में लेकर महिला व बुजुर्ग के खाते से उड़ाए 18 लाख से अधिक

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना में साइबर अपराधियों के हौसले पूरी तरह बुलंद हैं। ताजा मामलों में साइबर ठगों ने दो अलग-अलग घटनाओं में लोगों के खातों से करीब 18.35 लाख रुपये की अवैध निकासी कर ली है। पहली घटना में, कटिहार के कोढ़ा इलाके की मूल निवासी और पटना के रूकनपुरा में रहने वाली रिंकी देवी के बैंक खाते से साइबर बदमाशों ने 11.35 लाख रुपये उड़ा लिए। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने सीए (चार्टर्ड अकाउंटेंट) के साथ अपना अकाउंट नंबर और ओटीपी साझा किया था, जिसके तुरंत बाद खाते से इतनी बड़ी रकम की अवैध निकासी हो गई। इस संबंध में उन्होंने साइबर थाने में मामला दर्ज करा दिया है।वहीं, दूसरी घटना न्यू महावीर कॉलोनी के रहने वाले नागेंद्र नाथ के साथ घटी, जहां साइबर ठगों ने उन्हें पेंशन कार्ड बनवाने का झांसा दिया। ठगों ने फोन कर पेंशन कार्ड बनवाने का लालच दिया और फोन पर ही केवल तीन डॉट्स (बिंदुओं) पर क्लिक करने को कहा। हैरानी की बात यह है कि इस दौरान न तो कोई ओटीपी आया और न ही पीड़ित ने बैंक की कोई गोपनीय जानकारी शेयर की, फिर भी उनके खाते से 7 लाख रुपये की भारी रकम गायब हो गई। इस ठगी के शिकार हुए नागेंद्र नाथ ने भी साइबर थाने में एफआईआर दर्ज करा दी है। पुलिस दोनों मामलों की तकनीकी जांच में जुटी है।

# पटना के फतुहा में किसान की करंट लगने से मौत

## सड़क पर शव रखकर आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के फतुहा थाना क्षेत्र के मौजीपुर कृपालटोला में बिजली विभाग की कथित लापरवाही ने एक हंसते-खेते परिवार को उजाड़ कर रख दिया। खेत में पानी पटाने के दौरान 45 वर्षीय किसान बिल्टु राय (पिताः शंकर राय) की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में शोक और भारी आक्रोश का माहौल है। घटना के वक्त जब बिल्टु राय को करंट लगा, तो परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए फतुहा के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की पुष्टि होते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलते ही फतुहा थाना पुलिस तुरंत अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद देर शाम आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने मुआवजे और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर मौजीपुर कृपालटोला के पास शव को मुख्य सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सड़क जाम होने के कारण करीब एक घंटे से अधिक समय तक दोनों ओर वाहनों लंबी कतारें लग गईं और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। हंगामे की सूचना पाकर नदी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने सूझबूझ से काम लेते हुए आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और उचित कार्रवाई का भरोसा देकर जाम समाप्त करवाया। इस दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्र में यह सवाल सबसे अहम हो गया है कि यदि बिजली विभाग की लापरवाही से एक गरीब परिवार का मुख्य सहारा छिन गया, तो इसकी जवाबदेही किसकी होगी? क्या दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी या यह मामला भी हमेशा की तरह फाइलों में ही दबकर रह जाएगा? फिलहाल पुलिस मामले की आगे की कानूनी जांच में जुटी है।

# पटना के मसौढ़ी में खुजली पाउडर छिड़ककर महिला से मंगलसूत्र और जितिया झपटी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के जगपुरा कॉलोनी के पास मंगलवार को दिनदहाड़े बाइक सवार दो उचक्कों ने एक महिला को अपना शिकार बनाते हुए उनके गले से मंगलसूत्र और जितिया झपट ली। इस दुस्साहसिक वारदात के बाद से इलाके की महिलाओं में भारी दहशत और आक्रोश का माहौल है।

पीड़िता भैंसवां निवासी रविकांत प्रसाद सिन्हा उर्फ अमर प्रसाद की पत्नी प्रभा देवी ने पुलिस को बताया कि वे जगपुरा कॉलोनी के पास अपने खेत से सब्जी तोड़कर पैदल सड़क पर आ रही थीं। इसी दौरान मसौढ़ी की ओर से काले रंग की अपाचे या बाइक पर सवार दो युवक आए और उनकी पीठ पर खुजली वाला सफेद पाउडर छिड़क दिया। पाउडर के असर से जब महिला परेशान होकर अपनी पीठ खुजाने लगी, तो मौका पाकर दोनों उचक्के उनके गले से सोने-चांदी के आभूषण झपटकर तेजी से मसौढ़ी की तरफ फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों बदमाश काले रंग के कपड़े पहने हुए थे। घटना की सूचना मिलते ही मसौढ़ी थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और पीड़िता के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया। पुलिस अब आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। वहीं, स्थानीय लोगों ने दिनदहाड़े हो रही ऐसी आपराधिक घटनाओं पर गहरी चिंता जताते हुए इलाके में पुलिस गश्त और चौकसी बढ़ाने की पुरजोर मांग की है।

# पटना में पेपर लीक के विरोध में NSUI का प्रदर्शन, वॉटर कैनन चला; राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत 12 हिरासत में

**आयकर गोलंबर पर पुलिस-प्रदर्शनकारियों में नोकझोंक, शिक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार पर लगाए आरोप**

**समाज जागरण**



पटना। पेपर लीक प्रकरण और छात्रों पर कथित पुलिस कार्रवाई के विरोध में मंगलवार को एनएसयूआई (NSUI) ने राजधानी पटना में जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ के नेतृत्व में कार्यकताओं ने मार्च निकाला, जिसे आयकर गोलंबर पर पुलिस ने रोक दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया और राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ सहित 12 लोगों को हिरासत में ले लिया। प्रदर्शन से पहले पटना पहुंचे विनोद जाखड़ ने बिहार सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा व्यवस्था बदहाल है और जब छात्र अपनी मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाते हैं तो उनके खिलाफ लाठीचार्ज और बल प्रयोग किया जाता है।

उन्होंने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाओं से छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है और सरकार इस पर प्रभावी कार्रवाई करने में विफल रही है। एनएसयूआई छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन जारी रखेगी और जब तक दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक विरोध जारी रहेगा।

पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोका। इसके बाद हालात बिगड़ने पर वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया गया। पुलिस ने राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ समेत 12 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# पटना के दुल्हिन बाजार में नहर से मिला लापता युवक का शव परिवार में मचा कोहराम

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**








पटना/ जिले के दुल्हिन बाजार प्रखंड क्षेत्र के रानितलाब थाना अंतर्गत बुद्धू छपरा गांव के पास नहर में लापता हुए युवक का शव मंगलवार को बिक्रम थाना क्षेत्र के बैगवा गांव के पास नहर से बरामद कर लिया गया है। मृतक की पहचान रानितलाब गांव निवासी शारदा चौधरी के 28 वर्षीय पुत्र अमरजीत कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अमरजीत कुमार रविवार की शाम बाइक पर सवार होकर पतुत बाजार जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। इसी क्रम में बुद्धू छपरा गांव के पास नहर की सड़क पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी थी, जिससे वह गहरे पानी में चला गया था। सोमवार को बाइक बरामद होने के बाद परिजनों की सूचना पर रानितलाब थाने की पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने एसडीआरएफ और एफएसएल की टीम की मदद से तलाश अभियान चलाया था, लेकिन सोमवार देर शाम तक उसका कुछ पता नहीं चल पाया था। मंगलवार की दोपहर बिक्रम के बैगवा गांव के पास शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अमरजीत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके परिवार में उसकी वृद्ध मां, पत्नी और चार छोटे-छोटे नाबालिग बच्चे हैं। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और घर में चीख-पुकार मची हुई है। परिवार की दयनीय आर्थिक स्थिति को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने सरकार से उचित मुआवजे की मांग की है। रानितलाब थाना के थानाध्यक्ष श्रवण कुमार ने बताया कि शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मुआवजे से संबंधित मामले को लेकर उच्च अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# पटना के पालीगंज में हुई माले कार्यकताओं की बैठक

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ शिक्षा, रोजगार और दमन के खिलाफ संघर्ष को और तेज करने के उद्देश्य से आगामी 6 अगस्त को पालीगंज के खेल मैदान में आयोजित होने वाली विशाल 'संकल्प सभा' की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। इस सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए पालीगंज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और चट्टी बाजारों में लगातार कार्यकर्ता बैठकों और ग्राम सभाओं का सिलसिला जारी है। प्रचार-प्रसार अभियान के तहत 5 अगस्त को पालीगंज विधानसभा के तमाम प्रमुख बाजारों और गांवों में नुक्कड़ सभाएं आयोजित की जाएंगी और व्यापक प्रचार किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, 6 अगस्त को होने वाली इस सभा में हजारों की संख्या में लोग शिरकत करेंगे। इस महत्वपूर्ण संकल्प सभा को मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) यानी भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य सहित पार्टी के कई अन्य दिग्गज नेता संबोधित करेंगे। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पार्टी के स्थानीय नेता और कार्यकर्ता पूरी तन्मयता से जुटे हुए हैं। पालीगंज प्रखंड में प्रखंड सचिव सुरेंद्र पासवान, बिनेश चौधरी, अनवर हुसैन, उमेश मांझी, अनीता राय, राजेश कुमार और दुल्हिन बाजार में प्रखंड सचिव अमरसेन दास, मंगल यादव, आशा देवी, अरविंद पासवान, विद्यानंद बिहारी, मुमताज अंसारी सहित सैकड़ों की संख्या में पंचायत और ब्रांच स्तरीय कार्यकर्ता अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में दिन-रात लगे हुए हैं। भाकपा माले जिला कमेटी सदस्य (पटना ग्रामीण) राजेश कुमार ने सभी क्षेत्रवासियों से इस सभा में भारी संख्या में पहुंचने की अपील की है।

# पटना के दानापुर में बेली रोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के रूपसपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जीवनदाता अस्पताल के समीप बेली रोड पर सड़क पार कर रहे एक युवक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बुरी तरह कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें इलाज के लिए बेली रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान आदर्श विहार कॉलोनी निवासी अभिषेक कुमार सिंह के रूप में हुई है, जो स्थानीय एक हुंडई शोरूम में कार्यरत थे। घटना की सूचना मिलते ही रूपसपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह अभिषेक कुमार सिंह बेली रोड पार कर रहे थे, तभी एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को शोकाकुल परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों के लिखित बयान के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से वाहन व चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# पटना के नौबतपुर में चौथे दिन भी सफाई कर्मियों की हड़ताल जारी

## बाजार में निकाला गया विरोध मार्च

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के नौबतपुर नगर पंचायत नौबतपुर में सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार को लगातार चौथे दिन भी पूरी तरह जारी रही। इस हड़ताल के कारण पूरे नगर क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई और कचरा उठाव का कार्य पूरी तरह ठप पड़ गया है, जिससे जगह-जगह कचरे के बड़े-बड़े ढेर लग गए हैं। अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में आज हड़ताल




पर बैठे सफाई कर्मियों ने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर नौबतपुर बाजार में एक जोरदार पैदल मार्च निकाला। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नगर पंचायत प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी समस्याओं के जल्द समाधान की पुरजोर मांग की। प्रदर्शन के दौरान सफाई कर्मियों ने "सफाईकर्मी संघ जिंदाबाद" और "सफाई कार्य में ठेकेदारी प्रथा बंद करो" जैसे नारे लगाए। संघ के प्रतिनिधियों का स्पष्ट कहना है कि सफाई व्यवस्था को निजी ठेकेदारों के हवाले करने के बजाय सीधे विभागीय स्तर पर संचालित किया जाना चाहिए। इसके अलावा, कर्मियों ने अपनी मेहनत के अनुरूप उचित न्यूनतम मानदेय देने, कार्यस्थल पर सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने और सम्मानजनक कार्य परिस्थितियां सुनिश्चित करने की मांग उठाई है। इधर, स्थिति तब और अधिक पेचीदा हो गई जब नगर पंचायत के उपमुख्य पार्षद जितेंद्र प्रसाद द्वारा कर्मचारियों से हड़ताल समाप्त कर काम पर लौटने की अपील के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका। प्रशासनिक स्तर पर संकट तब और गहरा गया जब नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी भावेश कुमार और सिटी मैनेजर समेत अन्य अधिकारी भी अपनी सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर हड़ताल पर चले गए। अधिकारियों के भी कार्य बहिष्कार पर जाने के कारण सफाई कर्मियों के साथ कोई औपचारिक वार्ता नहीं हो पा रही है, जिससे गतिरोध बना हुआ है। शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाने से नौबतपुर के मुख्य बाजारों और आवासीय मोहल्लों में कूड़े के अम्बार लग गए हैं। सड़ते कचरे से उठने वाली भीषण बदबू और मच्छरों के प्रकोप के कारण स्थानीय दुकानदारों व आम नागरिकों में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा मंडराने लगा है। जनता अब जल्द से जल्द इस गतिरोध के समाप्त होने और शहर की सफाई व्यवस्था के पटरी पर लौटने की उम्मीद लगाए बैठी है।

# पटना के पालीगंज के डॉ. अजय कुमार निराला बने असिस्टेंट प्रोफेसर

## 49वीं रैंक लाकर बढ़ाया क्षेत्र का मान

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**


पटना/ बिहार सरकार में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर पालीगंज नगर पंचायत के खपुरा गांव निवासी डॉ. अजय कुमार निराला का चयन हुआ है। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए इस प्रतिष्ठित परीक्षा में पूरे 49वीं रैंक के साथ यह बड़ी सफलता हासिल की है। डॉ. निराला ने अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रतिभा, लगन और कठोर परिश्रम के बल पर यह उपलब्धि प्राप्त की है। उनकी इस सफलता से उनके परिवार के साथ-साथ पूरे पालीगंज नगर पंचायत में हर्ष और जश्न का माहौल है। क्षेत्र के बुद्धिजीवियों और स्थानीय लोगों ने इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर बताया है। लोगों का मानना है कि डॉ. निराला की यह सफलता इलाके के युवाओं के लिए एक मजबूत प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक संगठनों और गणमान्य व्यक्तियों ने डॉ. अजय कुमार निराला को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। सभी का विश्वास है कि वे शिक्षा, शोध और अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए समाज और राज्य के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस उपलब्धि से पूरे पालीगंज क्षेत्र में गौरव की लहर दौड़ गई है।

# बांकीपुर उपचुनावः बीजेपी की हार चेतावनी, लेकिन विधानसभा चुनाव का संकेत नहीं

## बिहार में उपचुनावों का इतिहास बताता है कि छोटे चुनावों के नतीजे हमेशा बड़े जनादेश की दिशा तय नहीं करते

**समाज जागरण**



पटना। बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हार ने बिहार की सियासत में नई चचाओं को जन्म दे दिया है। इस परिणाम के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात को राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बिहार में उपचुनावों के नतीजों को विधानसभा चुनाव का अंतिम संकेत मानना उचित नहीं होगा।

बिहार की राजनीति में जदयू और भाजपा के रिश्ते हमेशा सहयोग और प्रतिस्पर्धा दोनों के रहे हैं। वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में भाजपा अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने के बावजूद जदयू केवल 43 सीटों तक सिमट गई थी। इसके बाद हुए उपचुनावों में भी दोनों दलों के कार्यकताओं के बीच स्थानीय स्तर पर मतभेद देखने को मिले।

बोचहां उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी की हार और कुढ़नी उपचुनाव में भाजपा की जीत को भी स्थानीय समीकरणों और कार्यकताओं की भूमिका से जोड़कर देखा गया। अब बांकीपुर में भाजपा की हार के बाद जदयू नेताओं की प्रतिक्रियाएं गठबंधन के भीतर की स्थिति को लेकर कई सवाल खड़े कर रही हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि जदयू नहीं चाहेगी कि बिहार में कोई तीसरी राजनीतिक ताकत मजबूत होकर उभरे। वहीं भाजपा के लिए भी यह परिणाम संगठन, कार्यकताओं की नाराजगी और गठबंधन के बेहतर समन्वय की आवश्यकता का संकेत माना जा रहा है।

इतिहास भी बताता है कि बिहार में उपचुनाव अक्सर विधानसभा चुनावों का सटीक पूवार्नुमान नहीं रहे हैं। वर्ष 2010 के विधानसभा चुनाव से पहले हुए 10 उपचुनावों में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने पांच सीटें जीती थीं, जिससे उसके मजबूत वापसी की चर्चा हुई थी। लेकिन कुछ ही महीनों बाद हुए विधानसभा चुनाव में राजद केवल 22 सीटों तक सीमित रह गई थी।

राजनीतिक जानकारों के अनुसार बांकीपुर उपचुनाव के नतीजे को भविष्यवाणी नहीं, बल्कि एनडीए के लिए एक चेतावनी के रूप में देखा जाना चाहिए। यदि भाजपा और जदयू कार्यकताओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करते हैं और स्थानीय असंतोष दूर करते हैं, तो आगामी विधानसभा चुनाव में तस्वीर अलग हो सकती है। बिहार में अंतिम फैसला हमेशा आम विधानसभा चुनाव में मतदाता ही करता है, जहां स्थानीय मुद्दों के साथ नेतृत्व, स्थिरता और व्यापक राजनीतिक विकल्प भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# बिहार में 9,500 से अधिक असिस्टेंट प्रोफेसरों की होगी भर्ती, सितंबर से शुरू होगी प्रक्रिया

## 211 डिग्री कॉलेजों में 2,532 पदों पर नियुक्ति, विश्वविद्यालयों में भी करीब 7,000 पद भरे जाएंगे

**समाज जागरण**



पटना। बिहार में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग (बीएसयूएससी) ने नियमित सहायक प्रोफेसरों की बंपर भर्ती का ऐलान किया है। आयोग के अध्यक्ष गिरीश कुमार चौधरी ने बताया कि सितंबर 2026 से नियमित असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। राज्य सरकार ने रिक्त पदों का रोस्टर तैयार कर लिया है और आयोग अंतिम तैयारियों में जुटा है।

आयोग के अनुसार राज्य के 211 डिग्री कॉलेजों में 2,532 नियमित सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति की जाएगी। इसके अलावा छह विषयों में पहले रिक्त रह गए पदों को भरने के लिए दोबारा विज्ञापन जारी किया जाएगा।

इसके साथ ही बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों में भी करीब 7,000 असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति की जाएगी। कुलाधिपति के निर्देश पर भर्ती के लिए आवश्यक स्टैच्यूट तैयार कर लिया गया है, जिससे नियमित नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त हो गया है। आयोग के अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि नियमित सहायक प्रोफेसर बनने के लिए लिखित परीक्षा अनिवार्य होगी। इसके बाद नियमानुसार अन्य चयन प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी। भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और मेरिट आधारित होगी।

उन्होंने बताया कि संविदा सहायक प्रोफेसरों की भर्ती अंतिम चरण में है। चयनित अभ्यर्थी 10 अगस्त से राज्य के विभिन्न डिग्री कॉलेजों में योगदान देकर शिक्षण कार्य शुरू करेंगे। आयोग का मानना है कि नियमित और संविदा दोनों स्तरों पर होने वाली नियुक्तियों से उच्च शिक्षा संस्थानों में लंबे समय से खाली पड़े शिक्षकों के पद भरने में बड़ी मदद मिलेगी।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

समाज जागरण
बिज़नेस बढ़ाने का महा-उत्सव!
अब हर घर गूंजेगा आपके ब्रांड का नाम!
मात्र ₹5,000 में, पूरे 1 महीने फ्रंट पेज पर!
Prime Location: Front Page Strip (Front Strip - 4cm x 12cm)
Mass Reach: Delhi-NCR, UP, Bihar, MP, Rajasthan

# बिजली चोरी पर बड़ी कार्रवाई, 11 के खिलाफ एफआईआर

## प्रवर्तन दल और रेड टीम की संयुक्त कार्रवाई में 34.20 किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी गई

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। 04 अगस्त 2026: गौतमबुद्धनगर में बिजली चोरी रोकने और लाइन लॉस कम करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रवर्तन दल एवं रेड टीम-नोएडा ने मंगलवार को दो स्थानों पर संयुक्त कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाए गए 11 लोगों के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 135 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई। टीम ने कुल 34.20 किलोवाट विद्युत चोरी पकड़ी।







**आदर्श नगर और आनंदपुर में नौ मामले पकड़े**

प्रवर्तन दल-द्वितीय के प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में आदर्श नगर एवं आनंदपुर/आनंद नगर, दादरी क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान नौ उपभोक्ता अवैध रूप से बिजली का इस्तेमाल करते पाए गए। इनमें रिंकू से 1.95 किलोवाट, तुलाराम से 1.28 किलोवाट, क्षमा वर्मा से 4.98 किलोवाट, राजकुमार से 2.20 किलोवाट, महकार से 4.29 किलोवाट, सुशील कुमार से 4.29 किलोवाट, अजीत से 2.32 किलोवाट, हरीश से 4.85 किलोवाट और मनवीर से 3.08 किलोवाट की विद्युत चोरी पकड़ी गई। **सभी के खिलाफ धारा 135 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है।**

**भईपुर ब्राह्मण में दो पर कार्रवाई**

वहीं, ग्राम भईपुर ब्राह्मण, ग्रेटर नोएडा में प्रवर्तन दल-प्रथम के प्रभारी नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में हुई संयुक्त कार्रवाई में दो उपभोक्ता विद्युत चोरी करते मिले। इनमें निवेश कुमार भारद्वाज से 2.45 किलोवाट और वीरेंद्र शर्मा से 2.51 किलोवाट की चोरी पकड़ी गई। दोनों के खिलाफ भी विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### बिजली चोरी के खिलाफ अभियान जारी रहेगा

विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे वैध विद्युत कनेक्शन लेकर मीटर के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें। विभाग ने स्पष्ट किया कि विद्युत चोरी कानूनन दंडनीय अपराध है।

विभाग ने नागरिकों से अपने क्षेत्र में बिजली चोरी की जानकारी मिलने पर ह्यबिजली मित्र पोर्टलह्ल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की अपील की है। अधिकारियों के अनुसार विद्युत चोरी के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

सौजन्य : अधिशासी अभियंता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-रेड, नोएडा

# आईटीआई प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ी, अब 7 अगस्त तक कर सकेंगे आवेदन

*सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण का मौका; आवेदन में त्रुटि सुधार के लिए मिलेगा 48 घंटे का अतिरिक्त समय*

समाज जागरण संवाददाता

लखनऊ। 04 अगस्त 2026: प्रदेश के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में सत्र 2026-27 के प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अभ्यर्थी अब निर्धारित अंतिम तिथि 4 अगस्त के स्थान पर 7 अगस्त 2026 की रात 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन एवं पंजीकरण कर सकेंगे।

प्रवेश आवेदन एससीवीटी की आधिकारिक वेबसाइट www.scvtup.in के माध्यम से किया जा सकेगा। यह सुविधा प्रदेश के राजकीय एवं निजी आईटीआई के विभिन्न व्यवसायों के अलावा टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से 211 राजकीय संस्थानों में संचालित 10 दीर्घकालीन व्यवसायों तथा पीपीपी मॉडल पर संचालित राजकीय संस्थानों के विभिन्न व्यवसायों के लिए उपलब्ध होगी।

**आवेदन में गलती सुधारने को मिलेगा 48 घंटे**

विशेष सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग तथा अधिशासी निदेशक एससीवीटी अभिषेक सिंह ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के दौरान दर्ज की गई प्रविष्टियों में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर अभ्यर्थियों को उसे सुधारने के लिए 48 घंटे यानी दो दिन का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर ई-फॉर्म के रूप में उपलब्ध कराए गए हैं।

**वर्गवार आवेदन शुल्क निर्धारित**

आईटीआई प्रवेश के लिए पंजीकरण शुल्क इस प्रकार निर्धारित किया गया है–

सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग : 300 रुपये

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति : 250 रुपये

सभी महिला अभ्यर्थी : 100 रुपये

सहायता के लिए हेल्पडेस्क से करें संपर्क

आवेदन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी समस्या या जानकारी के लिए अभ्यर्थी राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, अलीगंज, लखनऊ के हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं।

हेल्पडेस्क : 0522-4150500, 7897992063

दूरभाष : 0522-2336115

व्हाट्सऐप : 9628372929

ई-मेल : help@admission-scvtup.in

# प्राथमिक शिक्षा को मजबूती देने के लिए 351 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान

## अनुपूरक बजट से परिषदीय विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था होगी मजबूत, छात्र कल्याण योजनाओं और आधारभूत सुविधाओं को मिलेगा बढ़ावा

समाज जागरण संवाददाता

लखनऊ। 04 अगस्त 2026: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सुचारू संचालन, छात्र कल्याणकारी योजनाओं और आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए अनुपूरक बजट में 35,125.64 लाख रुपये यानी 351.2564 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

सरकार के अनुसार, इस धनराशि से परिषदीय विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण बेहतर बनाने के साथ विद्यार्थियों के समग्र विकास को भी गति मिलेगी।

**हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना लक्ष्य**

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि सरकार का संकल्प प्रदेश के प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण, संस्कारयुक्त और समान शिक्षा पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समान अवसर और राष्ट्र निर्माण का मजबूत आधार है।

मंत्री के अनुसार अनुपूरक बजट में स्वीकृत धनराशि का उपयोग प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों के प्रभावी संचालन, मध्याह्न भोजन योजना, छात्र-छात्राओं के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा विद्यालयों की आवश्यक व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने में किया जाएगा।

**परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प को मिलेगी गति**

संदीप सिंह ने कहा कि पिछले वर्षों में प्रदेश सरकार ने परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया है। विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छ एवं सुरक्षित परिसर, आधुनिक शिक्षण संसाधनों की उपलब्धता तथा बेहतर पठन-पाठन वातावरण तैयार करने पर जोर दिया गया है।

सरकार का दावा है कि इन प्रयासों से सरकारी विद्यालयों के प्रति अभिभावकों और विद्यार्थियों का विश्वास बढ़ा है। अब अनुपूरक बजट में किया गया नया प्रावधान इन प्रयासों को और मजबूती प्रदान करेगा तथा विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता एवं छात्र सुविधाओं में सुधार को गति मिलेगी।

# वाराणसी में सरकारी तालाब की करीब एक बीघा जमीन कब्जामुक्त, न्यायालय के आदेश पर शुरू हुआ जीर्णोद्धार

वाराणसी। सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में वाराणसी नगर निगम ने महत्वपूर्ण कार्रवाई की है। नगर निगम के अनुसार, महापौर श्री अशोक तिवारी के नेतृत्व में इछह रोड स्थित करीब एक बीघा सरकारी तालाब की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया है। नगर निगम के मुताबिक, यह मामला कई दशकों से विवादित था। न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में कार्रवाई करते हुए तालाब की भूमि को राजस्व अभिलेखों में दोबारा दर्ज कराया गया है। इसके साथ ही तालाब के पुनरुद्धार का काम भी तत्काल शुरू कर दिया गया है।

**JCB मशीनों से शुरू हुआ तालाब का पुनरुद्धार**

नगर निगम की ओर से बताया गया कि कब्जामुक्त कराई गई तालाब की भूमि पर खउइ मशीनों के माध्यम से पुनरुद्धार कार्य शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ तालाब को उसके मूल स्वरूप में वापस लाना है।

**भूजल रिचार्ज और पर्यावरण संरक्षण पर जोर**

नगर निगम के अनुसार, तालाबों का संरक्षण केवल जल संचयन तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे भूजल पुनर्भरण, पर्यावरणीय संतुलन और स्थानीय पारिस्थितिकी को भी मजबूती मिलती है।

नगर निगम ने कहा कि सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा और जल स्रोतों के संरक्षण के माध्यम से वाराणसी को स्वच्छ, सुरक्षित और हरित शहर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

नगर निगम के इस कदम को लंबे समय से चले आ रहे विवाद के समाधान और सार्वजनिक जलस्रोत के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# लाइसेंस मिला, लेकिन बैठने की जगह नहीं; फिर किराया किस बात का?

## सेक्टर-63 ए ब्लॉक वेंडिंग जोन में कब्जे का आरोप, प्रमाण-पत्रधारी वेंडरों ने सीईओ से स्थलीय निरीक्षण और कार्रवाई की मांग की


समाज जागरण संवाददाता

नोएडा। 04 अगस्त 2026: सेक्टर-63 ए ब्लॉक स्थित वेंडिंग जोन में प्रमाण-पत्र मिलने के बावजूद कारोबार के लिए निर्धारित स्थान उपलब्ध नहीं होने का मामला सामने आया है। रेहड़ी पटरी संचालक राष्ट्रीय संगठन ने नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी से मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक श्याम किशोर गुप्ता के अनुसार, कई रेहड़ी-पटरी संचालकों को पथ विक्रय प्रमाण-पत्र जारी किए जा चुके हैं, लेकिन मौके पर उन्हें बैठने और कारोबार करने के लिए वास्तविक स्थान उपलब्ध नहीं कराया गया है। इससे प्रमाण-पत्रधारी वेंडरों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो रहा है।

**वेंडिंग जोन में दोबारा कब्जे का आरोप**

संगठन का आरोप है कि संबंधित वेंडिंग जोन में झुग्गी-झोपड़ियों एवं अन्य कब्जों के कारण प्रमाण-पत्रधारी वेंडर अपने निर्धारित स्थान



पर कारोबार नहीं कर पा रहे हैं। संगठन के मुताबिक, पूर्व में भी इन कब्जों को हटाया गया था, लेकिन कुछ समय बाद दोबारा कब्जे हो गए।

श्याम किशोर गुप्ता ने सवाल उठाया कि जब वेंडर को निर्धारित स्थान पर बैठने की जगह ही उपलब्ध नहीं है, तो उससे किराया अथवा शुल्क किस आधार पर वसूला जा रहा है?

**सीईओ से स्थलीय निरीक्षण की मांग**

संगठन ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी से सेक्टर-63 ए ब्लॉक वेंडिंग जोन का स्थलीय निरीक्षण कराने, अवैध कब्जे हटाने तथा प्रमाण-पत्रधारी वेंडरों को उनकी निर्धारित जगह उपलब्ध कराने की मांग की है।

संगठन ने यह भी मांग रखी है कि जब तक वेंडरों को वास्तविक रूप से कारोबार के लिए स्थान उपलब्ध नहीं कराया जाता, तब तक उनसे किराया अथवा अन्य शुल्क वसूलने की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए।

श्याम किशोर गुप्ता ने कहा, "लाइसेंस केवल कागज पर नहीं, वेंडर को जमीन पर भी जगह मिलनी चाहिए।"

# जैन मुनि सूर्या सागर महाराज के समर्थन में सिख-हिंदू-जैन प्रतिनिधियों का मेरठ में विरोध प्रदर्शन का ऐलान

## भगत सिंह दोआबी बोले - संतों के सम्मान पर आघात स्वीकार नहीं, प्रशासन से प्रेस कॉन्फ्रेंस की अनुमति पर जवाब मांगा जाएगा

**समाज जागरण**
**रिपोर्ट: रवींद्र आर्य**

मेरठ/गाज़ियाबादः पंजाब के सामाजिक कार्यकर्ता भगत सिंह दोआबी (विक्रमजीत सिंह) ने अपने सिख साथियों के साथ गुजरात के जैन मुनि सूर्या सागर महाराज के समर्थन में मेरठ में विरोध दर्ज कराने की घोषणा की है। उनका कहना है कि 24 जुलाई 2026 को मेरठ में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कुछ लोगों द्वारा सूर्या सागर महाराज के संबंध में गंभीर आरोप लगाए गए तथा उनके पोस्टर प्रदर्शित कर सार्वजनिक रूप से आलोचना की गई, जिससे उनके समर्थकों में नाराजगी है।

भगत सिंह दोआबी ने कहा कि उनका प्रतिनिधिमंडल मेरठ प्रशासन से यह जानना चाहेगा कि उक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की अनुमति किन आधारों पर दी गई तथा क्या उसमें लगाए गए आरोपों के तथ्यों का सत्यापन किया गया था। उनका कहना है कि किसी



भी सनातनी धर्मगुरु, संत या महात्मा के विरुद्ध सार्वजनिक मंच से आरोप लगाने के मामलों में प्रशासन को निष्पक्षता, संवेदनशीलता और कानून के अनुरूप कार्य करना चाहिए। उनका यह भी कहना है कि यदि किसी राजनीतिक उद्देश्य से सनातन संतों और गुरुओं का अपमान किया जाता है, तो वह धार्मिक आस्थाओं को ठेस पहुंचाने वाला विषय है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

इस अभियान को डॉ. सीताराम रमन, गुजरात गौरक्षा संघ (हालोल, गुजरात) के प्रमुख हितेश देवड़ा, लक्ष्मण बालयोगी सहित नोएडा से यति महादेवा नन्द गिरी महाराज से अनेक सनातन संतों, साधु-संतों, साध्वियों तथा हिंदू समाज के प्रतिनिधियों का समर्थन प्राप्त होने का दावा किया गया है। समर्थकों का कहना है कि उनका उद्देश्य किसी प्रकार का टकराव उत्पन्न करना नहीं, बल्कि संतों के सम्मान, धार्मिक आस्था तथा सामाजिक सद्भाव के पक्ष में प्रशासन के समक्ष अपना पक्ष रखना है।

भगत सिंह दोआबी के अनुसार, सिख, हिंदू और जैन समाज के प्रतिनिधि संयुक्त रूप से मेरठ प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे। उनका कहना है कि यदि किसी व्यक्ति या संगठन द्वारा लगाए गए आरोपों के समर्थन में पर्याप्त साक्ष्य नहीं हैं, तो मामले की निष्पक्ष जांच कर कानून के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। उनका मानना है कि बिना पुष्टि के लगाए गए आरोप समाज में भ्रम और तनाव की स्थिति उत्पन्न कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि सिख, हिंदू और जैन समाज के बीच वर्षों से भाईचारे, आपसी सम्मान और सामाजिक समरसता की परंपरा रही है तथा इसी भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से यह प्रतिनिधिमंडल कानून के दायरे में रहकर अपना विरोध दर्ज कराएगा।

इस बीच, समर्थकों के अनुसार जैन मुनि सूर्या सागर महाराज ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि उनके लिए धर्म से पहले राष्ट्र सर्वोपरि है और देश की सेवा ही उनका प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहाः

"मैं धर्म से पहले अपने देश को मानता हूँ और इसी देश की सेवा मेरे लिए सर्वोपरि है।"

उन्होंने यह भी दावा किया कि लगभग तीन वर्ष पूर्व उन्हें आतंकी संगठन अल-कायदा की ओर से आधिकारिक धमकी मिली थी, जिस्के संबंध में भारत के गृह मंत्रालय (Ministry of Home Affairs) द्वारा भी जवाब दिया गया था।

सूर्या सागर महाराज ने मुंबई के इवान रेगो (Ivan Rego) का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्रप्रेम किसी एक धर्म तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहाः "यह हैं इवान रेगो साहब, मुंबई से। ईसाई होने के बावजूद एक कट्टर हिंदुस्तानी हैं, जिनके लिए राष्ट्र सबसे पहले है। मेरा मानना है कि जो देश से प्रेम करेगा, वही मेरा अपना है।"

राजनीतिक आलोचनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहाः "कुछ राजनीतिक दलों के लोग मेरे खिलाफ चाहे जितनी बयानबाजी करें, मैं लोकतांत्रिक तरीके से अपने विचार रखता रहूँगा। राजनीति में अनुभव और जनता का विश्वास ही सबसे बड़ा जवाब होता है। समय आने पर मेरा जवाब तथ्यों, काम और जनसमर्थन से मिलेगा, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा।"

# सेक्टर-71 में नोएडा प्राधिकरण का अतिक्रमण विरोधी अभियान, सार्वजनिक मार्गों से हटाए अवैध कब्जे

नोएडा। सार्वजनिक मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने कार्रवाई की है। 4 अगस्त 2026 को नोएडा प्राधिकरण के सिविल विभाग की ओर से सेक्टर-71 में अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया।

प्राधिकरण के अनुसार, अभियान के दौरान सार्वजनिक मार्गों पर किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया। कार्रवाई का उद्देश्य सड़कों पर यातायात के सुचारु संचालन और आवागमन को बाधारहित बनाना रहा।

**सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण हटाया**

नोएडा प्राधिकरण ने बताया कि सेक्टर-71 में अभियान के दौरान सड़क और सार्वजनिक आवागमन के लिए निर्धारित स्थानों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। कार्रवाई के जरिए मार्गों को अधिक व्यवस्थित बनाने का प्रयास किया गया।

**यातायात व्यवस्था सुधारने पर जोर**

प्राधिकरण के मुताबिक, सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण के कारण वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को आवागमन में परेशानी होती है। ऐसे में अतिक्रमण हटाकर यातायात को सुचारु बनाने और क्षेत्र में व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई।

# टीएमयू के विद्यार्थी वैश्विक अवसरों के अनुरूप खुद को करें विकसित : बिमल सिकदार

**नेतृत्व, नवाचार, कौशल विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व के समन्वय से ही युवा निभा सकेंगे राष्ट्र निर्माण में प्रभावी भूमिका**

समाज जागरण संवाददाता

मुरादाबाद। 04 अगस्त 2026: तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू), मुरादाबाद में 'एम्पॉवरिंग यंग माइंड्स : लर्निंग, लीडरशिप एंड नेशन बिल्डिंग' विषय पर आयोजित लीडरशिप टॉक सीरीज के 20वें सत्र में केंद्र सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के पूर्व वरिष्ठ निदेशक बिमल कुमार सिकदार ने विद्यार्थियों को वैश्विक अवसरों के अनुरूप स्वयं को निरंतर विकसित करने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता पर्याप्त नहीं है। युवाओं को नेतृत्व क्षमता, नवाचार, कौशल विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व का समन्वय करना होगा। यही उन्हें राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान देने योग्य बनाएगा।

**नई तकनीक अपनाने और आजीवन सीखते रहने पर जोर**



मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों से कहा कि वैश्विक स्तर पर तेजी से बदलते अवसरों को देखते हुए उन्हें नई तकनीकों को अपनाने और आजीवन सीखते रहने की प्रवृत्ति विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सशक्त भारत का निर्माण सशक्त, कुशल और दूरदर्शी युवाओं के माध्यम से ही संभव है।

उन्होंने विद्यार्थियों में सकारात्मक नेतृत्व, नवाचार और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को और मजबूत करने पर जोर दिया।

**दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ**

कार्यक्रम का शुभारंभ ऑडिटोरियम में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता का बुके भेंट कर एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में उन्हें स्मृति चिह्न और पोट्रेट भेंट कर सम्मानित किया गया। टॉक सीरीज के दौरान आयोजित प्रश्नोत्तरी सत्र में विद्यार्थियों ने नेतृत्व, कौशल विकास और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर मुख्य वक्ता से सवाल पूछे। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों का जवाब देते हुए व्यावहारिक अनुभव और सुझाव साझा किए।




**विभिन्न संकायों के विद्यार्थी रहे मौजूद**

कार्यक्रम में फामेर्सी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आशु मित्तल सहित फामेर्सी कॉलेज, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन, कॉलेज ऑफ नर्सिंग, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग और कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

निदेशक छात्र कल्याण प्रो. एमपी सिंह ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समन्वय सहायक निदेशक अकादमिक डॉ. नेहा आनंद ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# क्षमा सिंह के अथक प्रयासों से दिव्यांग युवती मंजू साहू का वर्षों पुराना सपना हुआ साकार

**व्हीलचेयर मिलने से मंजू के जीवन में जगी नई उम्मीद, आत्मनिर्भरता की राह हुई आसान**

समाज जागरण

बिलासपुर, छत्तीसगढ़। समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय आरोहण समाज सेवी संस्था की अध्यक्ष क्षमा सिंह के अथक प्रयासों से मंगला चौक, बिलासपुर निवासी 22 वर्षीय दिव्यांग युवती मंजू साहू का वर्षों पुराना सपना साकार हो गया। समाजसेवी अनिल टाह द्वारा मंजू को व्हीलचेयर प्रदान की गई, जिससे उनके दैनिक जीवन और कार्य में नई सुविधा एवं आत्मविश्वास का संचार हुआ।

व्हीलचेयर प्राप्त करने के बाद भावुक हुई मंजू साहू ने कहा, "मेरा बरसों का सपना आज क्षमा जी के अथक प्रयासों से पूरा हुआ है। मैं समाजसेवी अनिल टाह जी का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने मेरी आवश्यकता को समझते हुए मुझे यह व्हीलचेयर उपलब्ध कराई।" मंजू साहू वर्तमान में घर पर



रहकर सिलाई का कार्य करती हैं। इस कार्य में भी उन्हें क्षमा सिंह का निरंतर सहयोग मिल रहा है। क्षमा सिंह न केवल उन्हें सिलाई कार्य के लिए प्रेरित करती हैं, बल्कि उनके द्वारा तैयार किए गए उत्पादों के विपणन में भी सहयोग कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का सतत प्रयास कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि क्षमा सिंह, आरोहण समाज सेवी संस्था की अध्यक्ष होने के साथ-साथ दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित थेरेपी सेंटर से भी जुड़ी हुई हैं। वे लंबे समय से दिव्यांग बच्चों, महिलाओं एवं जरूरतमंदों के पुनर्वास, उपचार, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सम्मान के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही हैं। उनका मानना है कि छोटे-छोटे प्रयास भी किसी के जीवन में बड़ा सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।

इस अवसर पर क्षमा सिंह ने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील होकर आगे आना चाहिए। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग करे, तो अनेक दिव्यांगजन सम्मानपूर्वक एवं आत्मनिर्भर जीवन जी सकते हैं।

समाजसेवी अनिल टाह का यह सहयोग और क्षमा सिंह के सतत प्रयास इस बात का प्रेरक उदाहरण हैं कि संवेदनशीलता, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी से किसी के जीवन में नई उम्मीद और खुशियाँ लाई जा सकती हैं।